* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

21 जुलाई, 2023
सावन, शुक्ल पक्ष, चतुर्थी
संवत 2080
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

रांची
शुक्रवार, वर्ष 08, अंक 271

कलम कलम बढ़ाये जा

आजाद सिपाही

राजस्थान में शव रख कर प्रदर्शन पर 5 साल तक जेल, परिजन ने डेड बॉडी नहीं ली, तो भी एक साल की सजा

मणिपुर के वायरल वीडियो ने देश को हिला दिया

मणिपुर में महिलाओं को निर्वस्त्र कर घुमाने वाला वायरल वीडियो ने पूरे देश को हिला कर रख दिया है। किसी को अपनी आंखों पर भरोसा नहीं हो रहा। आरोपियों को फांसी की सजा देने की मांग की जा रही है। सबसे आश्चर्य की बात है कि घटना के 48 दिन बाद एफआइआर और 77 दिन बाद गिरफ्तारी हुई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को मणिपुर मामले पर टिप्पणी की, तो कांग्रेस ने निशाना साधा। इस मुद्दे को लेकर लोकसभा और राज्यसभा में मानसून सत्र के पहले दिन हंगामा हुआ और कार्यवाही शुक्रवार तक के लिए स्थगित कर दी गयी। उधर, कोर्ट ने मामले पर नाराजगी जाहिर करते हुए सख्त टिप्पणी की है।

मैं क्रोध से जल रहा : मोदी

140 करोड़ देशवासी शर्मसार हुए

आजाद सिपाही संवाददाता

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मे संसद का सत्र शुरू होने से पहले अपना वक्तव्य रखा। इसमें उन्होंने मणिपुर मामले का भी जिक्र किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि मैं इस लोकतंत्र के मंदिर के पास खड़ा हूं, तब मेरा हृदय पीड़ा से भरा हुआ है। क्रोध से भरा हुआ है। मणिपुर की जो घटना सामने आयी है, किसी भी सभ्य समाज के लिए ये शर्मसार करनेवाली घटना है। पाप करनेवाले, गुनाह करनेवाले कितने हैं, कौन हैं, वह अपनी जगह पर है, लेकिन बेइज्जती पूरे देश की हो रही है। इससे 140 करोड़ देशवासियों को

शर्मसार होना पड़ रहा है। मैं सभी मुख्यमंत्रियों से आग्रह करता हूं कि वे अपने राज्य में कानून व्यवस्थाओं को और मजबूत करें। खासकर हमारी माताओं और बहनों की रक्षा के लिए कठोर से कठोर कदम उठायें। घटना चाहे राजस्थान की हो, घटना चाहे छत्तीसगढ़ की हो, घटना चाहे मणिपुर की हो। इस देश में हिंदुस्तान के किसी भी कोने में, किसी की भी राज्य सरकार में राजनीतिक वाद-विवाद से ऊपर उठ कर के कानून व्यवस्था का महात्म्य, नारी का सम्मान जरूरी है। उन्होंने कहा कि मैं देशवासियों को विश्वास दिलाना चाहता हूं कि किसी भी गुनहगार को बख्शा नहीं जायेगा। कानून अपनी पूरी शक्ति से, पूरी सख्ती से एक के बाद एक कदम उठायेगा। मणिपुर की बेटियों के साथ जो हुआ है, इसको कभी माफ नहीं किया जा सकता है।

48 दिन बाद एफआइआर 77 दिन बाद हुई गिरफ्तारी

मणिपुर। मणिपुर की घटना 4 मई को हुई, जबकि इसकी एफआइआर करीब डेढ़ महीने बाद 21 जून को दर्ज हुई। वहीं गुरुवार सुबह मामले में पहला आरोपी गिरफ्तार हुआ है। एक ओर जहां इस घटना की देशभर में निंदा की जा रही है, वहीं अब इसको लेकर कई सवाल भी खड़े हो रहे हैं। यह घटना राजधानी इंफाल से लगभग 35 किलोमीटर दूर कांगपोकपी जिले के गांव बी. फीनोम में हुई। पुलिस बल से महिलाओं को छीना गया। भीड़ के सामने निर्वस्त्र कर दिया गया। घटना से जुड़े वीडियो में साफ देखा जा सकता है कि पुरुष असहाय महिलाओं के साथ लगातार छेड़छाड़ कर रहे हैं। एक 21 साल की लड़की का दिनदहाड़े बेरहमी से सामूहिक दुष्कर्म किया गया। जब 19 वर्षीय छोटे भाई अपनी बहन को बचाने आया, तो भीड़ ने उसकी हत्या कर दी।

सुप्रीम कोर्ट ने लिया स्वत: संज्ञान

सरकार सख्त कदम उठाये, नहीं तो हम उठायेंगे : चीफ जस्टिस

आजाद सिपाही संवाददाता

नयी दिल्ली। मणिपुर में दो महिलाओं को नग्न कर घुमाने के मामले का सुप्रीम कोर्ट ने भी संज्ञान लिया है। चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ ने कहा है कि मणिपुर में महिलाओं के साथ जो हुआ, वह पूरा तरह अस्वीकार्य है। सरकार इस पर तुरंत कार्रवाई करे। कोर्ट ने कहा कि अगर सरकार इस पर कार्रवाई नहीं करती है तो हम करेंगे। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि सांप्रदायिक टकराव के क्षेत्र में महिलाओं को किसी चीज की तरह इस्तेमाल करना संविधान का उल्लंघन है। उन्होंने कहा कि

घटना का जो वीडियो वायरल हो रहा है, वह काफी परेशान करने वाला है। सीजेआइ चंद्रचूड़, जस्टिस पीएस नरसिम्हा और जस्टिस मनोज मिश्रा की बेंच ने कहा कि हम सरकार को थोड़ा समय दे रहे हैं। अगर आगे जमीन पर कुछ नहीं होता है, तो हम खुद कार्रवाई करेंगे।

सदन की कार्यवाही शुरू होते ही विपक्ष का हंगामा

नयी दिल्ली (आजाद सिपाही)। मणिपुर हिंसा को लेकर मानसून सत्र के पहले दिन लोकसभा और राज्यसभा में सदन की कार्यवाही शुरू होते ही विपक्ष ने हंगामा किया। लोकसभा में विपक्षी सदस्यों के हंगामे के कारण सदन की कार्यवाही पूरे दिन भर के लिए स्थगित कर दी गयी। वहीं, मणिपुर हिंसा पर नियम 267 के तहत चर्चा कराने की मांग को लेकर विपक्षी दलों के हंगामे के बाद राज्यसभा की कार्यवाही दो बार के स्थगन के बाद पूरे दिन के लिए स्थगित कर दी गयी।

मैं खुश हूं कि पीएम ने चुप्पी तो तोड़ी : शशि थरूर

उधर कांग्रेस नेता शशि थरूर ने कहा कि हम खुश हैं कि आखिरकार पीएम नरेंद्र मोदी ने मणिपुर हिंसा पर अपनी चुप्पी तो तोड़ी।

न्यूज रील्स

मोदी ने सोनिया से तबीयत का हाल पूछा

नयी दिल्ली। सोनिया गांधी और राहुल गांधी की चार्टर्ड फ्लाइट की भोपाल में इमरजेंसी लैंडिंग के बाद गुरुवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोनिया गांधी से उनकी तबीयत का हाल लिया। सोनिया ने पीएम को बताया कि उसकी सेहत ठीक है। दरअसल, मंगलवार शाम को बेंगलुरु से दिल्ली जाते समय सोनिया-राहुल के चार्टर्ड प्लेन में ऑक्सीजन की कमी हुई थी। करीब डेढ़ घंटे भोपाल एयरपोर्ट पर रुकने के बाद दोनों रात 9.35 बजे इंडिगो की फ्लाइट से दिल्ली के लिए रवाना हुए।

कश्मीर के तीन जिलों में एनआइए की रेड

नयी दिल्ली। एनआइए ने गुरुवार को जम्मू-कश्मीर के बारामूला, पुलवामा और शोपियां में कई लोकेशन पर रेड डाली। ये रेड आतंक से जुड़े मामले में की गयी है। रेड में एनआइए अधिकारियों के साथ जम्मू-कश्मीर पुलिस और सीआरपीएफ के जवान भी शामिल थे।

लालू के बेटे तेज प्रताप यादव की तबीयत बिगड़ी

पटना। लालू यादव के बड़े बेटे और बिहार के मंत्री तेज प्रताप यादव की तबीयत अचानक बिगड़ गयी। उन्हें सीने में तेज दर्द की शिकायत के बाद पटना के एक निजी अस्पताल में भर्ती करवाया गया। वह आइसीयू में डॉक्टरों की देखरेख में हैं।

बृजभूषण को शर्तों के साथ रेगुलर बेल मिली

पानीपत। दिल्ली की राऊज एवेन्यू कोर्ट ने भारतीय कुश्ती संघ के पूर्व अध्यक्ष सह भाजपा सांसद बृजभूषण शरण सिंह और महासंघ के सहायक सचिव विनोद तोमर सिंह को भी नियमित जमानत दे दी। कोर्ट ने दोनों को 25-25 हजार रुपये के निजी मुचलके पर जमानत दी है। कागजातों की जांच के लिए सुनवाई की अगली तारीख 28 जुलाई तय की गयी है। कोर्ट ने बृजभूषण को जमानत देते हुए कई शर्तें लगायीं।

चंद्रयान-3 के बाद सूर्य के पास पहुंचने की तैयारी

नयी दिल्ली। इसरो देश के पहले सूर्य मिशन आदित्य एल-1 की लांचिंग के लिए तैयार है। सब कुछ ठीक रहा तो 23 अगस्त को चंद्रयान-3 की लैंडिंग के बाद या सितंबर के शुरूआती दिनों में इसे स्पेस में भेजा जा सकता है।

मुख्यमंत्री ने स्वास्थ्य की समीक्षा की, दिये कई दिशा-निर्देश

सभी प्रमंडल में 24x7 हेल्थ केयर सर्विसेज शुरू करें : हेमंत सोरेन

- पलामू और हजारीबाग मेडिकल कॉलेज और रिम्स में छात्रावास का निर्माण कर रही कंस्ट्रक्शन कंपनी को टर्मिनेट किया जायेगा

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा है कि राज्य में स्ट्रांग हेल्थ सर्किट बनाने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है। यहां के अस्पतालों में जांच और इलाज की बेहतर और आधुनिक सुविधाएं सुनिश्चित की जायें। उन्होंने कहा कि सभी प्रमंडल के सदर अस्पतालों में इलाज और जांच की अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त 24-7 हेल्थ केयर सर्विसेज शुरू करें। इसकी शुरूआत दुमका से होगी। 300 बिस्तर की क्षमता वाले इस अस्पताल में विशेषज्ञ चिकित्सकों के साथ जांच-इलाज के सभी अत्याधुनिक संसाधन होंगे। यहां सभी चिकित्सकों और पारा मेडिकल कर्मियों की शिफ्ट में ड्यूटी लगायी जाये, ताकि मरीजों को किसी तरह की परेशानी नहीं हो। मुख्यमंत्री गुरुवार को स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा के क्रम में बोल रहे थे। बैठक में स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता, मुख्य सचिव सुखदेव सिंह, स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव अरुण कुमार सिंह,

मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव वंदना दादेल समेत अन्य अधिकारी मौजूद थे।

आयुष्मान भारत के मरीजों के इलाज में लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी : मुख्यमंत्री ने कहा कि आयुष्मान भारत के तहत मरीजों के इलाज में अस्पतालों द्वारा कोताही बरतने की बात लगातार सामने आ रही है। यह कदापि उचित नहीं है। उन्होंने कहा कि आयुष्मान भारत के तहत अस्पतालों की लंबित राशि का भुगतान जल्द से जल्द सुनिश्चित करें, ताकि मरीजों के इलाज में अस्पताल कोताही नहीं बरतें। उन्होंने यह भी कहा कि मुख्यमंत्री गंभीर बीमारी योजना के तहत इलाज की पात्रता के लिए आयुष्मान कार्ड और राशन कार्ड अगर किसी के पास नहीं है, तो 8 लाख रुपये से कम वार्षिक आय वालों को भी इस श्रेणी में शामिल किया जाये।

निर्माण कार्य में अब और विलंब बर्दाश्त नहीं : मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के मेडिकल कॉलेजों में कई वर्षों से निर्माण कार्य चल रहा है। इसमें पहले ही से काफी विलंब हो चुका है। अब विलंब बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। जो डेडलाइन तय की गयी हैं, उसके अंदर सभी निर्माण पूरे हो जाने चाहिए। उन्होंने पलामू और हजारीबाग मेडिकल कॉलेज तथा रिम्स में छात्रावास का निर्माण करा रही कंस्ट्रक्शन कंपनी को टर्मिनेट करने का भी निर्देश दिया।

एंबुलेंस का परिचालन सुनिश्चित हो : मुख्यमंत्री ने कहा कि हाल ही में 206 एंबुलेंस सेवा का शुभारंभ किया गया था। कुछ कारणों से कई एंबुलेंस के नहीं चलने की बात सामने आ रही है। उन्होंने कहा कि सभी 206 एंबुलेंस का नियमित और सुचारू परिचालन अविलंब सुनिश्चित करें। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि बारिश के शुरू होते ही सर्पदंश के कई मामले सामने आ रहे हैं। मैंने पहले ही सभी अस्पतालों में सर्प दंश के मरीजों के इलाज और दवा की पुख्ता व्यवस्था करने का निर्देश दिया था। फिर भी अब तक 45 से ज्यादा सर्पदंश से मौत की बातें सामने आ चुकी हैं। यह चिंताजनक है। उन्होंने विभाग को कहा कि जहां सर्प दंश से मौतें हुई हैं, वहां के संबंधित चिकित्सकों को शो-कॉज जारी किया जाये।

चिकित्सकों की नियुक्ति में तेजी लाने का निर्देश

हेमंत सोरेन ने कहा कि राज्यवासियों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिले, इसके लिए चिकित्सकों और अन्य पारा मेडिकल कर्मियों की नियुक्ति में तेजी लायें। उन्होंने यह भी कहा कि आवश्यकतानुसार अनुबंध पर भी चिकित्सकों को नियुक्त करें, ताकि किसी भी परिस्थिति में स्वास्थ्य व्यवस्था प्रभावित नहीं हो। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार की पंचायत स्तर दवा दुकान की योजना के तहत जल्द से जल्द और ज्यादा से ज्यादा पंचायतों में दवा दुकान खोलने की प्रक्रिया तेज हो। उन्होंने कहा कि जो भी पारा मेडिकल में प्रशिक्षित हैं, उन्हें भी इस योजना संचालन से जोड़ने की पहल करें।

जेल भेजा गया लोहरदगा से गिरफ्तार आइएसआइएस आतंकी

एनआइए कोर्ट में पेश किया गया फैजान अंसारी को अदालत ने न्यायिक हिरासत में भेजने का दिया आदेश

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची/लोहरदगा। लोहरदगा से गिरफ्तार किये गये आइएसआइएस के आतंकी फैजान अंसारी को एनआइए कोर्ट ने न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है। उसे गुरुवार को एनआइए कोर्ट में पेश किया गया। बता दें कि फैजान अंसारी को बुधवार को गिरफ्तार किया गया है। वह डार्क नेट के माध्यम से देश-विदेश के आइएसआइएस एजेंटों के संपर्क में था। एनआइए ने उसके पास से कई डिजिटल साक्ष्य जब्त किये हैं, जिससे उसके आइएसआइएस से संपर्क में होने की पुख्ता जानकारी मिली है। फैजान लोहरदगा में पिछले दो महीनों से रह रहा था और अपने घर से ही इस्लामिक जिहाद को लेकर सक्रिय था। एनआइए की टीम उस पर पिछले एक सप्ताह से नजर रख रही थी। आइएसआइएस के स्लीपर सेल होने की पुख्ता जानकारी हासिल करने के बाद ही उसे गिरफ्तार किया गया। उसके पिता फिरोज अंसारी बीएसएनएल में कांट्रैक्ट कर्मचारी हैं। फैजान मूल रूप से बिहार का रहनेवाला है। जानकारी के अनुसार फैजान दो साल पहले लोहरदगा से अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी पढ़ने गया था। पढ़ाई के दौरान ही वह आइएसआइएस के संपर्क में आया था। इसकी जानकारी खुद फैजान अंसारी ने दी। एनआइए की टीम ने फैजान अंसारी के लैपटॉप की तलाशी ली, तो उसमें से कई आपत्तिजनक दस्तावेज बरामद किये गये।

नक्सलियों ने पांच ग्रामीणों को पीटा, एक की मौत

नक्सलियों ने मुखबिरी के आरोप में डंडे से की पिटाई

आजाद सिपाही संवाददाता

महुआटाड़। लातेहार जिले में एक बार फिर नक्सलियों ने बड़ी घटना को अंजाम दिया है। जिले के नेतरहाट थाना क्षेत्र की दुरूप पंचायत के पुरानडीह और दौना गांव के पांच ग्रामीणों को पुलिस मुखबिरी का आरोप लगा कर भाकपा माओवादी के नक्सलियों ने जम कर लाठी-डंडे से पिटाई की। नक्सलियों की पिटाई से दौना गांव के रहनेवाले देव कुमार प्रजापति की मौत हो गयी। नक्सलियों ने देव कुमार प्रजापति को करीब डेढ़ घंटे तक जम कर पिटाई की थी। इसके बाद उसे अधमरा छोड़ चले गये। परिजन देव कुमार प्रजापति को जैसे ही घर लाये उनकी मौत हो गयी। घटना की जिम्मेवारी कोयल शंख जोन ने स्कूल की दीवार पर लिख कर ली है।

ग्रामीणों ने बताया कि नक्सली सबसे पहले पुरानडीह गांव पहुंचे थे। यहां पति बृजिया और बबलू अंसारी के साथ लाठी डंडे से मारपीट की। इसके बाद दौना गांव पहुंच कर मनराज प्रजापति, भूषण मुंडा के साथ मारपीट की। दोनों को मारपीट करने के बाद उसी गांव के देव कुमार प्रजापति के साथ जम कर लाठी डंडे से मारपीट की, जिससे उनकी मौत हो गयी। घटना के बाद से पूरा गांव दहशत में है। मिली जानकारी के अनुसार बुधवार रात हथियारबंद नक्सली दौना गांव पहुंचे। नक्सली कुछ ग्रामीणों को ढूंढ़ रहे थे। इस दौरान नक्सलियों ने दो गांव के पांच लोगों को पकड़ कर जम कर पिटाई कर दी। ग्रामीणों की मानें तो दो दिन पूर्व नक्सली गांव में आये थे और कुछ ग्रामीणों को ढूंढ़ रहे थे। हालांकि उस समय ग्रामीण नक्सली के हाथ नहीं आये, जिस कारण नक्सली गांव से वापस लौट गये थे। बुधवार देर रात नक्सली एक बार फिर गांव में आ धमके और पांचों ग्रामीणों को पकड़ कर जम कर पिटाई कर दी। इस घटना के बाद पूरे गांव तथा आसपास के इलाके में दहशत का माहौल बना हुआ है।

चतरा में माओवादियों ने जेसीबी को किया आग के हवाले

चतरा (आजाद सिपाही)। चतरा में एक बार फिर नक्सलियों के हथियारबंद दस्ते ने उपस्थिति दर्ज कराते हुए जेसीबी को आग के हवाले कर दिया। लावालौंग प्रखंड स्थित टूनगुण गांव में देर रात घटना को अंजाम दिया गया है। जिस जेसीबी में माओवादियों ने आग लगायी है, वह टूनगुण गांव के संवेदक शंकर साव की हैं। जानकारी के अनुसार हथियारबंद दस्ते में शामिल लोगों ने जेसीबी जला कर लौटते समय ग्रामीणों को अपने आप को भाकपा माओवादी बताया है।

सर्राफा

सोना (बिक्री)	56,400 रु./10 ग्राम
चांदी	76,000 रु./प्रति किलो

आजाद सिपाही
रांची, शुक्रवार, 21 जुलाई, 2023
www.azadsipahi.in

अब चिंताजनक ही नहीं, शर्मनाक हो गये हैं मणिपुर के हालात

■ अभी नहीं चेते, तो खतरे में पड़ जायेगी देश की एकता और अखंडता

■ चिंता जताने से नहीं होगा, अब जमीन पर उतर कर करना होगा काम

■ पूरे देश को उठानी होगी वहां की स्थिति सामान्य करने की जिम्मेवारी

पूर्वोत्तर राज्य मणिपुर हिंसा की आग में जल रहा है। 3 मई से शुरू हुई जातीय हिंसा में डेढ़ सौ से अधिक लोग मारे जा चुके हैं, आगजनी की चार हजार से अधिक घटनाएं हुई हैं और 60 हजार लोग पलायन कर चुके हैं। इधर गुरुवार को वहां का एक वीडियो वायरल हुआ है, जो शर्मनाक ही नहीं, भयावह है। करीब 30 लाख की आबादी वाला यह छोटा सा खूबसूरत प्रदेश जातीय और धार्मिक हिंसा की आग में इस तरह जल रहा है, इसकी कल्पना नहीं की गयी थी। इस वीडियो के सामने आने के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से लेकर सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश और समाज का लगभग हर तबका स्तब्ध है, गुस्से में है। हर कोई मणिपुर के इस शर्मसार करनेवाले वीडियो में दिख रहे दोषियों के लिए मौत की सजा की मांग कर रहा है। लेकिन इस वक्त सबसे जरूरी है इस मुद्दे को राजनीति से दूर रखना। हर किसी को समझना होगा कि मणिपुर की स्थिति को सामान्य करना पूरे देश की जिम्मेदारी है। यह वीडियो ढाई महीने पुराना है, लेकिन इसमें दिख रहे दोषी अब तक छुट्टा घूम रहे हैं। इस बात में कोई संदेह नहीं कि इस शर्मनाक कृत्य के दोषी लोग कम से कम इंसान कहलाने के काबिल नहीं हैं, वे भारतीय तो नहीं ही हैं। इसलिए इनके खिलाफ अब तत्काल कार्रवाई होनी चाहिए। कानून भी है कि यदि कोई जानवर हिंसक हो जाता है, तो उसे गोली मार दी जाती है। मणिपुर के दरिंदों के साथ भी यही किया जाना चाहिए। मणिपुर की इस भयावह घटना का विश्लेषण कर रहे हैं आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।

आजाद सिपाही विशेष

राकेश सिंह

मणिपुर में मैतई-कुकी की हिंसक लड़ाई के बीच दो महिलाओं की यौन प्रताड़ना के वीडियो ने पूरे देश में भूचाल ला दिया है। वीडियो वायरल होने के बाद मणिपुर में तनाव का माहौल है। यह वीडियो 4 मई का बताया जा रहा है, जिसमें हथियारबंद भीड़ एक महिला को निर्वस्त्र कर अपने कब्जे में लेकर जा रही है। भीड़ में शामिल लोग महिला के निजी अंगों से छेड़छाड़ कर रहे हैं और महिला रहम की भीख मांग रही है। मणिपुर में 3 मई से जारी हिंसा में अब तक डेढ़ सौ से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि 50 हजार से ज्यादा लोग घायल हैं। हिंसा रोकने के लिए केंद्र और राज्य सरकार की ओर से अब तक कई प्रयास किये गये, लेकिन वहां के बिगड़े हालात ने सब पर पानी फेर दिया है। सेना की तैनाती और देखते ही गोली मारने के आदेश के बावजूद मणिपुर में हो रही हिंसा ने शासन-प्रशासन पर प्रश्नचिह्न लगा दिया है।

आदिवासी संगठन टिपरा मोथा के प्रमुख प्रद्युत देव बर्मन का कहना है कि मणिपुर में पुलिस-प्रशासन पर से लोगों का भरोसा खत्म हो गया है। प्रशासन की शह पर ही सारे कुकृत्य हो रहे हैं। विपक्ष हालात कंट्रोल नहीं कर पाने के लिए केंद्र को भी जिम्मेदार ठहरा रहा है। उसने मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह को हटाने की मांग की है। विपक्ष की मांग मणिपुर में राष्ट्रपति शासन लगाने की भी है। इधर आदिवासी संगठनों का कहना है कि राजधानी इंफाल में प्रदर्शन कर महिलाओं और बच्चों पर हुए अत्याचार के कई और सबूत पेश किये जायेंगे। सबूत, कार्रवाई, हिंसा के बीच बड़ा सवाल है कि मणिपुर में स्थिति नियंत्रण में क्यों नहीं आ रही है।

मणिपुर हिंसा पर सुप्रीम कोर्ट सख्त, सरकार को दी हिदायत

मणिपुर हिंसा और उसके बाद सामने आये वीडियो पर सुप्रीम कोर्ट ने सख्त टिप्पणी की है। चीफ जस्टिस डीवाइ चंद्रचूड़ ने कहा कि यह संवैधानिक अपमान है। अगर सरकार मणिपुर हिंसा के इस मामले में ठोस कार्रवाई करने से विफल रहती है, तो हम हस्तक्षेप करेंगे। चंद्रचूड़ ने कहा कि हिंसा के वक्त महिलाओं को साधन बनाना अस्वीकार्य है। हम केंद्र और राज्य को नोटिस जारी कर रहे हैं कि इस मामले में अपना जवाब दाखिल करे।

पीएम मोदी ने भी भर्त्सना की

मणिपुर वीडियो पर प्रधानमंत्री ने भी गहरा दुख और गुस्सा व्यक्त किया है। संसद के बाहर प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि यह घटना देश को शर्मसार करनेवाली है। 140 करोड़ लोगों का अपमान हुआ है। जो भी मामले में दोषी होंगे, वे बख्शे नहीं जायेंगे।

हालात पर काबू पाने के लिए अब तक क्या-क्या हुआ

मणिपुर में ढाई महीने से जारी हिंसा पर नियंत्रण के लिए अब तक कई कदम उठाये गये हैं। सेना के साथ-साथ केंद्रीय बलों की तैनाती के बावजूद स्थिति सुधर नहीं रही है। हिंसा शुरू होने के बाद सेना और केंद्रीय बलों के 40 हजार जवानों को मणिपुर के हिंसाग्रस्त इलाकों में तैनात किया गया है। हिंसा रोकने के लिए जगह-जगह पर चेक पोस्ट बनाये गये हैं। मणिपुर हिंसा पर रोक लगाने के लिए गृह मंत्री अमित शाह भी तीन बैठकें कर चुके हैं। 29 मई को शाह ने पहली बैठक राज्य के मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह के साथ की थी। इस बैठक में हालात पर काबू पाने के लिए राज्य सरकार से सख्त कदम उठाने के लिए कहा गया था। शाह ने दूसरी बैठक 24 जून को की थी। इसमें सभी दलों के नेताओं को बुलाया गया था और जरूरी कदम उठाये जाने का आश्वासन दिया गया था। शाह ने सर्वदलीय बैठक से पहले मणिपुर के मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह से पूरी स्थिति पर रिपोर्ट ली थी। तीसरी बैठक 26 जून को गृह मंत्री शाह ने प्रधानमंत्री के साथ की थी। इसमें शाह ने प्रधानमंत्री को पूरी रिपोर्ट सौंपी थी।

हिंसा रोकने के लिए राष्ट्रपति शासन विकल्प है

विपक्ष हिंसा रोकने के लिए राष्ट्रपति शासन लागू करने की मांग कर रहा है। विपक्ष का आरोप है कि राज्य सरकार हिंसा रोकने में पूरी तरह विफल हो गयी है। मणिपुर में बदतर हालात के लिए मुख्यमंत्री बीरेन सिंह जिम्मेदार हैं। विपक्ष का आरोप है कि राज्य सरकार हिंसा में अनभिज्ञ बन गयी है और उसकी प्रतिबद्धताओं में कमी है। अगर यह सही हो जाये, तो हिंसा आसानी से थम जायेगी।

क्या है हिंसा का कारण

मणिपुर इतना अशांत क्यों है, इसका कारण समझने के लिए इतना ही जानना काफी है कि इस अशांति की वजह इस इलाके में चल रहे धर्मांतरण के खेल और नशीली दवाओं के नेटवर्क के खिलाफ हाल के दिनों में शुरू किये गये अभियान हैं। राज्य में इसी साल की शुरुआत में विधानसभा के चुनाव हुए और एन बीरेन सिंह के नेतृत्व में भाजपा की सरकार बनी। इस सरकार ने राज्य में धर्मांतरण करा रहे धार्मिक संगठनों और नशीली दवाओं के कारोबार से जुड़े नेटवर्क पर करारा प्रहार करना शुरू किया। उसके बाद मई की शुरुआत से मणिपुर में जातीय संघर्ष शुरू हो गया। प्रत्यक्ष तौर पर मई के पहले सप्ताह में मैतई समुदाय को अनुसूचित जनजाति सूची में शामिल करने पर विचार करने के कदम के विरोध में जनजातीय कुकी समुदाय की एक रैली के बाद हिंसा फैली। 3 मई की यह रैली मणिपुर के सभी पहाड़ी जिलों में निकाली गयी थी। इसके बाद सुनियोजित ढंग से मणिपुर के व्यापक क्षेत्रों में हिंसा फैलती गयी। हिंसा प्रभावित मुख्य इलाके तोरबंग बांग्ला, चुराचांदपुर, कांगपोकपी और तेंगनौपाल हैं। इन जिलों के सभी मैतेई बसावट वाले क्षेत्रों, गांवों, पहाड़ी और घाटी जिलों के आसपास के क्षेत्रों में बड़े पैमाने पर हिंसा हुई।

लेकिन अब इस स्थिति पर काबू पाना जरूरी है, क्योंकि यह बीमारी कैंसर की तरह फैल रही है। इस भयावह वीडियो में दिख रहे दोषियों को अब जिंदा रहने का कोई हक नहीं है। इनके लिए जानवर शब्द भी कम है। राजनीतिक दलों को समझना होगा कि मणिपुर की समस्या केवल राजनीतिक नहीं, बल्कि सामाजिक है और उसे उसी तरह हल करना होगा। इसलिए सभी राजनीतिक दलों और सरकारों को एकजुट होकर इस बड़ी साजिश के खिलाफ खड़ा होना होगा, वरना देश की एकता और अखंडता को खतरा हो सकता है।

क्या करना चाहिए

वीडियो में मणिपुर की जो वीभत्स घटना वायरल हो रही है, वह कानून की नजर में रेयरेस्ट ऑफ रेयर है। रेयरेस्ट ऑफ रेयर की सजा सिर्फ और सिर्फ फांसी है। वीडियो में चेहरे भी साफ दिखाई पड़ रहे हैं। इस पर विशेष कदम उठाया जाना चाहिए। दोषियों को बीच चौराहे पर फांसी देनी चाहिए।

मणिपुर में सेना के जवान भी आखिर क्या कर रहे हैं। उनके हाथ में हथियार हैं। आखिर इन हथियारों का इस्तेमाल क्या सिर्फ उस समय होगा, जब उन पर आक्रमण होगा। जब खुलेआम उग्रवादी जनता का कत्ल कर रहे हैं, तो उन्हें गोली क्यों नहीं मारी जा रही है। मणिपुर पुलिस की पूरे देश में थू-थू हो रही है। वायरल वीडियो में जिन महिलाओं के साथ अत्याचार की बात सामने आ रही है, उन्हें भीड़ ने पुलिस के हाथ से ही छीना था। आखिर यह कैसी मणिपुर पुलिस है कि अपनी जान बचाने की खातिर पुलिस की शरण में आयी महिलाओं को उग्र भीड़ ने छीन लिया और पुलिस चुपचाप लौट गयी। डेढ़ माह बाद जीरो एफआइआर दर्ज करने का क्या मतलब। आखिर ऐसा कर पुलिस किसे बचा रही थी।

आपात स्थिति में ही सेना का इस्तेमाल हो रहा है। अगर राज्य सरकार से स्थिति नहीं संभल रही है, तो कुछ दिनों तक वहां राष्ट्रपति शासन लगा कर स्थिति पर नियंत्रण पाया जा सकता है। जब स्थिति सुधर जाये, तो वहां फिर से चुनी हुई सरकार को बैठाया जा सकता है। देश के तमाम राजनीतिक दलों को बयानबाजी बंद कर समाधान खोजना चाहिए। यह सिर्फ मणिपुर राज्य सरकार के लिए ही नहीं, केंद्र सरकार के लिए ही नहीं, देश के तमाम राजनीतिक दलों के लिए भी अशुभ संकेत है। आखिर मणिपुर में किस राजनीतिक दल के कार्यकर्ता नहीं हैं। वे कार्यकर्ता क्या सिर्फ वोट एकत्र करने के लिए तैयार किये जाते हैं या फिर उनका कुछ सामाजिक सरोकार भी है। अगर वे कार्यकर्ता सजग होते, देशहित में सोचने तो क्या अब स्थिति पर नियंत्रण नहीं पाया जा सकता था।

देश भर के नेता ऐसी कमरों में बयानबाजी नहीं कर संगठित होकर मणिपुर जायें। एक साथ जायें, एक मंच पर बैठें। एक साथ अपील करें। एक साथ चेतावनी दें। जब लोग रहेंगे तो राजनीति होगी, बयानबाजी भी होगी। अपने दल के लिए तो सभी जाते हैं, कम से कम एक बार मणिपुर की जनता के लिए तो देश के तमाम राजनीतिक दल आपसी मतभेद भुला कर मणिपुर जायें और उनके सुख-दुख में शामिल हों।

सीएम बतायें किस नियोजन नीति के तहत 26001 पदों पर होगी नियुक्तिः भानु प्रताप

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। झारखंड में सहायक आचार्य के लिए 26001 पदों पर नियुक्ति के लिए निकाली गयी वेकेंसी को लेकर भाजपा ने हेमंत सरकार को कटघरे में खड़ा किया है। भाजपा के भवनाथपुर विधायक भानु प्रताप शाही ने पार्टी के प्रदेश मुख्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कहा कि सरकार पहले यह बताये कि इतनी संख्या में होनेवाली बहाली किस नियोजन नीति के तहत होगी। राज्य के युवा मुख्यमंत्री से यह जानना चाहते हैं कि यह बहाली 1932, 1985 या फिर 60-40 वाली नीति पर होगी। अगर सरकार 60-40 वाली नीति के तहत परीक्षा ले रही है, तो वह बाहरियों के लिए द्वार खोल रही है।

बीएड पास 8 लाख अभ्यर्थी परीक्षा देने से हो जायेंगे वंचित : विधायक ने कहा कि बहाली के लिए निकाले गये विज्ञापन में कई त्रुटियां हैं। पहला तो यह स्पष्ट नहीं है कि किस नियोजन नीति से बहाली होगी, दूसरा यह कि ऐसी

शर्तें लगायी गयी हैं कि सिर्फ टेट पास अभ्यर्थी ही परीक्षा दे पायेंगे, ऐसे में बीएड और बीएलएड किये हुए राज्य के करीब 8 लाख अभ्यर्थी टेट पास नहीं होने के कारण परीक्षा से वंचित हो जायेंगे, यह बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने कहा कि सरकार ने बहालियों में भी तुष्टिकरण की पराकाष्ठा कर दी है। कुछ दिन पहले अल्पसंख्यक स्कूलों में टेट पास अभ्यर्थियों की सीधी बहाली हुई, लेकिन सामान्य स्कूलों में बहाली के लिए टेट पास अभ्यर्थियों को परीक्षा देनी होगी।

1932 हेमंत के लिए संकल्प नहीं सिर्फ मुद्दा है : भानु ने कहा कि मुख्यमंत्री इन दिनों कह रहे हैं कि 1932 हमारा था, है और रहेगा। मुख्यमंत्री के लिए संकल्प नहीं सिर्फ एक मुद्दा है। भाजपा ने अपने मुद्दों को संकल्प बनाया राम मंदिर निर्माण, धारा 370 हमारा मुद्दा और संकल्प दोनों था, जो हमने पूरा किया, लेकिन यह सरकार ठग है। स्थानीयता को परिभाषित नहीं कर-के युवाओं को ठग रही है। सरकार के मंत्री ठग हैं और मुख्यमंत्री ठगों के राजा हैं। कहा कि भाजपा इसके खिलाफ सड़क से सदन तक आवाज उठायेगी।

सीआइडी ने सीजेएम की कोर्ट से लिया आठ आरोपियों के खिलाफ वारंट

रांची (आजाद सिपाही)। पिछले वर्ष 10 जून को रांची में हुई हिंसा केस से जुड़े आठ आरोपियों के खिलाफ जारी गैर जमानती वारंट सीआइडी ने प्राप्त कर लिया है। सीआइडी के डीएसपी महेंद्र सिंह मुंडा ने मो नकीब, मो माजिद आलम, मो मुन्ना गद्दी, मो सद्दाम गद्दी, मो जमाल गद्दी, मो खालिद उमर, मो. शदाब आलम और मो अजीम उर्फ अजीमूशान का वारंट कोर्ट से ले लिया है। अब पुलिस आरोपियों की गिरफ्तारी का प्रयास करेगी। बुधवार को रांची सीजेएम (चीफ ज्यूडीशियल मजिस्ट्रेट) की कोर्ट ने आठ आरोपियों के खिलाफ नॉन बेलेबल वारंट जारी किया है। यह मामला डेली मार्केट थाना में दर्ज कांड संख्या 17/2022 से जुड़ा हुआ है। राज्य सरकार की अनुशंसा के बाद सीआइडी इस केस को टेकओवर कर जांच कर रही है। अब तक इस केस में एक दर्जन से ज्यादा अभियुक्तों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की जा चुकी है।

पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा, विनोद सिन्हा और अनिल वस्तावड़े इडी कोर्ट में पेश

रांची (आजाद सिपाही)। मनी लॉन्ड्रिंग केस के आरोपित पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा, मनोज पुनमिया, अनिल आदिनाथ वस्तावड़े समेत अन्य आरोपित गुरुवार को इडी की विशेष कोर्ट में सशरीर उपस्थित हुए। अदालत में गुरुवार को इडी की ओर से गवाह प्रस्तुत किया जाना था, लेकिन गवाह उपस्थित नहीं हुआ। इसके बाद कोर्ट ने अगली सुनवाई की तारीख 5 अगस्त को निर्धारित की है।

प्रदीप यादव की याचिका पर अब 17 को सुनवाई

रांची (आजाद सिपाही)। महिला अधिवक्ता के साथ यौन शोषण करने के आरोपी कांग्रेस विधायक प्रदीप यादव की क्रिमिनल रिवीजन पर झारखंड हाइकोर्ट में न्यायाधीश जस्टिस नवनीत कुमार की कोर्ट में गुरुवार को सुनवाई हुई। दोनों पक्षों के आग्रह पर कोर्ट ने इस मामले की अगली सुनवाई के लिए 17 अगस्त की तारीख मुकर्रर की है। प्रदीप यादव ने दुमका कोर्ट में उनके खिलाफ यौन शोषण के केस में हुए चार्जफ्रेम की प्रक्रिया को चुनौती दी है। इस केस में फिलहाल वह जमानत पर हैं।

उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग के 34 सब इंस्पेक्टर और 17 असिस्टेंट इंस्पेक्टर बदले

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग के 33 सब इंस्पेक्टर और 17 असिस्टेंट इंस्पेक्टर का तबादला हुआ है। इससे संबंधित अधिसूचना जारी कर दी गयी है। जारी आदेश में कहा गया है कि सभी पदाधिकारी दो दिनों के अंदर अपने नव पदस्थापित कार्यालय में योगदान देते हुए मुख्यालय को सूचित करेंगे।

उत्पाद विभाग के 34 सब इंस्पेक्टर का तबादला :

अमित कुमार गुप्ता : साहेबगंज
अभिषेक आनंद : लोहरदगा
निलेश सिन्हा : गोड्डा
पंकज कुमार : चाइबासा
दिलीप शर्मा: सिमडेगा
प्रदीप करमाली : हजारीबाग
सुभाष बेसरा : कोडरमा
झमन कुजुर: धनबाद
संदीप नाग : धनबाद
नीरज कुमार : हजारीबाग
कृष्ण कुमार प्रजापति : बोकारो
निर्भय कुमार सिन्हा : रांची
सुप्रभात दत्ता : जमशेदपुर
अभिषेक कुमार : रांची
कुलदीप कुमार : रांची
प्रकाश मिश्र : रांची
राजीव नयन : खूंटी
निर्मल मरांडी: गढ़वा
मो गुरफान : बोकारो
ओम प्रकाश : जमशेदपुर
सन्नी विवेक तिर्की: पाकुड़
दीपिका कुमारी : बोकारो
भुवनेश्वर नायक : हजारीबाग
कुमार राहुल : दुमका
मणिकांत कुमार : रांची
त्रिपुरारी कुमार : सराइकेला
सुमितेश कुमार : हजारीबाग
विक्रम कुमार साहू : जामताड़ा
मनोज कुमार : देवघर
कुमार सत्येंद्र : जमशेदपुर
कांग्रेस कुमार : देवघर
रूपेश कुमार : रांची
सोनू साहू : लातेहार
श्वेता कुमारी : धनबाद

17 उत्पाद असिस्टेंट इंस्पेक्टर का भी हुआ तबादला :

आशीष कुमार पांडे : चतरा
मिथिलेश कुमार : देवघर
महेंद्र देवगम : गिरिडीह
अमित कुमार सिंह : हजारीबाग
अमित मड़की : रामगढ़
जितेंद्र कुमार : पलामू
लखन मुंडारी: धनबाद
अमित किशोर प्रसाद : चाईबासा
शिव सागर महतो : कोडरमा
किशोर कुमार : देवघर
मंजूर आलम अंसारी : गुमला
रामदेव पासवान : जमशेदपुर
प्रेम रंजन कुमार : दुमका
वर्षा सिन्हा : रांची

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
1 Channel
Subscribe NOW

वेदर

शहर	अधिकतम	न्यूनतम
रांची	29.4 °C	23.4 °C
सूर्यास्त (आज)	:	18.37 बजे
सूर्योदय (कल)	:	05.14 बजे

आजाद सिपाही
रांची, शुक्रवार, 21 जुलाई, 2023
www.azadsipahi.in

भाजपा सरकार बनने पर राज्य में एनआरसी लागू किया जायेगा

हेमंत सरकार में झारखंड आतंकियों और घुसपैठियों की शरणस्थली बना: बाबूलाल

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने राज्य सरकार पर बड़ा हमला बोला। श्री मरांडी ने लोहरदगा जिला के सदर थाना क्षेत्र स्थित न्यू रोड में एनआइए द्वारा गिरफ्तार आइएसआईएस के आतंकी पर अपनी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि झारखंड में विगत तीन वर्षों में राष्ट्र विरोधी आतंकी शक्तियों का मनोबल बढ़ा है। राज्य में लोहरदगा, धनबाद, जमशेदपुर सहित संथाल परगना क्षेत्र के जिले ऐसे आतंकवादी संगठनों, घुसपैठियों की शरणस्थली बन गये हैं।

उन्होंने कहा कि लोहरदगा में विगत दिनों प्रायोजित दंगों के द्वारा माहौल को बिगाड़ने और अशांत करने की कोशिश की गयी, लेकिन राज्य सरकार तुष्टिकरण में लिप्त है। उन्होंने कहा कि लोहरदगा में स्लीपर सेल की रिपोर्ट देने वाले पुलिस अधिकारी पर ही यह सरकार का कारवाई करने में विश्वास करती है। उन्होंने कहा कि घुसपैठियों के कारण राज्य के मूलवासी, आदिवासी समाज का जीवनस्तर, संस्कृति प्रभावित हो रहा है। राज्य की डेमोग्राफी में तेजी से बदलाव हो रहे, जो राज्य के लिए खतरनाक और भयावह है। श्री मरांडी ने कहा कि राज्य में भाजपा सरकार बनने पर एनआरसी लागू होगी।

नयी दिल्ली में भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष और झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने गुरुवार को केंद्रीय जनजाति कार्य मंत्री और झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा से मुलाकात की। इस दौरान झारखंड समेत अन्य मुद्दों पर उनसे चर्चा हुई।

मणिपुर सरकार को बर्खास्त किया जाये और मुख्यमंत्री के खिलाफ केस दर्ज हो: झामुमो

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। देश के पूर्वी राज्य मणिपुर से सामने आये एक वीडियो क्लिप ने पूरे देश को हिला कर रख दिया है। इस घटना की देशभर में निंदा की जा रही है। इतना ही नहीं, फिल्मी जगत के अभिनेता से लेकर राजनीतिक गलियों के राजनेता सभी इस घटना के दोषियों पर कड़ी कार्रवाई करने की मांग कर रहे हैं। इधर झारखंड में भी इस घटना की कड़ी निंदा की जा रही है। गठबंधन पार्टी कांग्रेस और झामुमो ने इस घटना पर केंद्र सरकार पर निशाना साधा है। मणिपुर में मानवता को शर्मसार करनेवाली इस घटना समेत कई मुद्दों को लेकर झामुमो के केंद्रीय महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने प्रेस कॉन्फ्रेंस की। इस दौरान केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि मणिपुर की घटना से पूरा देश शर्मसार है। उन्होंने कहा कि मैंने पहले ही कहा था कि भाजपा प्रायोजित सरकार की तरफ से वहां के आदिवासियों पर अत्याचार हो रहा है। झामुमो ने वहां की सरकार को बर्खास्त करने की मांग पहले ही की थी। सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी चुनावी व्यवस्था के कारण कल तक खामोश थे, आज संवाद में जो बातें प्रधानमंत्री ने मीडिया से कहीं, वह भी एक तरफा था। मणिपुर डबल इंजन की सरकार है। देश का एक हिस्सा पिछले 77 दिनों से जल रहा है, जिसमें गृह मंत्री अमित शाह भी

दौरा करके आते हैं, लेकिन फिर भी वह चुप्पी साधे रहते हैं। उन्होंने कहा कि देश के प्रधानमंत्री और गृह मंत्री ने देश को शर्मसार किया है। वहीं मणिपुर सरकार पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि मणिपुर राज्य के मुख्यमंत्री इस्तीफा देने का नाटक करने के बावजूद आज तक कुर्सी पर बैठे हुए हैं। वहीं प्रधानमंत्री इस घटना पर अपनी प्रतिक्रिया भी दे रहे हैं, लेकिन राजनीति और आगामी चुनाव को देखते हुए।

मणिपुर कीइस घटना के वक्त भाजपा की महिला मोर्चा कहां है?

मणिपुर में दो महिलाओं के साथ हुई इस शर्मसार करनेवाली घटना पर सुप्रियो भट्टाचार्य ने भाजपा की महिला मोर्चा और बाबूलाल मरांडी पर भी जम कर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि इस वक्त जब मणिपुर में महिलाओं पर अत्याचार हो रहे, तब भाजपा की महिला मोर्चा कहां हैं? बाबूलाल मरांडी चुप क्यों हैं? उन्होंने कहा कि क्या मणिपुर इस देश का हिस्सा है। हाउस में इस पर चर्चा क्यों नहीं हो रही है। मणिपुर सरकार और भाजपा पर बरसते हुए उन्होंने कहा कि बेशर्मी के साथ सत्ता में बने हुए हैं। वहीं, छोटी-मोटी घटना पर भाजपा जांच समिति बनाती हैं लेकिन मणिपुर घटना पर जांच समिति क्यों नहीं बना रही है। सुप्रियो ने कहा कि झामुमो की मांग है कि अविलंब मणिपुर सरकार को बर्खास्त किया जाये और वहां के मुख्यमंत्री के खिलाफ केस दर्ज हो। उन्होंने कहा कि देश में कोई सुरक्षित नहीं है। सबकी अस्मत लूटी जा रही है। अस्मत लूटनेवाले भाजपा के लोगों को देश की जनता 2024 में जवाब देगी।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मिले सांसद संजय सेठ



सांसद सांस्कृतिक महोत्सव की कॉफी टेबल बुक भेंट की

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। रांची के सांसद संजय सेठ ने लोकसभा सत्र के पहले दिन नयी दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। इस मुलाकात के दौरान ने उन्हें रांची में संपन्न हुए लोकसभा स्तरीय सांसद सांस्कृतिक महोत्सव की कॉफी टेबल बुक अवलोकन हेतु भेंट की। इसके साथ ही सांसद ने प्रधानमंत्री को सेल्फी प्रतियोगिता से जुड़ी 30 बेहतरीन सेल्फी भी भेंट की। पीएम से मुलाकात के बाद श्री सेठ ने बताया कि प्रधानमंत्री ने कला और संस्कृति के संरक्षण संवर्धन के लिए आयोजित हुए सांस्कृतिक महोत्सव की प्रशंसा की है।

प्रधानमंत्री ने अपने आशीर्वाद में कहा है कि ऐसे आयोजन से हम समाज के हर वर्ग से जुड़ते हैं। प्रधानमंत्री के द्वारा इस महोत्सव की प्रशंसा करना मेरे लिए ही नहीं पूरे रांची लोकसभा क्षेत्र और झारखंड के लिए गौरव की बात है।

राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

मेष कार्य में सफलता मिलेगी। बकाये रकम की प्राप्ति होगी। घर-गृहस्थी में सुखद वातावरण रहेगा।

वृष सम्मान-स्वाभिमान की रक्षा होगी। प्रियजनों का सहयोग। समारोह में भाग लेने का अवसर मिलेगा।

मिथुन संतोषजनक वातावरण। यशस्वी कार्य करने का अवसर। मान-सम्मान-यश-प्रतिष्ठा में वृद्धि।

कर्क महत्वपूर्ण समाचारों की प्राप्ति। सुखद दाम्पत्य जीवन। गृह-भूमि-भवन का सुख मिलेगा।

सिंह रुका हुआ काम पूरा होगा। राजनीतिक लाभ। गुप्त शत्रुओं पर विजय। धनलाभ होगा।

कन्या वांछित उन्नति का मार्ग प्रशस्त होगा। रोजी-रोजगार में सफलता। नियमित आमदनी की वृद्धि होगी।

तुला परिवार में मांगलिक कार्य का संपादन। स्वजन-कुटुंबियों का आगमन होगा।

वृश्चिक कठिनाइयों पर विजय। महत्वपूर्ण समाचारों की प्राप्ति। व्यापार में लाभ।

धनु नौकरी-व्यवसाय में सफलता। विशिष्टजनों से संपर्क बढ़ेगा। सामाजिक स्थिति मजबूत होगी।

मकर उलझनें दूर होंगी। मकान-वाहन आदि की समस्या का समाधान। आर्थिक लाभ होगा।

कुंभ व्यक्तियों की स्थिति लाभप्रद रहेगी। व्यापार-व्यवसाय से जुड़े लोग खुशहाल रहेंगे।

मीन आमदनी के नये स्रोत तैयार होंगे। चल-अचल संपत्ति के लाभ के साथ ही श्रीवृद्धि होगी।

मणिपुर सरकार को अविलंब भंग कर राष्ट्रपति शासन लगाया जाये : झामुमो

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। झामुमो रांची जिला समिति द्वारा जिलाध्यक्ष मुशताक आलम के नेतृत्व में मणिपुर में महिलाओं के प्रति हुए अन्याय एवं भारतीय जनता पार्टी के उक्त मानसिकता के खिलाफ गुरुवार को अल्बर्ट एक्का चौक पर केंद्र सरकार एवं मणिपुर राज्य सरकार का पुतला दहन कर भाजपा का चाल, चरित्र और मानसिकता को उजागर किया गया। झामुमो रांची जिला समिति द्वारा मांग किया गया कि मणिपुर राज्य सरकार को अविलंब भंग कर राष्ट्रपति शासन लगाया जाये।

मौके पर झामुमो जिला सचिव डॉ हेमलाल कुमार मेहता हेमू, केंद्रीय सदस्य समनुर मंसुरी, पवन जेडिया, अंतु तिर्की, जिला उपाध्यक्ष अश्विनी शर्मा, जनक नायक, बीरू तिर्की, कलाम आजाद, बीरू साहु, आदिल इमाम, प्रदीप मिर्धा, कुदुस अंसारी, समीम बड़ेहार, महादेव मुंडा, फैयाज शाह, शांति तिर्की, जीत गुप्ता, नागेश्वर महतो, नरेश यादव, धर्मेन्द्रसिंह, परवेज आलम गुड्डू, सोनु मुंडा, फरीद खान, नवीन तिर्की, अवधेश यादव, मो असलम, सुजीत कुजुर, गोपाल पांडे, साहिल यादव, राकेश वर्मा, शाहनवाज हुसैन, विलियम रिचर्ड लकडा, जावेद अख्तर अंसारी, झबुलाल महतो, मंटू लाला, मंगरू मुंडा, फारूक अंसारी, महेंद्र करमाली, रिशु रितेश, अजित नायक, फैयाज अंसारी, सुषमा उरांव, राखी देवी, सोमारी देवी, राजेश सिंह, किरण भावरा, दिलबर सुरीन, विनोद मुंडा, कयुम अंसारी, गौरव वर्मा, राधा बाउरी, सुकरमनी देवी, बेलाल अंसारी, असलम अन्सारी, सैयद फिरोज आलम, बबलू मिंज, नयन तारा उरांव, उषा उरांव, मुस्लिम अंसारी, नजीम, परविंदर सिंह नामधारी, आफताब आलम, कैथरीना तिर्की, सुजीत उपाध्याय, अरुण गुप्ता, भुनेश्वर साहू, अख्तर अन्सारी, रमजान रजा, अफसर अंसारी, आमिर कौनैन, मृत्युंजय सिंह शामिल थे।

आयकर अदा नहीं करने पर संपत्ति कुर्क

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। आयकर विभाग ने एक महिला द्वारा 1.55 करोड़ रुपये टैक्स जमा नहीं करने पर उसके फ्लैट को कुर्क किया। मामला कटहल मोड़ इलाके का है। प्राप्त जानकारी के अनुसार वीणा रंजन नामक महिला ने टैक्स जमा करने में गड़बड़ी की थी। आयकर विभाग के द्वारा उन्हें बार-बार नोटिस देने के बावजूद चूककर्ता ने टैक्स का भुगतान नहीं किया। वीणा रंजन ने टैक्स जमा करने में असमर्थता जाहिर की। अंततः आयकर विभाग ने चूककर्ता के फ्लैट को कुर्क कर लिया। यह फ्लैट 402 ए अदिति अपार्टमेंट, विमल श्याम विहार, अरगोड़ा- कटहल मोड़ मार्ग में अवस्थित है। वीणा रंजन ने आयकर विभाग को बताया कि उनकी जमीन के बदले बिल्डर ने उन्हें 9 फ्लैट और 5 दुकान देने का इकरारनामा किया था। उन्हें मात्र 8 फ्लैट और 4 दुकान मिले। आयकर विभाग उनकी बांकी संपतियों का भी तलाश कर रहा है।

कांग्रेस विधायक दीपिका पांडेय सिंह को हाइकोर्ट से मिली राहत बरकरार

रांची (आजाद सिपाही)। हाइकोर्ट ने कांग्रेस विधायक दीपिका पांडे सिंह के खिलाफ पीड़क कार्रवाई के आदेश को बरकरार रखा है। हाइकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस अनिल कुमार चौधरी की कोर्ट में महगामा विधायक दीपिका पांडे सिंह द्वारा दायर क्वैशिंग याचिका पर सुनवाई हुई। अदालत ने अगली सुनवाई के लिए 23 अगस्त की तिथि तय की है। साथ ही अदालत ने 23 अगस्त तक पूर्व के आदेश को विस्तार देते हुए अगली सुनवाई तक विधायक दीपिका पांडे सिंह के खिलाफ किसी भी तरह की पीड़क कार्रवाई पर रोक लगा दी है।

गिरिडीह में सीएम हेमंत सोरेन का पोस्टर फाड़नेवाले पांच आरोपियों को भेजा जेल

गिरिडीह (आजाद सिपाही)। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का पोस्टर फाड़ने के आरोप में गिरिडीह की डुमरी थाना पुलिस ने पांच आरोपियों को गुरुवार को जेल भेज दिया। पुलिस ने जिन आरोपियों को जेल भेजा है, उसमें डुमरी थाना क्षेत्र के करिहारी गांव निवासी गजेंद्र महतो, पंकज भाई पटेल, दिलीप महतो और बोकारो के भतुआ बस्ती निवासी विजय महतो, राजेश कुमार शामिल हैं। पुलिस ने बुधवार को ही इन पांच आरोपियों को संदेह के आधार पर गिरफ्तार किया था और जब आसपास के सीसीटीवी फुटेज को खंगाला, तो इन सभी की पहचान पुख्ता हुई। इसके बाद गुरुवार को इन सभी को जेल भेजा गया। मंगलवार की देर रात इन आरोपियों ने डुमरी-बेरमो रोड में प्रशासन द्वारा लगाये गये मुख्यमंत्री के स्वागत पोस्टर को फाड़ दिया था। वैसे पुलिस मान रही है कि इन आरोपियों का कनेक्शन युवा नेता जयराम महतो से भी है, क्योंकि बुधवार को केबी हाई स्कूल में सीएम का कार्यक्रम निर्धारित था, तो जयराम महतो भी डुमरी में जनसभा करना चाहते थे। लेकिन प्रशासन ने कार्यक्रम की अनुमति नहीं दी, संभवतः इसी को लेकर पोस्टर फाड़ा गया होगा।

'इंडिया' नाम रख कर देशवासियों को ठगना चाहते हैं : सुदेश महतो

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर 18 जुलाई को एनडीए की बैठक में शामिल होकर आजसू सुप्रीमो सुदेश महतो रांची लौट गये हैं। रांची पहुंचने के बाद एयरपोर्ट पर उन्होंने कहा कि बैठक में लोकसभा चुनाव को लेकर चर्चा हुई। साथ ही किस प्रकार से एनडीए को ज्यादा वोट मिले, इसे लेकर भी चर्चा की गयी। बैठक में एनडीए के वरिष्ठ नेताओं के द्वारा सभी दलों को यह बताया गया कि किस प्रकार से समन्वय बना कर आगामी चुनाव में काम करना है।

चुनाव के लिए एक साथ आयी हैं विपक्षी पार्टियां : सुदेश महतो ने बेंगलुरु में यूपीए और विपक्षी दलों की बैठक पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा कि विपक्षी पार्टियों की एकता देखने के बाद यह कहना गलत नहीं होगा कि सभी सिर्फ आगामी लोकसभा चुनाव के लिए ही एकजुट हुई हैं। उन्हें जनता की समस्याओं से कोई मतलब नहीं है। आजसू प्रमुख

सुदेश महतो ने कहा कि जिस प्रकार से एनडीए में शामिल सभी दल पिछले कई वर्षों से देश के हित के लिए काम कर रहे हैं, उसी प्रकार से विपक्षी पार्टियों की मंशा कहीं से भी देखने को नहीं मिल रही है। उनकी एकजुटता सिर्फ और सिर्फ आगामी चुनाव में जीत और सत्ता पाने के लिए हुई है।

विपक्षी पार्टियों के इंडिया नाम पर कसा तंज : विपक्षी पार्टियों के द्वारा बनाये गये गठबंधन का नाम इंडिया रखने पर सुदेश महतो ने कहा कि विपक्षी पार्टी के नेता देशवासियों को इस तरह का नाम रख कर सिर्फ धोखा देने की कोशिश कर रहे हैं। इंडिया नाम रख कर देशवासियों की भावनाओं के साथ खेल कर ठगना चाहते हैं, जो कभी भी संभव नहीं हो सकता।

तारा शाहदेव यौन उत्पीड़न केस में सीबीआइ की बहस हुई पूरी

अब रकीबुल की ओर से पेश होगी बचाव की दलील

रंजीत कोहली उर्फ रकीबुल के साथ हाइकोर्ट के पूर्व रजिस्ट्रार (विजिलेंस) बर्खास्त मुश्ताक अहमद एवं कोहली की मां कौशल रानी ट्रायल फेस कर रही हैं

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। सीबीआइ कोर्ट के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत में तारा शाहदेव से जुड़े केस की सुनवाई हुई। गुरुवार को हुई सुनवाई के दौरान सीबीआइ की ओर से बहस की गयी। बहस के

दौरान सीबीआइ की ओर से उपस्थित वरीय लोक अभियोजक ने कोर्ट को बताया कि हिंदू रीति से विवाह के बाद तारा शाहदेव के पिता, उनके भाई और रकीबुल उर्फ रणजीत के पड़ोसियों और काजी ने शादी के अगले दिन धर्म परिवर्तन करा कर निकाह कराने की बात स्वीकार की है, और इससे जुड़े साक्ष्य कोर्ट में प्रस्तुत किये जा चुके हैं। सीबीआइ की पूरी बहस सुनने के बाद कोर्ट ने आरोपी की दलील सुनने के लिए अगली तिथि निर्धारित की है। इस केस में रंजीत कोहली उर्फ रकीबुल के साथ हाइकोर्ट के पूर्व रजिस्ट्रार (विजिलेंस) बर्खास्त मुश्ताक अहमद और कोहली की मां कौशल रानी ट्रायल फेस कर रही हैं। आरोपियों के खिलाफ कोर्ट ने 2 जुलाई 2018 को आरोप गठित किया था। सीबीआइ ने इस केस को वर्ष 2015 में टेक ओवर किया था।

भाजमो की आमसभा 23 जुलाई को होगी

लोकसभा और विधानसभा चुनाव की तैयारी पर होगा विचार- विमर्श : धर्मेंद्र तिवारी

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। भारतीय जनतंत्र मोर्चा 23 जुलाई को आम सभा का आयोजन कर रहा है। यह आम सभा गाला बैंक्वेट हॉल, पुरानी विधानसभा के सामने आयोजित है। इस आम सभा में केंद्रीय कार्यकारिणी समिति, राज्यस्तरीय कार्यकारिणी समिति और जिला स्तरीय कार्यकारिणी समिति के सभी पदाधिकारी शिरकत करेंगे। इस संबंध में तैयारियां जोरों पर हैं। मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष धर्मेंद्र तिवारी ने गुरुवार को जारी बयान में कहा कि 23 जुलाई की बैठक में इस बात पर गहन मंत्रणा होगी कि लोकसभा और

विधानसभा के चुनाव में मोर्चा किन-किन सीटों पर प्रत्याशी खड़ा करेगा। इसके साथ ही भाजमो का झारखंड समेत दूसरे राज्यों में विस्तार किये जाने पर भी मंथन होगा। उन्होंने बताया कि राज्यस्तरीय आम सभा की सफलता के लिए कई समितियां गटित की हैं जिनमे स्वागत समिति का संयोजक शिवानी लता को बनाया गया है। इसके अलावा निबंधन संयोजक की जिम्मेदारी अविनाश कुमार, शिवशंकर ठाकुर, शैलेश पांडेय और बॉबी सिंह को दी गयी है जबकि वीरेन्द्र सिंह व्यवस्था संयोजक रहेंगे। उनके साथ अशोक ठाकुर भी रहेंगे। मंच संयोजक के रूप में आशीष शीतल मुंडा और प्रचार-प्रसार संयोजक मनोज कुमार सिंह को बनाया गया है।

सड़क दुर्घटना में एक की मौत, दूसरा घायल

कोडरमा (आजाद सिपाही)। जिले के डोमचांच थाना अंतर्गत सीएम हाइ स्कूल के समीप बुधवार की देर रात सड़क दुर्घटना में एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई जबकि गंभीर रूप से घायल एक अन्य युवक का सदर अस्पताल कोडरमा में इलाज चल रहा है। मृतक की पहचान डोमचांच जयनगर रोड निवासी रोनित कुमार उर्फ गोलू कुमार (पिता रंजीत साव) के रूप में हुई है। वहीं घायल की पहचान सूरज कुमार साव (उम्र 18 वर्ष, पिता संजय साव) के रूप में हुई है। घटना के बाद दोनों को सदर अस्पताल कोडरमा लाया गया। जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद गोलू को मृत घोषित कर दिया। वहीं गंभीर रूप से घायल सूरज का इलाज सदर मे चल रहा है। घायल सूरज के परिजनों ने बताया कि सूरज के पिता संजय साव डोमचांच चौक पर गुपचुप का ठेला लगाते हैं। बुधवार की रात में गोलू ने दुकान बंद किया और दोनों एक बाइक पर सवार होकर सीएम हाई स्कूल की तरफ जा रहे थे। इस दौरान तेज रफ्तार मोटरसाइकिल एक पेड़ से टकरा गई। जिसमें गोलू कुमार की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। सूरज के परिजनों ने बताया कि दोनों आपस में दोस्त है और एक साथ पढ़ाई करते थे। दोनों बाइक से कहां जा रहे थे इसकी जानकारी परिजनों को नहीं है। सूचना कोडरमा पुलिस को मिलने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है।

इंटरसिटी एक्सप्रेस से कटकर युवक की मौत

कोडरमा (आजाद सिपाही)। जिले के जयनगर थाना अंतर्गत परसाबाद रेलवे स्टेशन पर गुरुवार की सुबह ट्रेन संख्या 13305 धनबाद गया इंटरसिटी एक्सप्रेस से कटकर एक युवक की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार मरकच्चो थाना क्षेत्र के चोपनाडीह निवासी निरंजन दास (24, पिता स्वर्गीय किशोर दास) परसाबाद स्टेशन पर धनबाद गया इंटरसिटी एक्सप्रेस से कोडरमा जाने के लिये आया था। मिली जानकारी के अनुसार उक्त युवक विपरीत दिशा से प्लेटफार्म बदल रहा था कि अचानक ट्रेन आ गई और युवक को अपनी चपेट में ले लिया जिससे घटना स्थल पर ही युवक की मौत हो गई है। जानकारी के अनुसार उक्त युवक के साथ उसकी मां भी थी अपने बेटे को आंख के सामने से ट्रेन से कटते देख मां की हालत खराब हो गयी। घटना की सूचना मिलते ही आरपीएफ ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल कोडरमा भेज दिया।

डायरिया चिकित्सा जांच शिविर का आयोजन

जयनगर (आजाद सिपाही)। प्रखंड के करियांवा पंचायत अंतर्गत मध्य विद्यालय गांधीनगर के प्रांगण में दामोदर घाटी निगम कोडरमा ताप विद्युत केंद्र के सीएसआर अंतर्गत डायरिया जागरूकता चिकित्सा जांच शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें डीजीएम सीएसआर हेड हरिश्चंद्र सिंह ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। वहीं डॉ एआर मिश्रा, डॉ विकास कुमार के द्वारा स्कूल के बच्चों और ग्रामीणों को डायरिया जागरूकता के बारे और बचाव के बारे में विस्तृत जानकारी दिया। उन्होंने बताया कि हर समय ताजा भोजन, ताजा पानी का सेवन करें। आसपास साफ-सफाई और समय-समय पर हाथों का साफ-सफाई और शौचालय के बाद और भोजन करने से पहले हाथ को साबुन से धोयें। वहीं विद्यालय के छात्र-छात्राओं और उपस्थिति ग्रामीण का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें दवा प्रदान किया। इसमें दो गांव के लगभग 152 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। शिविर में मुख्य रूप से स्कूल के प्रधानाध्यापक, जनप्रतिनिधि मौजूद थे शिविर को सफल बनाने में केटीपीएस से रवि कुमार, अशोक कुमार, कुलदीप राम, मुनिया देवी सहित कई लोग मौजूद थे।

निष्पक्षता से जांच कर दोषियों को सजा मिले: कृष्णा यादव

चंदवारा (आजाद सिपाही)। बरही विधानसभा क्षेत्र के युवा नेता जेबीकेएसएस के सदस्य कृष्णा यादव ने बरही पुलिस कस्टडी में हुये युवक अशफाक खान की मौत की गहरी निंदा की है। उन्होंने कहा कि ऐसी घटना के लिए हमारे समाज में कोई स्थान नहीं है, यह जो हुआ कभी होना नहीं चाहिए। मैं पीड़ित परिवार के प्रति अपनी संवेदनाएं व्यक्त करता हूं, हजारीबाग एसपी से मांग करता हूं कि घटना की निष्पक्ष जांच हो और दोषियों को उचित सजा भी दिलायी जाये।

कटहाडीह में आठ सदस्यीय कमिटी का गठन

जयनगर (आजाद सिपाही)। प्रखंड के कटहाडीह में आठ सदस्यीय कमिटी का गठन किया गया। सर्वसम्मति से जैनुल खान को सचिव चुना गया। बैठक में मुख्य रूप से जिला कमेटी सदस्य मुन्ना यादव, असगर अंसारी उपस्थित थे। बैठक में असलम खान, मोहम्मद नईम खान, सलीम खान, अब्दुल कादिर, तसव्वर खान, शोएब खान, नेजाम खान, शाहबाज खान, सोहेल खान, मजीद खान सहित कई लोग मौजूद थे। वहीं जयनगर पश्चिमी पंचायत अंतर्गत ग्राम इरगोबाद में असगर अंसारी के अध्यक्षता में नौ सदस्यीय ब्रांच कमेटी का गठन किया जिसमें महेश सोनी को सर्वसम्मति से सचिव चुना गया। कमेटी में केदार पासवान, नेजाम अंसारी, मनीर अंसारी, जाकिर हुसैन, यकबुल अंसारी, समसुद्दीन अंसारी, जागेश्वर साव, सलामत अंसारी सहित कई लोग मौजूद थे। वहीं खरियोडीह में ब्रांच कमेटी का पुनर्गठन प्रखंड सचिव अशोक यादव की अध्यक्षता में किया गया। सर्वसम्मति से रूपलाल दास सचिव बनाया गया। कमेटी में संदीप कुमार दास, विजय ठाकुर, रामचंद्र यादव, उमा शंकर दास, मुंशी पंडित, किशन दास, रामचंद्र शर्मा शामिल हैं।

पुलिस की निष्क्रियता के कारण आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं: प्रकाश रजक

जयनगर (आजाद सिपाही)। थाना कांड संख्या 108/23 के बचे हुये अभियुक्तों को गिरफ्तारी कराने और अपने इंसाफ के लिए पुलिस अधीक्षक कार्यालय कोडरमा के समक्ष पीड़ित परिवार पूजा देवी, किशुन रजक, चंपा देवी, रंजीत रजक, पूनम देवी और पीड़िता के 2 वर्षीय पुत्र आशिवी कुमार अनिश्चितकालीन धरना पर 15 जुलाई से बैठे हैं। एक सप्ताह से ऊपर हो गया अभी तक पीड़ित परिवार का कोई सुध लेने वाला नहीं है। भाकपा जिला सचिव प्रकाश रजक ने बताया कि 18 जुलाई को कोडरमा थाना प्रभारी द्वारिका राम धरना स्थल पर पहुंचकर पीड़ित परिवार के लोगों को 10 दिनों का मोहलत देने की बात कर रहे थे और धरना से उठकर जाने की भी बात कही जा रही थी। उन्होंने आरोप लगाया कि पीड़ित परिवार को सहयोग करने के लिए ना विधायक, ना सांसद आगे आ रहे हैं। सांसद और विधायक सिर्फ चुनाव में वोट लेने के लिए आते हैं। पीड़ित परिवार का कहना है कि जब तक आरोपियों को गिरफ्तार पुलिस नहीं करती है तब तक हम धरना पर बैठे रहेंगे। धरना में बैठे पीड़िता की पत्नी पूजा देवी ने कहा कि हमारे पति पैसा और इलाज के अभाव में अपने घर में जिंदगी और मौत से लड़ रहे है, जब तक इंसाफ नहीं मिल जाता है तब तक हम धरना से उठने वाली नहीं हूं। वही धरना को समर्थन कर रहे सीपीआई जिला मंत्री प्रकाश रजक ने बताया कि जयनगर पुलिस की निष्क्रियता के कारण आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं हो पा रही है। जयनगर पुलिस आरोपियों को अविलंब गिरफ्तार करे नहीं तो सड़क पर उतर कर बड़ा आंदोलन किया जायेगा। धरना में अखिल भारतीय नौजवान संघ के जिलाध्यक्ष रंजन कुमार रजक, जिला सचिव कयूम उद्दीन, अंचल मंत्री रामेश्वर यादव, सुखदेव पांडेय, संतोष पासवान, मोती यादव, बजरंगी दास, दुर्गी राम आदि लोग मौजूद थे।

सड़क दुर्घटना में बैंककर्मी की मौत

आजाद सिपाही संवाददाता

हजारीबाग। बड़ा बाजार थाना क्षेत्र अंतर्गत बुधवार को देर रात मिशन रोड में सड़क दुर्घटना में एक बैंक कर्मी की मौत हो गई। घटना बुधवार देर रात करीब 3:30 बजे के आसपास घटी है। बताया जा रहा है की कार एक पोल में टक्कर मार दी जिसके बाद कार की धज्जियां उड़ गई। कार में बैठे बैंककर्मी की मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार मृतक आइडीबीआइ बैंक में असिस्टेंट मैनेजर है और बड़कागांव में पोस्टेड है। मृतक की पहचान आदित्य शंकर के के रूप में हुई है और देवघर के रहने वाले बताये जा रहे हैं। जानकारी के अनुसार इनका विवाह 1 साल पहले हुआ था। इनके पिता का रेलवे में नौकरी है। आदित्य घर के इकलौते बेटे बतये जा रहे हैं। घटना के बाद पूरा परिवार सदमे में है। सदमे की वजह से पिता कुछ नहीं बता पा रहे।

उपायुक्त नैंसी सहाय की अध्यक्षता में पीसी एंड पीएनडीटी की बैठक संपन्न

कन्या भ्रूण हत्या की रोकथाम पर हुई चर्चा

- सभी अल्ट्रासाउंड केंद्रों पर लाइसेंस, वैधता आदि की नियमित औचक जांच पड़ताल के निर्देश

आजाद सिपाही संवाददाता

हजारीबाग। गर्भधारण पूर्व और प्रसवपूर्व निदान-तकनीक (लिंग चयन प्रतिषेध) (पीसी एंड पीएनडीटी) अधिनियम, 1994 में निहित प्रावधानों का कड़ाई से पालन के लिए उपायुक्त नैंसी सहाय की अध्यक्षता में ज़िला सलाहकार समिति की बैठक हुई। बैठक में अधिनियम के प्रावधानों के तहत कन्या भ्रूण हत्या और ज़िला सहित पूरे देश में गिरते लिंगानुपात को रोकने के लिये उठाये गये कदमों और उपायों पर चर्चा किया गया। उपायुक्त ने कहा सभी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी, अंचलाधिकारी, थाना प्रभारी सहित शहरी क्षेत्र में एसडीओ, सिविल सर्जन, पुलिस उपाधीक्षक आपस में समन्वय कर अपने अपने क्षेत्रों में संचालित अल्ट्रासाउंड केंद्रों, क्लिनिक आदि की नियमित जांच करें। इन केंद्रों की वैधता, लाइसेंस आदि की भी पड़ताल करें। साथ ही अवैध रूप से संचालित और गैर कानूनी तरीके गर्भपात कराने में संलिप्त क्लिनिक पर सख़्त कार्रवाई करने के लिए टीम को निर्देशित किया। इस संदर्भ में प्रचार प्रसार हेतु बैनर पोस्टर आदि लगाने और जागरूकता अभियान चलाकर लोगों को जागरूक करने का निर्देश दिया। बैठक में न्यू एडवांस डायग्नोस्टिक सेंटर, विष्णुगढ़ के निबंधन रद्द करने का निर्णय लिया गया। इसके अलावा मासूम चेरिटेबल ट्रस्ट चौपारण, त्रिदेव अल्ट्रासाउंड बरही के सील होने के बावजूद अल्ट्रासाउंड केंद्रों के संचालन के मामले में संबंधित एसडीओ को जांच कर रिपोर्ट समर्पित करने का निर्देश उपायुक्त ने दिया। बैठक में उपायुक्त के अलावा प्रशिक्षु समाहर्ता सुलोचना मीणा, एसडीओ सदर विद्याभूषण कुमार, सीएस एसपी सिंह सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

जीएम कॉलेज में खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ

आजाद सिपाही संवाददाता

इचाक। जीएम इंटर महाविद्यालय इचाक के द्वारा खेलो झारखंड के तहत कॉलेज मैदान में पांच दिवसीय खेल कूद का आयोजन किया गया। फुटबॉल मैच का उद्घाटन मुख्यअतिथि पूर्वी जिला परिषद सदस्य रेनू देवी, प्रखंड विकास पदाधिकारी रिंकू कुमारी, हदारी पंचायत के मुखिया अशोक राम, जीएम इंटर महाविद्यालय के प्राचार्य शंभू कुमार, महाविद्यालय प्रभारी पंकज कुमार के द्वारा दीप प्रज्वलित और किक मारकर किया। उद्घाटन मैच इंटर की छात्राओं और बीए की छात्राओं के बीच खेला गया। खेलो झारखंड 2023 के तहत सभी छात्र-छात्राओं का विकास के उद्देश्य से महाविद्यालय में खेलकूद का प्रारंभ किया गया। इसके तहत लंबी कूद, ऊंची कूद, भाला फेंक, चक्का फेंक, कबड्डी, वॉलीबॉल आदि खेल में विद्यार्थी अपनी प्रतिभा दिखायेंगे। जिला परिषद सदस्य रेणु देवी ने कहा कि सभी खिलाड़ी खेल को खेल की भावना से खेले ताकि खेल में किसी प्रकार का व्यवधान ना पहुंचे और जो आपने प्रतिभा छुपी हुई है वह प्रतिभा निखर कर के सामने आये। बीडीओ रिंकू कुमारी ने कहा कि सभी खिलाड़ियों को बधाई देती हूं जो आज इस कड़कड़ाती धूप में भी प्रारंभिक फुटबॉल मैच का शुभारंभ किया। जीएम इंटर महाविद्यालय के प्राचार्य शंभू कुमार ने कहा है की हमारा महाविद्यालय प्रारंभ से ही अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है चाहे वह पढ़ाई का क्षेत्र हो या खेलकूद के क्षेत्र हो यहां के विद्यार्थी राष्ट्रीय स्तर पर विभिन्न खेलों ने अपना परचम लहराया है। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में खेल कूद प्रभारी रत्नेश कुमार राणा, शिक्षक दीपक प्रसाद, आशीष पांडे, संगम कुमारी, रियाज अहमद, अजीत हंसदा, संजीत कुमार, राजकुमार, प्रणत कुमार, विनोद कुमार मेहता, कृष्णा कुमार मेहता, प्रिया कुमारी, राजकुमार सिंह का सराहनीय योगदान रहा।

आयुष सामुदायिक स्वास्थ्य पदाधिकारियों के आने से हर गांव में हो रहा है इलाज : डॉ सुभद्रा कुमारी

आजाद सिपाही संवाददाता

हजारीबाग। जिला संयुक्त औषधालय शेख भिखारी मेडिकल कालेज हजारीबाग कैंपस के आयुष भवन में पूरे जिला के आयुष सामुदायिक स्वास्थ्य पदाधिकारियों की मंथली बैठक हुई। अध्यक्षता प्रभारी जिला आयुष चिकित्सा पदाधिकारी डॉ सुभद्रा कुमारी ने किया। जिसमे आयुष मंत्रालय भारत सरकार की योजना जो सभी गांव तक चल रही है, जैसे हर गांव में आयुष मेगा स्वास्थ कैंप लगाना, आयुर्वेदिक, होम्योपैथिक यूनानी दवा निशुल्क देना, प्रत्येक महीना के तीसरे शनिवार को बायो वृद्ध का कैंप लगाना या नहीं जो भी गांव में 60 वर्ष से ऊपर के वृद्ध लोग हैं उनका स्वास्थ्य का जांच करना और अच्छी सलाह देना, योग शिक्षक सभी उप स्वास्थ्य केंद्र पर योग कराने के लिए बहाल हुये हैं उनका मॉनिटरिंग करना ताकि हर गांव में हर घर में योग करें और निरोग रहें।

प्रभारी जिला आयुष चिकित्सा पदाधिकारी डॉ सुभद्रा कुमारी ने सभी आयुष सामुदायिक स्वास्थ्य पदाधिकारी को संबोधित करते हुये कहा कि अपने अपने सेंटर पर सहिया दीदी, स्थानीय मुखिया और सभी वार्ड सदस्य से मदद लेकर आयुर्वेद होम्योपैथिक में यूनानी का ओपीडी बढ़ाये। बैठक में आयुष सामुदायिक स्वास्थ्य पदाधिकारी डॉ आनंद कुमार साही, डॉ विजय तिवारी, डॉ नीरज उपाध्याय, डॉ राजेश मिश्रा, डॉ रंजना कुमारी, डॉ शैलेंद्र कुमार रॉय, डॉ जोशी, डॉ संतोष कुमार, डॉ दीपिका खंडेलवाल, डॉ शकील अख्तर, डॉ गजाला प्रवीण, डॉ प्रियंका, डॉ इंदु, डॉ राहुल राणा देव, डॉ रूबी और जिला संयुक्त औषधालय आयुष हजारीबाग के क्लर्क नंदनी कुमारी, संतोष कुमार, हरिनंदन कुमार मुटूक हांसदा, रामबली चौधरी उपस्थित हुये।

सीओ की कार्यशैली से नाराज ग्रामीणों ने किया कार्यालय का घेराव

समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो करेंगे आत्मदाह: नरेंद्र सिंह

आजाद सिपाही संवाददाता

बरकट्ठा। प्रखंड क्षेत्र के शिलाडीह पंचायत के ग्रामीणों ने अंचल कार्यालय के कार्यशैली से क्षुब्द होकर अंचल कार्यालय का घेराव किया। ग्रामीणों के मुताबिक शिलाडीह स्थित काली मंडप के जमीन को मापी कर अतिक्रमण मुक्त करने को लेकर अंचल कार्यालय में आवेदन दिया गया। खाता नंबर 78 प्लॉट नंबर 1719 रकबा 1 एकड़ 14 डिसमिल का मापी करने और इसे अतिक्रमण मुक्त करने की बात कही गयी। ताकि ग्रामीण बाउंड्री करके अपने धार्मिक स्थान को सुरक्षित रख सकें। वहीं आवेदन के आधार पर सीओ ने 20 जूलाई का तिथि निर्धारित कर पत्र जारी किया। लेकिन अंचल के कोई भी कर्मी जमीन मापी नहीं करने पहुंचे जिससे लोग उग्र हो गये और अंचल कार्यालय पहुंचे तो सीओ नदारद पाये गये। जिसके बाद लोगों ने शोर शराबे के साथ घेराव किया। ग्रामीणों ने बताया कि उक्त स्थल पर हजारीबाग उपायुक्त के द्वारा एक बोर्ड भी लगवाया गया था जिसे शरारती तत्वों के द्वारा रात में ही उखाड़ कर फेंक दिया गया। मौके पर समाजसेवी दर्शन सोनी ने सीओ से फोन पर संपर्क करने पर उन्होंने बताया कि अभी मापी नहीं किया जा सकता है इसके लिए कुछ दिन इंतजार करना होगा। मोहर्रम के बाद मापी होगा। पूर्व मुखिया नरेंद्र सिंह ने कहा कि मोहर्रम के बाद जमीन की मापी नहीं कि गयी तो प्रखंड कार्यालय के समक्ष भूख हड़ताल पर बैठ जायेंगे और तब भी बात नहीं बनी तो आत्मदाह कर लेंगे। मौके पर पूर्व मुखिया नरेंद्र कुमार सिंह, अवध किशोर सिंह, श्याम किशोर सिंह, पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि राजकुमार गिरी, सुनील पाण्डेय, राम तीरथ पाण्डेय, श्यामानंद पाण्डेय, भीम मंडल, परमेश्वर मंडल, अजीत मंडल, अर्जुन पाण्डेय, बबलू पाण्डेय, प्रदीप पाण्डेय, संतोष मंडल, सूरज देव प्रजापति, केशव लाल पंडित, बाबूलाल पाण्डेय, शेखर मंडल, शिव लाल यादव, जागेश्वर यादव, किशोर मंडल, मनोज पाण्डेय, छोटी मंडल, मुकेश पंडित, शंकर शर्मा, छोटी रविदास, छोटी कुम्हार समेत सैकड़ों की संख्या में लोग उपस्थित थे।

झामुमो नेता ने रुचि कुजूर को सौंपा मांग पत्र

विष्णुगढ़ (आजाद सिपाही)। झामुमो प्रखंड सचिव सह बीस सूत्री सदस्य संजय प्रजापति विष्णुगढ़ की समस्या को लेकर झारखंड राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग रुचि कुजूर से बुधवार को मुलाकात की। इस दौरान विष्णुगढ़ की जनसमस्या से अवगत कराया जिसमे कहा कि विष्णुगढ़ कसेरा मुहल्ला के तारा नाला (जमुनिया नदी) से लेकर नावाडीह होते हुये चलनिया सड़क मुख्य मार्ग एनएच 533 तक कालीकरण तथा नवादा मदरसा में छात्रावास भवन का निर्माण कार्य से संबंधित मांग पत्र सौंपा। इस पर झारखंड राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग रुचि कुजूर ने संज्ञान लेते हुये आश्वासन दिया कहा कि विभागीय मंत्री से मिलकर इन सारी समस्याओं का जल्द ही समाधान किया जायेगा।

यौन शोषण के आरोपी शिक्षक के खिलाफ कार्रवाई की अनुशंसा

दारू/हजारीबाग (आजाद सिपाही)। दारू थाना क्षेत्र के राजकीय आदर्श मध्य विद्यालय दारू बालक के शिक्षक मुकेश कुमार के खिलाफ लगे यौन शोषण व छेड़छाड़ के आरोप वह इस मामले में दारू थाना में मामला दर्ज होने के बाद शिक्षा विभाग में शिक्षा के खिलाफ कार्रवाई की अनुशंसा की है। इस मामले में जिला शिक्षा अधीक्षक ने प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी को चिट्ठी लिखकर इस मामले की जांच करने का आदेश दिया था। इस मामले की जांच के बाद प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी ने विद्यालय प्रबंधन समिति के प्रतिवेदन थाने में दर्ज एफआइआर के आधार पर आरोपी शिक्षक पर कार्रवाई की अनुशंसा की है।

गोरहर थाना प्रभारी ने किया पौधरोपण

बरकट्ठा (आजाद सिपाही)। गोरहर थाना परिसर में थाना प्रभारी मुकेश कुमार ने विभिन्न प्रकार के फलदार पौधारोपण की। थाना प्रभारी ने कहा की पर्यावरण संरक्षण सामूहिक जिम्मेदारी है। वृक्ष पर्यावरण के संतुलन को बनाये रखने के साथ-साथ हमें आक्सीजन देते है। उन्होंने आम जनता व पुलिस के जवानों से विभिन्ना प्रजाति के पौधों की सुरक्षा और अधिक से अधिक पौधारोपण करने की अपील की। क्योंकि वृक्षों से जल संचय भी बना रहता है इसलिए पुलिस थाना परिसर में पौधरोपण किया गया। साथ ही उन्होंने पर्यावरण को बचाने का संकल्प लिया। कहा कि सभी लोग अपने-अपने घरों में पौधा रोपित कर पर्यावरण के संरक्षण के लिए अहम योगदान दें। इस कार्यक्रम में थाना एसआइ निरंजन प्रकाश, दीपक पॉल, संजय हांसदा, प्रभुल कुमार समेत सभी पुलिस कर्मी शामिल थे।

ट्रांसफार्मर खराब होने से बड़ी आबादी अंधेरे में

केरेडारी (आजाद सिपाही)। प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत गरी कलां गांव के मुख्य चौक का ट्रांसफार्मर खराब हो गया है जिस कारण उक्त ट्रांसफार्मर से जुड़े लगभग चार सौ बिजली उपभोक्ता अंधेरे में रहने को विवश है इस संदर्भ में गरीं कला मुख्य चौक के लोगों ने कहा कि बिजली विभाग को गरी कला मुख्य चौक से मोटी रकम में बिजली बिल जमा होती है विद्युत विभाग को उपभोक्ताओं की परेशानी को ध्यान देते हुये नये ट्रांसफॉर्मर जल्द लगाना चाहिये इस संदर्भ में गरी कलां गांव के मुखिया हित नारायन साव ने बिजली विभाग से गरी कलां गांव के मुख्य चौक पर दो सौ के वी का नये ट्रांसफॉर्मर देने की मांग करते हुये कहा कि बिजली विभाग ग्रामिणों की बिजली से संबंधित समस्या को निदान करने का काम करें इस संदर्भ में गरी कलां गांव के ग्रामीण संजय गिरि, विश्वनाथ कुमार, बादल महेंद्र महतो, राजू चौधरी, रंजीत श्रीवास्तव पप्पू विश्वकर्मा संजय महतो समेत दर्जनों उपभोक्ताओं ने भी ट्रांसफर्मर लगाने की मांग की है।

इलाज के दौरान सड़क दुर्घटना में घायल वृद्ध की मौत

बड़कागांव (आजाद सिपाही)। बड़कागांव पंकरीबरवाडीह गांव में विगत 10 जुलाई 2023 को सड़क दुर्घटना में घायल वृद्ध की मौत इलाज के दौरान रांची रिम्स में हो गई। इस संबंध में मृतक की पत्नी उगनी देवी द्वारा बड़कागांव थाना में आवेदन देकर कार्रवाई करने की मांग की गयी है। आवेदन में कहा गया है कि मेरे पति 60 वर्षीय बीरू साव अपने गांव पकरी बरवाडीह मुख्य पथ पर स्थित दुकान को 10 जुलाई 2023 को रात्रि करीब 8:00 बजे बंद कर आवासीय मकान आ रहे थे। इसी दौरान गांव के ही तरुण कुमार पिता मतलू राम उर्फ किट्टी भुइयां अपने मोटरसाइकिल नंबर जे एच 02 बीएच- 9226 से तेज गति से आकर धक्का मार दिया। धक्का लगने से मेरे पति घटनास्थल पर ही गिर जाने से माथे में चोट आ गई। बेहोश की हालत में ग्रामीणों की मदद से बड़कागांव सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, स्थिति नाजुक होने के कारण यहां से रेफर हजारीबाग किया गया। हजारीबाग से भी बहुत नाजुक होने के कारण रांची रिम्स रेफर किया गया जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। आवेदन में मोटरसाइकिल सवार तरुण कुमार पर कार्रवाई करने की मांग की गयी है।

झामुमो ने फूंका केंद्र और मणिपुर सरकार का पुतला

हजारीबाग (आजाद सिपाही)। शहर के झंडा चौक पर झारखंड मुक्ति मोर्चा जिला कमेटी के तत्वावधान में पार्टी के वरिष्ठ नेता सह केंद्रीय समिति सदस्य डॉ कमल नयन सिंह के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी की नेतृत्व वाली केंद्र सरकार और मणिपुर राज्य सरकार का पुतला दहन किया गया। इस दौरान दर्जनों झामुमो कार्यकर्ता हाथों में पार्टी का झंडा लेकर झंडा चौक पहुंचे और पुतला दहन किया। डॉ कमल नयन सिंह ने कहा की मणिपुर राज्य की दो महिलाओं को निर्वस्त्र कर घुमाये जाने का वीडियो सोशल मीडिया में फैलने के बाद तथा देश के सर्वोच्च न्यायालय के स्वतः संज्ञान लेने के बाद जागी केंद्र तथा मणिपुर राज्य की भाजपा सरकार महिलाओं के चीरहरण, उसकी स्मिता से हुये खिलवाड़ के बाद भी शांत है। केंद्र और राज्य में भाजपा सत्ता में रहने के बाद भी उक्त महिलाओं के प्रति हुये अन्याय की जानकारी 77 दिन बाद प्राप्त होना, उनके महिलाओं के प्रति सोच को दशार्ता है। 77 दिन बाद भी दोषियों पर कार्रवाई के जगह सिर्फ दो पंक्तिया बोल देना, भाजपा के चाल एवं चरित्र को उजागर करता है। सारा देश मणिपुर की घटना से दुखी है पर केंद्र और मनीपुर सरकार के कान पर जूं तक नहीं रेंग रही जो काफी दुखद है। पुतला दहन कार्यक्रम में मो इजहार, दिलीप वर्मा, निसार खान, चंदन सिंह समेत कई नेता व कार्यकर्ता उपस्थित थे।

पार्वती देवी ने किया विद्यालय का निरीक्षण मिली कई गड़बड़ियां

इचाक (आजाद सिपाही)। प्रमुख पार्वती देवी ने मध्य विद्यालय कारीमाटी का औचक निरीक्षण किया। प्रमुख ने कहा कि विद्यालय में कई गड़बड़ियां मिली, जिसमें रसोईघर पूरी तरह से जर्जर है कभी भी बड़ी दुर्घटना हो सकती है और कचरा का अंबार लगा है। बच्चे स्वच्छ खाना खाने से वंचित हैं, मध्यान भोजन भी गुणवत्तापूर्ण नहीं दिया जा रहा है। सरकार के द्वारा गैस उपलब्ध कराया गया है लेकिन भोजन गोइठा और लकड़ी से बनाया जा रहा है। बच्चों का मध्यान भोजन के लिए कई हजार रुपए गैस के नाम पर निकासी की गयी है। अध्यक्ष और संयोजिका चूल्हा और टंकी अपने घर ले गये है। जांच के क्रम में संयोजिका ने कहीं की हमारे हस्ताक्षर किये बिना लगभग एक लाख रुपए की निकासी अध्यक्ष और सचिव द्वारा किया गया है। प्रमुख ने यह भी कहा कि विद्यालय में अन्य बिंदुओं पर जांच हो तो कई गड़बड़ियां सामने मिल सकती है। निरीक्षण के दौरान मुखिया प्रतिनिधि चंदन कुमार मेहता, प्रखंड मुखिया संघ अध्यक्ष सकेंद्र मेहता, प्रमुख प्रतिनिधि सिकंदर कुमार दास, पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि दिनकर मेहता, वार्ड सदस्य राजकुमार मेहता, सुरेश मेहता, महेंद्र कुमार, तालेश्वर मेहता, कृष्णा मेहता, समेत कई ग्रामीण उपस्थित थे।

भुरकुंडा में दुर्गा वाहिनी की हुई बैठक

भुरकुंडा (आजाद सिपाही)। भुरकुंडा पंचायत भवन में गुरूवार को विश्व हिंदू परिषद के दुर्गा वाहिनी की प्रखंड विस्तारक बैठक हुई। जिसमें वर्तमान और पूर्व के कार्यकर्ता शामिल है। बैठक में संगठन का विस्तार करते हुए आज कार्यकर्ताओं को प्रखंड स्तरीय दायित्व दिया गया। मौके पर रामगढ़ जिला संयोजिका अनामिका श्रीवास्तव ने कहा कि पूरे भारत में हर पंचायत से सभी को परिषद से जोड़ने का कार्य किया जा रहा है। पूरे रामगढ़ जिले के हर पंचायत में पहुंचने का लक्ष्य है जिसे सभी कार्यकर्ता मिल कर पूर्ण करेंगे। उन्होंने कहा कि आने वाले कार्यक्रमों की तिथि तय की गई है जिसमे हर हिंदू को साथ लेकर चलने का लक्ष्य है। विस्तारित कमेटी में दिव्या कुमारी प्रखंड संयोजिका सहित स्नेहल शर्मा, विशाखा कुमारी, हिना कुमारी, नैना कुमारी, रेखा सिन्हा, ममता देवी आदि को विभिन्न पद दिया गया। मौके पर विश्व हिन्दू परिषद के प्रांत सह मंत्री मनोज पोद्दार, जिला मंत्री छोटू वर्मा, दुर्गा वाहिनी की जिला संयोजिका अनामिका श्रीवास्तव, कोषाध्यक अभय वर्मा आदि मौजूद थें।

रामगढ़ में एनजीटी के प्रतिबंध आदेश का कोई असर नहीं दिख रहा

इंट्री-पासिंग पर हो रहा बालू का अवैध कारोबार

इंट्री पासिंग के कारण तीन गुना बढ़ा बालू का दाम, लोग हो रहे परेशान

बीरू कुमार

रामगढ़ (आजाद सिपाही)। रामगढ़ में अवैध कोयला तस्करी के तर्ज पर बालू का अवैध कारोबार चल रहा है। कोई रोकने वाला नहीं है। जिससे कारोबारियों की हिम्मत और पकड़ देखने को मिल रहा है। क्योंकि उनका कारोबार रोकने की हिम्मत किसी में नहीं है। जिसके कारण बालू का अवैध कारोबार रफ्तार पकड़ लिया है। पूरी रात बालू को पूरे ज़िले में खपाया जा रहा है।

जारी है नदियों में बालू का अवैध खनन

इधर पूरे राज्य में 10 जून से 15 अक्टूबर तक नेशनल ग्रिन ट्रिब्युनल (एनजीटी) लागू है। लेकिन एनजीटी को माने तो केवल कागजों में लागू है। क्योंकि जमीनी स्तर पर बालू का अवैध खनन और कारोबार जारी है। जिससे स्पष्ट होता होता है कि संबंधित अधिकारी कितना ईमानदारी से काम कर रहे है। अधिकारियों के लापरवाह कार्यों के कारण ही कारोबारी चांदी काट रहा है।

कारोबारियों को भी हो रही परेशानी

कारोबार जुड़े सूत्रों ने बताया कि बालू का कारोबार कोयला तस्करी का रूप ले लिया है। पहले बालू का कारोबार में ढिलायी दी जाती थी। लेकिन कुछ वर्षों से यह कारोबार कोयला तस्करी का रूप ले लिया है। कोयला तस्करी के तर्ज पर बालू के अवैध कारोबार में पासिंग और इंट्री खेल शुरू हो गया है। जो कारोबारी इंट्री और पासिंग में आनाकानी करता उसपर कार्रवाई होने में मिनट भी नहीं लगता है। जो सिस्टम में शामिल है। उसका कारोबार सरपट दौड़ता है। ऐसे में बालू का अवैध कारोबार रोकने की बात करना ही बेइमानी लगता है।

सोने के भाव में मिलने लगा बालू

ग्रामीण से लेकर शहर के लोग अगर जमीन लेकर सपनों का आशियाना बनाने के मूड में आते तो उन्हें बालू की तपिश में झूलना पड़ता है। क्योंकि जो बालू पहले हजार दो हजार में मिल जाता था। उसका दाम सीधे तीन गुना बढ़ गया है। सूत्रों का मानना है कि उसका मुख्य कारण इंट्री और पासिंग है। क्योंकि कारोबारियों को कारोबार करने के लिए कुछ अधिकारी को मोटी रकम चढ़ानी पड़ती है। जिसके कारण बालू के दाम में आग लगा हुआ है। साथ ही कोड़ियों के भाव में मिलने वाला बालू आज सोने के भाव में मिल रहा है।

करमा में लाभुकों के बीच अंगवस्त्र का वितरण

कुजू (आजाद सिपाही)। करमा उत्तरी पंचायत मुखिया सरोज कुमारी ने क्षेत्र के शकील अहमद व प्रवीण महिला मंडल जन वितरण प्रणाली के दुकान में लाभुकों के बीच धोती साड़ी और लूंगी का वितरण किया। मुखिया ने सोना-सोबरन व फूलो-झानो योजना के तहत 701 लाभुकों के बीच अंग वस्त्र वितरित की। इस अवसर पर शकील अहमद, आयशा खातून, हमिदुन निशा, शाहीन परवीन, जय लाल महतो, रामचंद्र साहू शामिल रहे।

देवरिया की स्मृति मुंडा को ब्लैक बेल्ट प्रथम डॉन की मिली उपाधि

भुरकुंडा (आजाद सिपाही)। फुसरो कयाली स्टेडियम में आयोजित ब्लैक बेल्ट ग्रेडिंग परीक्षा में देवरिया निवासी राजेश मुंडा की पुत्री स्मृति मुंडा को ब्लैक बेल्ट प्रथम डॉन का प्रमाण-पत्र व बेल्ट देकर सम्मानित किया गया। ग्रेडिंग परीक्षा में इंडिया चीफ सिहोन जीवी थापा व सितोरियू कराटे के सचिव राकेश कुमार मौजूद थें। प्रतियोगिता में सफल विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करते हुए सिहोन जीवी थापा ने बताया कि मार्शल आर्ट सितोरियो कराटे में 12 वर्षीय छात्रा स्मृति मुंडा कोयलांचल की प्रथम बेटी है जिसको इस उम्र में ब्लैक बेल्ट प्रथम डान के उपाधि से सम्मानित किया गया है। स्मृति मुंडा को सेंसाई कंचन दास पिछले तीन वर्षों कराटे व योग का प्रशिक्षण देते आ रहे हैं। स्मृति की सफलता पर क्षेत्र में हर्ष का माहौल है। वहीं बधाई देने वालों का तांता लगा हुआ है।

जेएसपी फाउंडेशन ने टीबी रोगियों के बीच राशन का किया वितरण

आजाद सिपाही संवाददाता

भुरकुंडा। टीबी मुक्त भारत कार्यक्रम के तहत गुरूवार को जेएसपी फाउंडेशन द्वारा पतरातु प्रखंड कार्यालय में टीबी रोगियों के बीच राशन का वितरण किया गया। यह कार्यक्रम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा टीबी रोगियों को पोषण संबंधी सहायता को प्रोत्साहित करने के लिए शुरू किया गया। साथ ही राष्ट्रीय टीबी उन्मूलन कार्यक्रम के तहत पतरातु प्रखण्ड में टीबी रोग के प्रति जनजागरूकता लाकर वर्ष 2025 तक टीबी को पूरी तरह खत्म करने के लक्ष्य रखा गया है। ज्ञात हो कि 13 जुलाई 2023 को झारखंड सरकार ने जिंदल स्टील द्वारा सीएसआर पहल के अंतर्गत टीबी मरीजों को दिए जा रहे सहयोग हेतु सम्मानित किया था। जेएसपी फाउंडेशन के रवि निवास ने कहा कि जैसा की अक्सर देखने को मिलता है कि कुछ रोगियों और समुदायों में इस बीमारी को लेकर हीन भावना है और लोग इस बीमारी को कलंक के रूप में देखते हैं। यह भ्रम दूर करना होगा एवं सभी को यह जानकारी होनी चाहिए कि टीबी के कीटाणु हर व्यक्ति के शरीर में मौजूद होते हैं। किसी कारणवश जब किसी व्यक्ति की रोग-प्रतिरोधक क्षमता कम हो जाती है तो व्यक्ति में यह रोग दिखता है। इलाज से इस बीमारी से जरूर छुटकारा मिल सकता है। राशन वितरण के दौरान जेएसपी फाउंडेशन से रवि निवास, कुमार राहुल, रश्मिता दस, बीरबल बेदिया और प्रदीप प्रजापति सहित स्वास्थ्य विभाग से डॉ. नितिन तुलसियान, आशीष ऐंड, जीतेंद्र कुमार, सम्बेड कुमार और हरेंद्र प्रसाद मौजूद थें।

विकास पांडेय के आइपीएस बनने पर भुरकुंडा कोयलांचल में हर्ष, दी बधाई

आजाद सिपाही संवाददाता

भुरकुंडा। भुरकुंडा के नामी गल्ला व्यवसायी नंदकिशोर पांडेय व गृहिणी माया देवी के पुत्र विकास पांडेय के आइपीएस बनने पर लोगो ने खुशी का इजहार करते हुये मिठाईयां बांटी। भुरकुंडा बाजार स्थित खोपड़िया बाबा धर्मशाला के समीप कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान लोगो ने कहा कि भुरकुंडा के विकास पांडेय का आइपीएस में पदोन्नति होना हमसबों के लिए भी गौरव की बात है। विकास नवयुवको के लिये एक प्रेरणादायक बन गया है। इन्होने अपनी मेहनत से जेपीएससी की परीक्षा पास कर एसडीपीओ बने। एसडीपीओ पद पर रहते हुये विकास ने रांची, धनबाद, चाईबासा सहित अन्य शहरों में विधि-व्यवस्था को कायम रखने और अपराध को नियंत्रण करने का काम किया। मौके पर पूर्व मुखिया प्रदीप मांझी, दिलीप अग्रवाल, सरोज कांत झा, विनय मिश्रा, जगतार सिंह, राजकिशोर पांडेय, संतोष मिश्रा, बबन पांडेय, रॉबिन मुखर्जी, सतीश मोहन मिश्रा, विक्कु रजक, शंभु रजवार, रितेश मिश्रा, योगेंद्र पाठक, विनय सिंह, अमित शर्मा, बुधन गोस्वामी, राजेंद्र सिंह, सुर्दशन, कुष्णा, पप्पु शर्मा, अंजु ठाकुर, अशोक ठाकुर, प्रेम प्रकाश गुप्ता, बिल्लु अग्रवाल, मंगल सहित दर्जनो लोग मौजुद थें।

सीएन कॉलेज में 30 जुलाई तक होगा नामांकन

कुजू (आजाद सिपाही)। सीएन कॉलेज रामानगर के प्रिंसिपल प्रदीप कुमार सिंह ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी किया। विज्ञप्ति में कहा है कि आगामी 18 जुलाई से 30 जुलाई तक एफवाइयूजीपी चांसलर पोर्टल के माध्यम से बीए, बीकॉम व बीएस सेमेस्टर वन के लिए (सत्र 2023-27) इच्छुक विद्यार्थी अपना नामांकन करा लें। वही, विशेष जानकारी के लिए कार्यालय से संपर्क करे।

विस्थापित संघर्ष मोर्चा ने पीओ के साथ की बैठक

उरीमारी (आजाद सिपाही)। उरीमारी परियोजना कार्यालय में बृहस्पतिवार को परियोजना पदाधिकारी दिलीप कुमार के बुलावे पर विस्थापित संघर्ष मोर्चा ने की बैठक। बैठक में 1975 में असवा मौजा का भूमि सहित उरीमारी पोटंगा और जरजरा के अधिग्रहित भूमि पर चर्चा किया गया। वहीं वार्ता में परियोजना पदाधिकारी ने विस्थापित संघर्ष मोर्चा के नेताओं को आश्वस्त करते हुये कहा कि बकाया भूमि का फाइल बनाकर एक सप्ताह के अंदर हेडक्वार्टर भेजा जायेगा। इस बात पर मोर्चा के लोगों ने सहमति जताते हुये प्रबंधन को आगाह किया कि यदि एक सप्ताह के अंदर बंचित भूमि का फाइल नहीं बनाते हैं तो विस्थापित संघर्ष मोर्चा और ग्रामीण उरीमारी परियोजना का संपूर्ण कार्य बंद करायेगी जिसकी सारी जवाबदेही सीसीएल प्रबंधन की होगी। बैठक में विस्थापित संघर्ष मोर्चा के अध्यक्ष चरका करमाली, उपाध्यक्ष सीताराम किस्कू, कानू मरांडी, कजरु उरांव, सचिव महादेव बेसरा, कोषाध्यक्ष दशाराम मांझी, संगठन मंत्री सिगू मांझी, रैयत विश्राम मांझी, सुकर गंझू, सावना मांझी, जतरु मांझी, मुनिश मांझी, महेश गंझू सहित प्रबंधन की ओर से पदाधिकारीगण मौजूद थे।

पुलिस ने रितिक की मौत से उठाया पर्दा, दो भाई गिरफ्तार

ब्राउन शुगर के अत्यधिक सेवन से हुई थी रितिक की मौत, अंतरराज्यीय तस्कर भी था रितिक

आजाद सिपाही संवाददाता

चतरा। शहर के धंगरटोली मुहल्ला में प्रखंड बीस सूत्री समिति के प्रखंड अध्यक्ष उपेंद्र दांगी के पुत्र रितिक रौशन की संदेहास्पद मौत का आज पुलिस ने खुलासा कर दिया। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अविनाश कुमार के नेतृत्व में गठित एसआइटी की टीम ने हत्या का अनुसंधान कर कई चैकाने वाले खुलासा किया। एसडीपीओ ने सदर थाना में आयोजित प्रेस कांफ्रेस में बताया कि सदर प्रखंड के डमडोइया गांव निवासी उपेंद्र दांगी के पुत्र रितिक रौशन की मौत ब्राउन शुगर के सेवन से हुआ था। यह खुलासा मेडिकल रिपोर्ट में हुआ है। इस मामले में मृतक के दो चचेरे भाई सुरज कुमार और रोहित कुमार को सदर थाना क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया है। एसडीपीओ ने बताया कि मृतक रितिक अपने दोनों चचेरे भाइयों के साथ झारखंड-बिहार समेत अर्न्तराज्यीय ड्रग माफिया गिरोह से जुडा था। उन्होनें कहा कि मृतक और दोनों उसके चचेरे भाई ब्राउन शुगर के साथ अन्य मादक पदार्थों का नियमित सेवन करने के साथ साथ अन्य राज्यों में माफियाओं एवं सफेदपोषों के पास उसकी तस्करी भी करते थे। इसी क्रम में बीते 14 मई की रात रितिक द्वारा अपने दोनों चचेरे भाइयों के साथ ब्राउन शुगर का सेवन किया था लेकिन रितिक ने मादक पदार्थ का अत्यधिक सेवन किया था, उसकी मौत हो गयी थी। एसडीपीओ ने बताया कि अनुसंधान के दौरान कई ऐसे तथ्य सामने आये हैं जिससे यह स्पष्ट है कि मृतक और उसके दो भाइयों के अलावे गिरोह में शामिल अन्य तस्करों और ड्रग माफियाओं द्वारा ब्राउन शुगर की नियमित तस्करी की जा रही है। उन्होंने कहा कि इन तीनों के बैंक के माध्यम से भी ब्राउन शुगर की तस्करी और खरीद बिक्री के खुलासे हुये हैं। इन तीनों के बैंक खातों से ट्रांजक्षन और सीडीआर निकाला गया है। जिसके आधार पर जल्द ही अन्य फरार तस्करों और ड्रग माफियाओं की गिरफ्तारी की जायेगी। एसडीपीओ ने बताया कि एसआइटी में शामिल सदर थाना प्रभारी मनोहर करमाली, अवर निरीक्षक मनोज कुमार पाल, सिकंदर सिंकू, विकास पासवान और तकनीकी शाखा ने प्रोफेशनल तरीके से मामले का अनुसंधान कर संदेहास्पद मौत का खुलासा किया है।

वारंटी को जेल

रामगढ़ (आजाद सिपाही)। पुलिस ने गुरूवार को मारपीट मामले आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। पुलिस को लंबे समय से तलाश था। जानकारी अनुसार नायक टोला रामगढ निवासी बौना उर्फ जेठूआ नायक को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

उपायुक्त ने कार्यो का किया निरीक्षण

चतरा (आजाद सिपाही)। उपायुक्त अबु इमरान राष्ट्रपति ने बुधवार की रात जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम में चल रहे निर्माण कार्य और गिद्धौर प्रखंड के बलबल गांव स्थित मां बागेश्वरी मंदिर में चल रहे निर्माण कार्य और सुंदरीकरण कार्य का जायजा लिया। निरीक्षक के क्रम में उन्होंने तय समय सीमा के अंदर कार्य पूरा करने का निर्देश दिया। इस मौके पर उपायुक्त के साथ जिला खेल पदाधिकारी सह नजारत उपसमाहर्ता तुषार राय समेत अन्य कर्मी उपस्थित थे।

डीएमएफटी के तहत हो रहे कार्यों की डीसी ने की समीक्षा

ससमय कार्यों को करायें पूर्ण : माधवी मिश्रा

आजाद सिपाही संवाददाता

रामगढ़। डीएमएफटी के तहत जिले में हो रहे विकास कार्यों को लेकर गुरुवार को डीसी माधवी मिश्रा ने अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में डीसी ने विभागवार संबंधित कार्यपालक अभियंताओं और अधिकारियों से पूर्व से संचालित योजनाओं के तहत अब तक हुये कार्यों की जानकारी ली। जिसके बाद डीसी ने अधिकारियों को नियमित रूप से क्षेत्र भ्रमण कर कार्य प्रगति का जायजा लेने, गुणवत्ता का ध्यान रखने और ससमय योजनाओं को पूर्ण करने निर्देश दिया।

पंचायत भवन के माध्यम से ग्रामीणों को विकास योजनाओं से जोड़े: डीसी ने ग्रामीण क्षेत्रों में पंचायत भवन के माध्यम से ग्रामीणों और आम जनों को विभिन्न सुविधायें उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। साथ ही पंचायत भवनों तक वर्तमान पहुंच पथ की जानकारी ली और जिन पंचायत भवनों तक पहुंच पथ की वर्तमान स्थिति ठीक नहीं है उनसे संबंधित प्रतिवेदन तैयार करते हुये जिला स्तर पर उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। बच्चों की सुरक्षा के मद्देनजर डीएमएफटी के तहत जिले के विभिन्न क्षेत्रों में स्थित सरकारी विद्यालयों के चारदीवारी कार्यों की समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को गुणवत्ता का पूरा ध्यान रखते हुये जल्द से जल्द कार्य पूर्ण करने और संबंधित प्रतिवेदन जिला स्तर पर ससमय उपलब्ध कराने का निर्देश दिया।

झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय निर्माण की ली जानकारी

डीसी ने डीएमएफटी के तहत चितरपुर और दुलमी प्रखंड में बनाए जा रहे झारखंड बालिका आवासीय विद्यालयों के तहत अब तक हुये कार्यों की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि सुरक्षा दृष्टिकोण से विद्यालयों में सीसीटीवी कैमरे सहित अन्य उपकरणों की उपलब्धता सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

विनोबा भावे विश्वविद्यालय, हजारीबाग

सूचना

राष्ट्रीय शिक्षा नीति - 2020 के तहत विनोबा भावे विश्वविद्यालय, हजारीबाग के अंतर्गत अंगीभूत एवं संबद्ध महाविद्यालयों में चलने वाले चार वर्षीय स्नातक पाठ्यक्रमों के प्रथम समसत्र (सत्रः 2023-27) में नामांकन हेतु चांसलर पोर्टल (www.jharkhanduniversities.nic.in) के द्वारा ऑनलाइन आवेदन 30 जुलाई 2023 तक आमंत्रित किए जाते हैं। आवेदन करते समय अभ्यर्थी को सिर्फ मेजर विषय का चयन करना है। बाकी विषय नामांकन के बाद महाविद्यालय में आवंटित किए जाएंगे। विशेष जानकारी विश्वविद्यालय के वेबसाइट (www.vbu.ac.in) पर उपलब्ध है।

कुलपति के आदेशानुसार
ह./-
कुलसचिव

ज्ञापांक : VBU/CP/01(Vol.-II)/R/1992/2023
दिनांक : 20.07.2023

जिला अभियंता का कार्यालय जिला परिषद्, लातेहार

अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण–सूचना
पुर्न निविदा आमंत्रण सूचना संख्या– 09 वर्ष 2023–24
15वें वित्त आयोग मद

1. विज्ञापन दाता का नाम : जिला अभियंता,जिला परिषद्, लातेहार।
2. परिमाण विपत्र की बिक्री की तिथि : 27.07.2023 (अपराहन् 03:00 बजे तक)
3. परिमाण विपत्र की बिक्री का स्थान : जिला अभियंता, जिला परिषद्, लातेहार।
4. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय : 28.07.2023 को 03:00 बजे अपराहन् तक
5. निविदा प्राप्ति, का स्थान : जिला नियंत्रण कक्ष, (पुलिस अधीक्षक, लातेहार के कार्यालय के समक्ष)
6. निविदा खोलने की तिथि, समय एवं स्थान :28.07.2023 को 03:30 बजे अपराहन्, कार्यालय जिला परिशद, लातेहार।
7. कार्य का विस्तृत विवरण :–

गुप संख्या	योजना का नाम	प्राक्कलित राशि	अग्रधन की राशि	परिमाण विपत्र की राशि	कार्य पूर्ण करने की अवधि
2	प्रखण्ड हेरहंज अन्तर्गत पंचायत+ग्राम सेरनदाग में योगन्द्र यादव के घर से प्रधान के घर तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण।	364000.00	7500.00	750.00	02 माह
9	प्रखण्ड बारियातु अन्तर्गत पंचायत टोंटी ग्राम सिमराटोली में बैजू उरांव के घर से आंगनबाडी भवन तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण।	368000.00	7500.00	750.00	02 माह

8. परिमाण विपत्र का मूल्य जो **सचिव, जिला परिषद, लातेहार** के पदनाम से देय होगा, जो **भारतीय स्टेट बैंक, लातेहार** में भुगतेय होगा।
9. उक्त निविदा में जिला परिशद, लातेहार अन्तर्गत समुचित श्रेणी में निबंधित संवेदक ही भाग ले सकते है।
10. Ucan Certificate (Updated New Version) की प्रति संलग्न करना अनिवार्य होगा।
11. जिला परिशद, लातेहार के मासिक बैठक में लिए गये निर्णय के अनुसार संबंधित प्रखण्ड के संवेदकों को कार्य आवंटित किया जाएगा। (प्रखण्ड बारियातु के योजना में प्रखण्ड हेरहंज एवं बालूमाथ के संवेदक भी भाग ले सकते है।)
12. अग्रधन की अंकित राशि (NSC) 05 वर्षीय/03 वर्षीय/डाकघर सावधि जमा पत्र/03 वर्षीय/05 वर्षीय/बैंक सावधि जमा पत्र (F.D) 05 वर्षीय/03 वर्षीय, कम्पनी के मामले में झारखण्ड राज्य के राष्ट्रीयकृत बैंक का B.G जो **जिला अभियंता, लातेहार** के नाम से प्रतिज्ञिप्त (प्लेज) कराते हुए निविदा के साथ संलग्न करना अनिवार्य होगा।

जिला अभियंता
जिला परिषद्, लातेहार

PR 302804 (Rural Development)23-24*D

झारखण्ड सरकार
कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग(सहकारिता प्रभाग)
कार्यालय– जिला सहकारिता पदाधिकारी, हजारीबाग
Email ID –dcocophzb@yahoo.in

कृशि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग(सहकारिता प्रभाग) अंतर्गत झारखण्ड राज्य सहकारी समितियों अधिनियम 1935 के अंतर्गत निबंधित विभिन्न विशेष प्रकार की सहकारी समितियों यथा–फल सब्जी उत्पादक, वनोत्पाद, लाह, मत्स्य, बुनकर, डेयरी, पोल्ट्री, उपभोक्ता सामग्री, महिला विकास आदि को वितीय वर्श 2023–24 मे कार्यशील पूँजी के रूप मे प्रति समिति न्यूनतम 2.00 लाख रू0 एवं अधिकतम 5.00 लाख रू0 उपलब्ध कराया जाना है जिसका चयन जिला स्तर पर गठित कमेटी के द्वारा किया जाएगा।

विभागीय स्वीकृत्यादेश संख्या–03 दिनांक 04.05.2023 के कंडिका–05 के अनुरूप विशेष प्रकार की सहकारी समितियो का चयन निम्नांकित मापदण्डो के अनुरूप किया जाएगा –

01 समिति का निर्वाचन अद्यतन हो
02 समिति द्वारा वितीय वर्ष 2021–22 तक का अंकेक्षण करा लिया गया हो।
03 समिति द्वारा वितीय वर्ष 2021–22 तक का बकाया अंकेक्षण शुल्क की राशि जमा कर दी गयी हो।
04 समिति द्वारा पूर्व से बीज/उर्वरक/कृशि/मत्स्य/बुनकर/फल–सब्जी/डेयरी/पोल्ट्री/उपभोक्ता सामग्री/महिला विकास आदि का कार्य/व्यवसाय संचालित किया जाता रहा हो।
05 समिति मे पर्याप्त आधारभूत संरचना यथा–कार्यालय/गोदाम/फर्नीचर की स्थिति अच्छी/ संतोषजनक हो।
06 समिति मे वाहन के आवागमन की सुविधा हो।
07 समिति पिछले तीन वितीय वर्षो यथा–2019–20, 2020–21 एवं 2021–22 तक बैक डिफॉल्टर नही रहा हो।
08 समिति का वार्शिक कारोबार कम से कम 3.00 (तीन) लाख रूपये हो।
09 समिति का व्यवसाय पिछले दो वर्षो से लगातार घाटे मे नही हो।
10 समिति मे पर्याप्त मानव संसाधन की व्यवस्था हो।
11 समिति मे नियमित रूप से प्रबंधकारिणी समिति एवं वार्षिक आमसभा की बैठक आयोजित होती रही हो।
12 चयनित विशेष प्रकार की सहकारी समितियों के पास उनके कार्य की प्रकृति के अनुरूप लाईसेंस हो।
13 समितियों के चयन मे अंकेक्षित वर्गीकरण (Audit Classification) A एवं B Category प्राप्त समितियों का प्राथमिकता दी जायेगी। A एवं B Category समितियों की अनुपलब्धता की स्थिति मे C Category प्राप्त समितियों का चयन आवश्यकतानुसार किया जायेगा।

विभागीय स्वीकृत्यादेश के कंडिका–09 के अनुसार हजारीबाग जिलान्तर्गत सभी इच्छुक एवं आवश्यकताधारी तथा चयन मापदण्ड को पूरा करने वाले विशेष प्रकार की सहकारी समितियों को निम्न विहित प्रपत्र मे प्रपत्र के साथ जमा किए जाने वाले अभिलेख के साथ संबंधित प्रखण्ड के प्रखण्ड सहकारिता प्रसार पदाधिकारी/सहकारिता प्रसार पदाधिकारी द्वारा अनुशंसित प्रस्ताव प्रकाशन की तिथि से एक सप्ताह के अंदर कार्यालय जिला सहकारिता पदाधिकारी हजारीबाग मे जमा करना होगा।

विहित प्रपत्र

प्रखण्ड का नाम	समिति का नाम/पता एवं निबंधन संख्या	गत निर्वाचन की तिथि	आधारभूत संरचना				वितीय प्रतिवेदन			
			कर्मी की संख्या	कार्यालय (हॉ/नही)	गोदाम (क्षमता)	फर्निचर फिक्सचर	गत अंकेक्षण का वर्ष	अंकेक्षण शुल्क भुगतान की स्थिति	लाभ/हानि (2021–22 के पूर्व तीन वर्षो में) 2019–20:– 2020–21:– 2021–22:–	वार्षिक कारोबार (रूपये में)

प्रपत्र के साथ जमा किये जाने वाले अभिलख :–
01 अंकेक्षण प्रतिवेदन (2021–22 के पूर्व तीन वर्शो में)
02 निर्वाचन प्रमाण पत्र
03 व्यवसाय कार्य योजना
04 कारोबार संबंधित लाइसेन्स
05 शपथ पत्र–(क) समिति की प्रबंधकारिणी एवं वार्षिक आम सभा की बैठक नियमित रूप से होती रही है।
(ख) समिति वर्ष 2019–20, 2020–21 एवं 2021–22 मे बैक डिफाल्टर नही रहा है।

विशेष जानकारी के लिए अपने प्रखण्ड के प्रखण्ड सहकारिता प्रसार पदाधिकारी/सहकारिता प्रसार पदाधिकारी/कार्यालय जिला सहकारिता पदाधिकारी हजारीबाग मे सम्पर्क किया जा सकता है।
कार्यालय का पता–जिला सहकारिता पदाधिकारी,हजारीबाग,सहकारिता भवन,रविन्द्र पथ, हजारीबाग–825301

विश्वासभाजन
जिला सहकारिता पदाधिकारी
हजारीबाग

PR 302815 (Co-opretive)23-24*D

ट्रायल से छूट

कल तक देश के मेडल विजेता पहलवानों के विरोध प्रदर्शन के कारण सुर्खियों में आयी भारतीय कुश्ती अब इनमें से कुछ पहलवानों को एशियन गेम्स 2023 में बगैर ट्रायल एंट्री दिये जाने से खड़े हुए विवाद को लेकर चर्चा में है। इंडियन ओलिंपिक एसोसिएशन के एडहॉक पैनल ने मंगलवार को एक सर्कुलर में कहा कि उसने मेंस फ्री स्टाइल 65 किलो और विमिंस 53 किलो कैटिगरी में पहलवानों का चयन पहले ही कर लिया है और अब तीनों स्टाइलों की छह-छह वेट कैटिगरी में ही ट्रायल होगा। बाद में इस बात की पुष्टि की गयी कि जिन पहलवानों को ट्रायल से छूट मिली है, उनके नाम बजरंग पूनिया और विनेश फोगाट हैं। इसके बाद स्वाभाविक ही उन पहलवानों को निराशा हुई, जो इन कैटिगरीज में एशियन गेम्स जाने की उम्मीद लगाये हुए थे और ट्रायल में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने की तैयारी कर रहे थे। इनके करीबी लोगों ने यह संकेत दिया है कि वे इस फैसले के खिलाफ कोर्ट जा सकते हैं। हालांकि जहां तक नियमों की बात है, तो ओलिंपिक समिति पर दायरे के बाहर जाकर फैसला करने का आरोप नहीं लगाया जा सकता। मौजूदा नियमों के मुताबिक सिलेक्शन कमेटी चाहे तो ओलिंपिक और वर्ल्ड चैंपियनशिप मेडलिस्टों के मामले में अपने विवेकाधिकार का इस्तेमाल करते हुए उन्हें ट्रायल से छूट दे सकती है। इसलिए यहां सवाल सिर्फ इस विवेकाधिकार के इस्तेमाल का है। इसमें दो राय नहीं कि बजरंग पूनिया और विनेश फोगाट दोनों ही उस श्रेणी में आते हैं और उन्हें समिति के विवेकाधिकार का फायदा मिल सकता है, लेकिन रवि दहिया भी इस श्रेणी में आते हैं और उन्हें फायदा नहीं दिया गया। अगर दलील यह दी जाये कि लंबे समय तक विरोध प्रदर्शन में शामिल रहने के कारण इन दोनों पहलवानों की तैयारियों पर असर पड़ा होगा, तो फिर यह सवाल और बड़ा हो जाता है कि क्या इन दोनों पहलवानों को छूट देकर एशियन गेम्स में देश की मेडल जीतने की संभावनाओं को कम कर दिया गया है? हालांकि यह बात भी ध्यान में रखने की है कि मेडल विजेता पहलवानों को ट्रायल से छूट का यह कोई पहला मामला नहीं है। संभावना यह भी है कि ये दोनों पहलवान एशियन गेम्स में मेडल जीत कर आलोचकों का मुंह बंद कर दें। मगर भूलना नहीं चाहिए कि अपना करियर तक दांव पर लगाकर यही पहलवान अभी हाल तक सड़कों पर बैठे थे, जिसका उद्देश्य था देश की कुश्ती को कथित गंदगी से मुक्त करना। ऐसे में खुद अपने लिए ट्रायल से छूट हासिल कर कुश्ती को विवादों में फंसाना कैसे उचित कहा जा सकता है? सबसे अच्छा विकल्प अब यही बचता है कि ये पहलवान खुद घोषणा करें कि वे इस छूट का इस्तेमाल नहीं करेंगे और ट्रायल से गुजरकर ही एशियन गेम्स में एंट्री लेंगे।

संभावना यह भी है कि ये दोनों पहलवान एशियन गेम्स में मेडल जीत कर आलोचकों का मुंह बंद कर दें। मगर भूलना नहीं चाहिए कि अपना करियर तक दांव पर लगाकर यही पहलवान अभी हाल तक सड़कों पर बैठे थे, जिसका उद्देश्य था देश की कुश्ती को कथित गंदगी से मुक्त करना।

अभिमत
आजाद सिपाही

सीसीइ ने 3,68,676.70 करोड़ रुपये आबंटित कर यूरिया सब्सिडी को 31 मार्च, 2025 तक विस्तार दिया है। इस विस्तार में 2022-23 से 2024-25 तक के वित्तीय वर्ष शामिल हैं। मोदी सरकार ने स्वदेशी उत्पादन पर बल दिया है, जिसके फलस्वरूप देश में यूरिया उत्पादन 2014-15 में 207.54 लाख मीट्रिक टन (एलएमटी) से बढ़ कर 2022-23 में 283.74 लाख मीट्रिक टन हो गया है।

टिकाऊ खाद प्रबंधन के लिए भारत की नयी पहल

नरेंद्र सिंह तोमर

यूरिया गोल्ड नामक नये युग के वैल्यू एडेड यूरिया की शुरुआत की गयी है, जिसमें सल्फर कोटिंग होती है। यह रचनात्मक कोटिंग फसलों को एक महत्वपूर्ण सैकेंडरी प्लांट न्यूट्रिएंट, सल्फर उपलब्ध करायेगी। यूरिया गोल्ड यूरिया की खपत को कम करता है और नाइट्रोजन को धीमी गति से रिलीज करता है, जिससे फसल की उत्पादकता में वृद्धि होती है।

भारत में 1.4 अरब लोगों के लिए राष्ट्रीय सुरक्षा लक्ष्य सुनिश्चित करने के लिए टिकाऊ कृषि आवश्यक है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में रसायन और उर्वरक मंत्रालय ने रासायनिक फर्टिलाइजर के असंतुलित इस्तेमाल के समाधान के लिए सक्रिय पहलें की हैं। इन पहलों का उद्देश्य नीतियों में बदलाव, निवेश, वित्तीय सहायता, तकनीकी हस्तक्षेप और विभिन्न प्रयासों के माध्यम से भारतीय कृषि को संरचनात्मक रूप से बदलना है। स्थिति की तात्कालिकता को पहचानते हुए 28 जून, 2023 को आर्थिक मामलों की कैबिनेट कमेटी (सीसीइए) ने 3,70,128.7 करोड़ रुपये की यूरिया सब्सिडी योजना को जारी रखने और आर्गैनिक फर्टिलाइजर के इस्तेमाल को बढ़ावा देने के लिए कई पहलों को मंजूरी दी। सरकार टिकाऊ कृषि और 141 अरब हैक्टेयर भूमि वाले 120 मिलियन से अधिक किसानों की भलाई के लिए सदैव प्रतिबद्ध है। सरकार द्वारा की गयी प्रमुख पहलें इस प्रकार हैं:-

यूरिया सबसिडी योजना का विस्तार : सीसीइ ने 3,68,676.70 करोड़ रुपये आबंटित कर यूरिया सब्सिडी को 31 मार्च, 2025 तक विस्तार दिया है। इस विस्तार में 2022-23 से 2024-25 तक के वित्तीय वर्ष शामिल हैं।

कैबिनेट कमेटी (सीसीइए) ने 3,70,128.7 करोड़ की यूरिया सब्सिडी योजना को जारी रखने और आर्गैनिक फर्टिलाइजर के इस्तेमाल को बढ़ावा देने के लिए कई पहलों को मंजूरी दी।

मोदी सरकार ने स्वदेशी उत्पादन पर बल दिया है, जिसके फलस्वरूप देश में यूरिया उत्पादन 2014-15 में 207.54 लाख मीट्रिक टन (एलएमटी) से बढ़ कर 2022-23 में 283.74 लाख मीट्रिक टन हो गया है। इससे पूरे देश के किसानों को सस्ते यूरिया की उपलब्धता रहेगी।

नैनो यूरिया इकोसिस्टम को मजबूत बनाना : दुनिया में भारत पहला देश है जिसने दुनिया का पहला स्वदेशी तरल नैनो यूरिया विकसित किया है और भारतीय किसानों को सशक्त बनाने के लिए एक रचनात्मक, पर्यावरण-मित्र और सस्ते उत्पाद के साथ इसका व्यावसायिक उत्पादन किया है। मार्च 2023 तक, 76.5 मिलियन बोतलों का उत्पादन किया गया है,जो पारंपरिक यूरिया के 33.6 एलएमटी के बराबर है। 54.2 मिलियन बोतलें बेची गयी हैं। 2025-26 तक, 195 एलएमटी पारंपरिक यूरिया के बराबर 440 मिलियन बोतलों की उत्पादन क्षमता वाले 8 नैनो यूरिया प्लांट्स शुरू हो जायेंगे। किसानों को पारंपरिक डीएपी के प्रभावी और लागत कुशल विकल्प के रूप में नैनो डीएपी से भी परिचित कराया गया है।

देश को उर्वरक क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से सरकार ने 6 यूरिया उत्पादन यूनिट कोटा, राजस्थान में चंबल फ?टलाइजर्स लिमिटेड; पानागढ़, पश्चिम बंगाल में मैटिक्स लिमिटेड; रामागुंडम, तेलंगाना में; गोरखपुर, उत्तर प्रदेश; सिंदरी, झारखंड और बरौनी, बिहार में लगाये और पुनर्जीवित किये हैं। इन स्वदेशी उत्पादन यूनिटों और नैनो यूरिया प्लांट के शुरू होने से यूरिया को आयात करने की आवश्यकता कम हो जायेगी और देश 2025-26 तक यूरिया के मामले में आत्मनिर्भर हो जायेगा।

गोबरधन योजना के माध्यम से ऑर्गैनिक फर्टिलाइजर को बढ़ावा : मार्केट विकास सहयोग (एमडीए) के तहत, सरकार अद्वितीय, बहुआयामी, वेस्ट टू वैल्थ गोबरधन पहल से जुड़े संयंत्रों में उत्पादित ऑर्गैनिक फर्टिलाइजर के लिए 1,500 रुपये प्रति मीट्रिक टन की दर से आर्थिक सहायता प्रदान करेगी। इस पहल में विभिन्न बायोगैस और नवीकरणीय ऊर्जा योजनाएं, स्वच्छता, वेस्ट मैनेजमैंट कार्यक्रम शामिल हैं। वित्त वर्ष 2023-24 से वित्त वर्ष 2025-26 के लिए 1,451.84 करोड़ रुपये खर्च किए जाने से भारत में ऑर्गैनिक फर्टिलाइजर के विकास को और बढ़ावा मिलेगा, इसमें 360 करोड़ रुपए की रिसर्च गैप फंडिंग भी शामिल है। किसानों को वन-स्टॉप समाधान के रूप में कृषि इनपुट (जैविक उर्वरक सहित) सेवाएं प्रदान करने और उन्हें सशक्त बनाने के लिए, देश भर में लगभग 100,000 प्रधानमंत्री किसान समृद्धि केंद्र स्थापित किये गये हैं।

यूरिया गोल्ड नामक नये युग के वैल्यू एडेड यूरिया की शुरुआत की गयी है, जिसमें सल्फर कोटिंग होती है। यह रचनात्मक कोटिंग फसलों को एक महत्वपूर्ण सैकेंडरी प्लांट न्यूट्रिएंट, सल्फर उपलब्ध करायेगी। यूरिया गोल्ड यूरिया की खपत को कम करता है और नाइट्रोजन को धीमी गति से रिलीज करता है, जिससे फसल की उत्पादकता में वृद्धि होती है। यह टिकाऊ फर्टिलाइजर यूरिया के संतुलित उपयोग करने के सरकार के प्रयासों को गति देगा।

आर्थिक मामलों की कैबिनेट समिति द्वारा हाल ही में दी गयी मंजूरी टिकाऊ कृषि और किसानों की भलाई के लिए भारत सरकार की अटूट प्रतिबद्धता को दर्शाती है। यूरिया सब्सिडी योजना का विस्तार, पीएम प्रमाण की शुरुआत, गोबरधन के माध्यम से आर्गैनिक फर्टिलाइजर को बढ़ावा और यूरिया गोल्ड सभी पर्यावरण-अनुकूल और कुशल कृषि क्षेत्र के निर्माण में योगदान करते हैं। इन पहलों के अलावा, सरकार ने रासायनिक फर्टिलाइजर के संतुलित उपयोग को बढ़ावा देने और ऑर्गैनिक, बायो और नैनो फर्टिलाइजर जैसे वैकल्पिक फर्टिलाइजर को अपनाने के लिए बड़े पैमाने पर जागरूकता अभियान भी शुरू किया है। इन प्रयासों का उद्देश्य भूमि को बेहतर बनाना और धरती माता का पोषण करना है। किसान देश की प्रगति में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं और इन योजनाओं का उद्देश्य किसानों की आजीविका को बढ़ाना, टिकाऊ कृषि और कृषि क्षेत्र में समग्र विकास को बढ़ावा देना है।

(लेखक : केंद्रीय कृषि मंत्री हैं।)

जमशेदपुर की खबरें

आदित्यपुर शहरी स्वास्थ्य केंद्र में 24 घंटे प्रसव का दावा, अनुभवहीन नर्स के भरोसे

आजाद सिपाही संवाददाता

आदित्यपुर। शहरी स्वास्थ्य केंद्र आदित्यपुर की व्यवस्था भगवान भरोसे चलने की बात सामने आरही है। बताया जा रहा है केंद्र में 24 घंटे प्रसव की व्यवस्था होने का दावा किया जाता लेकिन अनुभवहीन नर्स के भरोसे ही व्यवस्था छोड़ दी गई। तीन शिफ्ट के बजाए दो शिफ्ट में ही नर्सों से काम लिया जा रहा। कहने को तो यहां दो एमबीबीएस डॉक्टरों की प्रतिनियुक्ति है। जिसमे एक डॉक्टर को बंध्याकरण में राजनगर प्रतिनियुक्त किया गया। जिन्होंने राजनगर को छोड़ यही सेवा दे रहे। वही एक आयुष डॉक्टर की भी यहां प्रतिनियुक्ति है उनकी सेवा नगण्य है। अब इसे स्वास्थ्य कर्मियों की कमी कहें या विभागीय उदासीनता। वैसे करीब सवा लाख की आबादी पर एक शहरी स्वास्थ्य केंद्र है उसमें भी सुविधा भगवान भरोसे है। जो कहीं न कहीं सरकारी स्वास्थ्य व्यवस्था की पोल खोल रही हैं।

मणिपुर की घटना के विरोध में आक्रोशित झामुमो व कांग्रेस नेताओं ने किया पुतला दहन

आजाद सिपाही संवाददाता

जमशेदपुर। मणिपुर की घटना को लेकर पूर्वी सिंहभूम जिले में इसका असर देखने को मिला। गुरुवार को कांग्रेस व झामुमो नेताओ ने भाजपा के खिलाफ जमकर विरोध प्रदर्शन किया। साकची गोलचक्कर में दोनों पार्टी के सैकड़ों नेता व कार्यकताओं ने केंद्र सरकार का पुतला दहन कर विरोध दर्ज कराया। मौके पर कांग्रेस पार्टी के जिला अध्यक्ष आनंद बिहारी दुबे ने बताया केंद्र सरकार बेटी पढ़ाओ बेटी बचाओ की बात करती है लेकिन मणिपुर की घटना में कोई पहल नहीं की। उन्होंने कहा देश मे महिलाओं के साथ अत्याचार होना, महिलाओं की हत्या होना दुर्भाग्य की बात है। 2024 के चुनाव में जनता इसकी जवाब देगी। उन्होंने कहा निंदनीय घटना के खिलाफ कांग्रेस पार्टी आक्रोशित होकर केंद्र सरकार का पुतला दहन कर विरोध प्रदर्शन किया जा रहा है। वही झामुमो के पूर्व सांसद सुमन महतो ने कहा जिस तरह से महिलाओं पर अत्याचार हो रही है इससे पता चलता है महिलाएं सुरक्षित नहीं है। ऐसी स्थिति में वहां के मुख्यमंत्री को गद्दी छोड़ देना चाहिए। उन्होंने कहा इस तरह के घटना दुर्भाग्य है। केंद्र सरकार को जांच कर उचित कार्रवाई करनी चाहिए।

झामुमो ने केंद्र सरकार पर साधा निशाना, कहा मणिपुर की घटना डबल इंजन की सरकार के लिए धब्बा

मणिपुर की घटना से पूरा देश मर्माहत : समीर महंती

आजाद सिपाही संवाददाता

जमशेदपुर। झारखंड में लोकसभा और विधानसभा चुनाव को लेकर सभी पार्टियां तैयारी में जुट गए हैं। गुरुवार को झामुमो ने सर्किट हाउस में भाजपा के खिलाफ जमकर बरसे। मौके पर बहरागोड़ा के झामुमो विधायक समीर महंती ने कहा मणिपुर की घटना से पूरा देश मर्माहत है। यह घटना केंद्र एवं राज्य की डबल इंजन की सरकार के लिए धब्बा है। विधायक श्री महंती ने कहा बीते कई महीने से मणिपुर जल रही है। लेकिन केंद्र सरकार कोई कदम नहीं उठा रही है। उन्होंने कहा मणिपुर में महिलाओं से हुई बर्बरता काफी निंदनीय है। देश में अमन-चैन खत्म हो गया है। श्री महंती ने कहा जिन वादों के साथ केंद्र में मोदी सरकार सत्ता में आयी वे वादे पूरा नहीं हो पाया। उन्होंने कहा आज महंगाई चरम सीमा पर है। भ्रष्टाचार का बोलबाला है। युवाओं को रोजगार नहीं मिल रहा है। देश के सरकारी संस्थान को बेचा जारहा है। विधायक श्री महंती ने कहा झारखंड में हेमंत सरकार जनता की उम्मीदों पर खरी उतरने वाली सरकार है। बीते सरकारों के 19 वर्षों के शासनकाल पर तीन वर्ष का शासनकाल भारी पड़ रहा है।हेमंत सोरेन शहीदों के सपनों का झारखंड बनाने की दिशा में कदम उठा रहे हैं। चाहे वह स्वास्थ्य सेवा हो, शिक्षा का मामला हो या क्षेत्र के विकास कार्य। सभी मोर्चे पर सरकार जनता के उमीदो पर काम कर रही है। मौके पर झामुमो के वरिष्ठ नेता सह 20 सूत्री समिति के उपाध्यक्ष मोहन कर्मकार ने कहा देश की जनता महंगाई से काफी परेशान है। जनता सब समझ रही है। 2024 में इसका जबाब देगी। उन्होंने कहा केंद्र में मोदी सरकार के 2024 में विदाई तय है। उन्होंने कहा विपक्ष हर मोर्चे पर मुखर होकर काम कर रही है। देश की जनता मोदी सरकार की जुमलेबाजी में नहीं आने वाली है। सरकार का महंगाई पर कोई नियंत्रण नहीं है। युवाओ को रोजगार नहीं है,एम्स खोले जाने की घोषणा करके सरकार इसे पूरा नहीं कर पा रही है। मणिपुर जल रहा है। लेकिन सरकार हाथ पर हाथ धरे बैठी है। उन्होंने कहा राज्य में हेमंत सोरेन के नेतृत में झामुमो पुनः सरकार बनाएगी। सांप्रदायिक शक्तियों को हराने का काम करेगी। मौके पर पूर्व सांसद सुमन महतो, महावीर मुर्मू, बीर सिंह सुरेन, गोपाल महतो,राजा सिंह सहित अन्य झामुमो नेता शामिल रहे।

किसानों ने खेतों तक पानी पहुंचाने के लिए किया श्रमदान

घाटशिला। नहर में पानी छोड़े जाने की सूचना पर दामपाड़ा क्षेत्र के किसानो ने खेतों तक पानी पहुंचाने की पहल शुरू कर दी। बताया जा रहा है दामपाड़ा क्षेत्र में भीषण गर्मी के कारण नदी, नाले, तालाब के पानी सूख गया था। पर्याप्त बारिश नहीं होने पर खेती का कार्य भी बाधित होने लगा था। उधर नहर में पानी छोड़े जाने की जानकारी मिलने पर गुरुवार को सैकड़ों की संख्या में किसान श्रमदान कर लकड़ी के सहारे व बोरे में बालू भर स्तर को ऊंचा करने का प्रयास में जुट गए। मौके पर क्षेत्र की जिला परिषद सदस्य देवयानी मुर्मू पहुंच कर किसानों को आर्थिक मदद की।

जेएमएम विधायक ने गिनायी उपलब्धियां, कहा, हेमंत सरकार के साढ़े तीन वर्षों का कार्यकाल बेमिसाल

24 के चुनाव में जनता देगी जवाब : मंगल कालिंदी

उन्होंने कहा अब तक क्षेत्र के विकास में विधायक निधि से 13 करोड़ रुपया खर्च किया गया।

आजाद सिपाही संवाददाता

जमशेदपुर। झारखंड में लोकसभा व विधानसभा चुनाव को लेकर सभी पार्टी तैयारी में जुट गयी है। एक तरफ जुगसलाई विधान सभा क्षेत्र में भाजपा व सहयोगी आजसू पार्टी हेमंत सरकार से जनता की मांग को पूरी करने की मांग कर रहे है। वही जुगसलाई विधायक मंगल कालिंदी ने अपनी उपलब्धियों को गिनाने में जुटे है। गुरुवार को सर्किट हाउस में विधायक ने वित्तीय वर्ष 2020-21/2021-22 में किये गए कार्य की लेखा जोखा व सरकार के उपलब्धियो से संबंधित पत्रकारों को जानकारी दी। मौके पर जुगसलाई विधायक सह सत्तारूढ़ दल के सचेतक श्री कालिंदी ने बताया जुगसलाई विधानसभा क्षेत्र में हो रहे विकास कार्यों से विरोधी पार्टियां घबरा गई हैं। अनाप-सनाप बयानबाजी कर कार्यों का श्रेय लेने की होड़ मच गई हैं। ऐसे लोगों की मंशा क्षेत्र की जनता अच्छी तरह समझ गई है। समय आने पर जनता इसका जवाब देगी। विधायक कालिंदी कहा झारखंड बनने के बाद हेमंत सरकार के साढ़े तीन वर्षों की कार्यकाल में जनता के लिए जितने काम हुए उतने कार्य विगत 19 वर्षों में नहीं हुए। उन्होंने कहा अब तक क्षेत्र के विकास में विधायक निधि से 13 करोड़ रुपया खर्च किया गया। कई ऐसी योजनाएं है ग्रामीणों की मांग पर गावों में पूरी की गई। कई योजना आजादी के बाद से विकास की बाट जोह रहे थे जिसे पूरा किया जा रहा है। इसका प्रत्यक्ष उदाहरण जमशेदपुर प्रखंड के गदड़ा से टुपुडांग जाने वाली सड़क, जानेगोड़ा से लाटकुगोड़ा होते हुए नरवा मेन रोड तक जाने वाली सड़क है। वर्षों से पटमदा के माचा में बनकर तैयार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र को खुलवा कर सुविधाएं मुहैया करवायी गयी। ताकि ग्रामीणों को इलाज के लिए शहर आने की जरूरत न पड़े। वही जमीनदाताओं को नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया। इसके अलावे क्षेत्र में सात नए उप स्वास्थ्य केंद्र का निर्माण करवाया जा रहा। उन्होंने कहा आने वाले समय में जुगसलाई विधानसभा क्षेत्र विकास के पैमाने पर कीर्तिमान स्थापित करेगी। विधायक कालिन्दी ने बताया जुगसलाई विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत गोविंदपुर तिलका मांझी चौक से गदड़ा, राहरगोड़ा, बारीगोड़ा, सरजामदा, शंकरपुर, परसुडीह तक लगभग 10 किलोमीटर सड़क निर्माण के लिए वे अनवरत प्रयासरत हैं। सड़क निर्माण के लिए विगत 23 मार्च को मुख्यमंत्री से मिलकर प्रशासनिक स्वीकृति देने के लिए आग्रह किया गया। विभाग के सचिव से 31 मई को मिलकर उपरोक्त सड़क के अलावे गोविंदपुर फाटक से नरवा-जादूगोडा मेन रोड तक सड़क निर्माण की मांग रखी गई। जल्द ही इस दिशा में कार्य प्रारंभ होगा। इसी बीच सड़क निर्माण की श्रेय लेने के लिए दूसरे दलों के नेताओं की रांची दौड़ शुरू हो गई। उन्होंने कहा वे श्रेय की राजनीति नहीं करते, जनता ने चुना है, जनता के हित के लिए सदैव कार्य करते रहेंगे। विधायक ने बताया ग्रामीण क्षेत्र की जनता को शुद्ध पेयजल उपलब्ध हो इस दिशा में उनके प्रयास से जल जीवन मिशन के तहत कई योजनाओं की स्वीकृति मिलने पर कार्य प्रारंभ किया गया। 228 करोड़ की लागत से पटमदा-बोड़ाम की जनता के लिए वाटर प्लांट का निर्माण किया जा रहा। इससे 35 हजार लोगों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध होगा। हुरलूंग पंचायत के 22 घरों में स्वर्णरेखा नदी के माध्यम से शुद्ध पानी की सप्लाई होगी। जमशेदपुर प्रखंड के सुखलाड़ा में ग्रामीण पाईप जलापूर्ति योजना के तहत पानी मुहैया कराया जाएगा। विधायक ने कहा खैरबनी सामुटोला में प्रस्तावित कचरा प्लांट जन उपयोगी है। निर्माण को लेकर बाधाएं आरही उसे जल्द दूर किया जायेगा।

विभागीय अधिकारी, ग्रामसभा व जन प्रतिनिधि इस मामले में हल निकालेंगे। विधायक ने कहा कोई भी विभागीय अधिकारी ग्रामसभा को दरकिनार कर कार्य नहीं करें। ग्रामसभा को विश्वास में लेकर योजनाएं धरातल पर उतारें। वगैर सूचना के मापी करने जाना, ग्रामीणों के साथ दुर्व्यवहार करना उचित नहीं होगा। विधायक ने कहा मनपीटा में बनने वाले हेवी मोटर व्हीकल ट्रेनिंग सेंटर के संबंध जल्द समाधान किया जायेगा।

महत्वपूर्ण न्यूज

विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी ने अपने समर्थकों के साथ जीयर स्वामी का दर्शन कर लिया आशीर्वाद

बंशीधर नगर (आजाद सिपाही)। विंध्य क्षेत्र अंतर्गत पाल्हे-जतपुरा गांव में पूज्य संत श्री जीयर स्वामी जी महाराज का दर्शन कर आशीर्वाद लेने के लिए लोगों की भीड़ उमड़ रही है। इसी क्रम में गुरुवार को मझिआंव विश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक सह पूर्व मंत्री रामचंद्र चंद्रवंशी अपने समर्थकों के साथ यज्ञ स्थल पर पहुंचे। यहां श्री स्वामी जी महाराज का दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। रामचंद्र चंद्रवंशी ने कहा कि यहां के लोग बड़े भाग्यशाली हैं कि देश के महान संत श्री जीयर स्वामी जी महाराज का पांच महीने का सानिध्य मिल रहा है। यहां की धरती इतने बड़े तपस्वी को पाकर धन्य हो गई। पूर्व मंत्री को यज्ञ समिति के सचिव अनीश शुक्ल, सह सचिव राकेश चौबे, उपाध्यक्ष अमित शुक्ला आदि ने प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। साथ ही अक्टूबर माह में होने वाले श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ में भाग लेकर पुण्य का भागी बनने के लिए आमंत्रण पत्र दिया। मौके पर सुनील चौबे, उमेश शुक्ला, धीरेंद्र चौबे, ओमप्रकाश तिवारी आदि उपस्थित थे।

मुकुंदपुर पंचायत के मुखिया ने पीसीसी पथ का किया शिलान्यास

केतार (आजाद सिपाही)। प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत मुकुंदपुर पंचायत के ताली गांव में गुरुवार को मुखिया मूंगा साह ने पीसीसी सड़क का शिलान्यास विधिवत पूजा-अर्चना के पश्चात नारियल फोड़कर किया। उक्त सड़क पंद्रहवें वित्त की राशि 2 लाख 49 हजार 5 सौ रु. की लागत से भीम साह के घर से अरूण साह के घर तक बनेगी। इस मौके पर मुखिया मूंगा साह ने कहा कि इस सड़क को बनने से गांव के ग्रामीणों को आवागमन में सहुलियत होगी। उन्होंने कहा कि पंचायत की हर कच्ची सड़क को धीरे धीरे पक्कीकरण किया जायेगा। उन्होंने संवेदक को गुणवत्तापूर्ण सड़क बनाने को कहा। इस मौके पर पंचायत विधायक प्रतिनिधि मनीलाल गुप्ता, मेराजुद्दीन अंसारी, संतोष प्रसाद, सुग्रीव साह, शम्भू साह, हजारी साह, बजारी साह, पप्पू साह, महेंद्र साह, सिताराम साह, गुड्डू साह, अनुज कुमार, दिनेश गुप्ता, दिवाकर साह, दीनानाथ साह, जाटा राम, विनोद साह, रवि गुप्ता, राम अवतार चंद्रवंशी, रामजी चंद्रवंशी, मोहित साह, शिव कुमार सिंह, मानीक चंद्र गुप्ता, भोला साह सहित अन्य लोग मौजूद थे।

कांडी में बारिश से खपड़ैल मकान ध्वस्त

कांडी (आजाद सिपाही)। प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत पतीला गांव निवासी श्याम बिहारी चंद्रवंशी का मिट्टी का खपड़ैल मकान गुरुवार की सुबह अचानक पूर्ण रूप से ध्वस्त हो गया। इस संबंध में भुक्तभोगी ने बताया कि सभी व्यक्ति सुबह में ही खाना बना-खाकर खेत में काम करने चले गए थे कि अचानक मिट्टी का जर्जर मकान ध्वस्त होकर गिर पड़ा। जिससे घर के अंदर रखे सभी सामान मकान के अंदर ही दब गये। मकान ध्वस्त होने से घर के लगभग पांच परिवार बेघर हो गए। बरसात के मौसम होने के कारण दूसरे के घर शरण लेने के लिए मजबूर हो गए। आशियाना विहीन परिजनों ने बीडीओ तथा पंचायत के मुखिया से प्रधानमंत्री आवास योजना कि लाभ दिलाने की मांग की है। श्याम बिहारी चंद्रवंशी की दयनीय स्थिति होने के कारण वह अपने से मकान बनाने में असमर्थता जताते हैं। वह दिन भर मजदूरी कर अपने घर के सभी सदस्यों का भरण पोषण करते हैं। इस संबंध में पंचायत के मुखिया अमित कुमार दुबे ने बताया कि घर ध्वस्त होने की सूचना मुझे मिली है, मैं कांडी बीडीओ मनोज कुमार तिवारी से मिलकर जल्द से जल्द प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाऊंगा।

केतार थाना परिसर में मोहर्रम को लेकर शांति समिति बैठक आयोजित

केतार (आजाद सिपाही)। इस्लाम धर्मावलंबियों का पर्व मोहर्रम को लेकर केतार थाना परिसर में बुधवार की शाम बीडीओ मुकेश मछुआ की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में दोनों समुदाय के दर्जनों गणमान्य लोग मौजूद थे। बैठक में त्यौहार के दौरान उत्पन्न होने वाली समस्याओं पर चर्चा की गई। इसमें बेला बार ग्राम निवासी अल्ताफ अंसारी और जसीमुद्दीन अंसारी ने कहा कि चौक से नदी तक एवं कर्बला तक जाने वाले रास्ते में कुछ लोग के द्वारा रास्ते पर मवेशी बांधा जाता है। जिससे हम लोगों को दिक्कत होती है। वहीं नूर मोहम्मद के द्वारा कहा गया कि हम सब को भी पाचादडूमर गांव का रास्ता में विवाद होता है, इसे हल कराया जाए। इस पर बीडीओ मुकेश मछुआ एवं थाना प्रभारी संतोष कुमार रवि ने त्वरित कार्रवाई करते हुए उक्त दोनों जगहों पर तत्काल निरीक्षण करके रास्ते से अतिक्रमण हटाने का आश्वासन दिया गया। इसके अलावा थाना प्रभारी संतोष कुमार ने कहा त्योहार चाहे किसी भी समुदाय का हो मिलजुल कर सौहार्दपूर्ण तरीके से मनाना चाहिए। त्योहार के दौरान अफवाहों से बचने का प्रयास करें। मौके पर सीआई नागेंद्र पाठक, प्रमुख प्रतिनिधि सुरेंद्र प्रसाद, सांसद प्रतिनिधि त्रिपुरारी, मुखिया मुन्नी देवी, मूंगा साह, श्याम सुंदर बैठा, प्रमोद कुमार, मनोरंजन प्रसाद गुप्ता, हेमंत पाठक, बीस सूत्री उपाध्यक्ष सुशील पाठक, अली हुसैन अंसारी, मेराजुद्दीन अंसारी, जसमुद्दीन अंसारी सहित अन्य उपस्थित थे।

बैठक : उपायुक्त ने की जिला सलाहकार समिति एवं स्वास्थ्य विभाग के कार्यों की समीक्षा, कहा

अवैध क्लीनिक एवं झोला छाप चिकित्सकों के विरुद्ध चलायें छापेमारी अभियान

स्वास्थ्य विभागों के कार्यों में सीएचओ नगर उंटारी का प्रदर्शन असंतोषजनक पाये जाने पर उपायुक्त ने दिये स्पष्टीकरण के निर्देश

आजाद सिपाही संवाददाता

गढ़वा। उपायुक्त-सह-जिला समुचित प्राधिकार शेखर जमुआर की अध्यक्षता में जिला सलाहकार समिति (पीसी एंड पीएंडडीटी) एवं स्वास्थ्य विभाग अंतर्गत विभिन्न कार्यों से संबंधित समीक्षा बैठक आयोजित की गई। पीसी एंड पीएंडडीटी की बैठक के प्रारंभ में जिला कार्यक्रम प्रबंधक गढ़वा, प्रवीण सिंह द्वारा पीसी एंड पीएनडीटी ऐक्ट पर प्रेजेंटेशन के माध्यम से संक्षिप्त जानकारी दी गयी। बैठक में मुख्य रूप से गढ़वा जिले में अल्ट्रासाउंड क्लीनिक/सेंटर, पीसी एंड पीएनडीटी एक्ट के तहत रजिस्टर्ड क्लीनिक, पिछले बैठक में लिए गए निर्णय का अनुपालन, नए अल्ट्रासाउंड केंद्र हेतु प्राप्त आवेदन एवं रिन्यूअल को लेकर कमेटी द्वारा विचार विमर्श किया गया। बैठक में उपायुक्त ने गढ़वा जिला में अनाधिकृत रूप से बिना लाइसेंस के संचालित क्लीनिक एवं झोला छाप चिकित्सकों के विरुद्ध कार्रवाई को लेकर गहन छापेमारी अभियान चलाने एवं आवश्यक कार्रवाई का निर्देश दिया। वहीं नए क्लीनिक के लाइसेंस हेतु आवेदन में फायर सेफ्टी ऑडिट रिपोर्ट, वेस्ट डिस्पोजल एवं रेंट एग्रीमेंट का पेपर अनिवार्य रूप से देने को कहा गया। बैठक में उपस्थित सभी निजी अस्पतालों के प्रतिनिधियों को ससमय बर्थ रिपोर्ट साझा करने का निर्देश दिया गया। उपायुक्त ने स्वास्थ्य विभाग अंतर्गत विभिन्न कार्यों की भी समीक्षा की। गर्भवती महिला के रजिस्ट्रेशन की समीक्षा करते हुए नगर उंटारी प्रखंड में गर्भवती महिलाओं के रजिस्ट्रेशन में कमी पायी गयी, जिसे लेकर सेंटर हेल्थ ऑफिसर को शत-प्रतिशत रजिस्ट्रेशन का निर्देश दिया गया। फर्स्ट ट्राइमेस्टर की समीक्षा के दौरान प्रदर्शन पहले से बेहतर पाया गया। उपायुक्त ने आगे भी बेहतर कार्य जारी रखने का निर्देश दिया। संस्थागत प्रसव की समीक्षा के दौरान मेराल में 93% सबसे अच्छा प्रदर्शन पाया गया एवं जिले का प्रतिशत 81% पाया गया। उपायुक्त ने संस्थागत प्रसव पर जोर देते हुए लोगों को जागरूक करने को कहा।

स्वास्थ्य विभागों के कार्य के कई क्षेत्रों में सीएचओ नगर उंटारी का प्रदर्शन संतोषजनक नहीं रहने पर उपायुक्त द्वारा नाराजगी व्यक्त करते हुए स्पष्टीकरण करने का निर्देश दिया गया। बैठक में फैमिली प्लानिंग, एनीमिया मुक्त झारखंड, प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत एवं मिशन इंद्रधनुष पर भी उपायुक्त ने समीक्षा की। एनीमिया मुक्त झारखंड को लेकर उपायुक्त ने सभी मामलों को पोर्टल में नोटिफाइड करने एवं स्कूल/आंगनबाड़ी केंद्र आधारित आईएफए अनुपूरण कार्यक्रम चलाने का निर्देश दिया। वहीं संबंधित विभाग की प्रतिनिधि निशा तिर्की ने स्वास्थ्य शिक्षा एवं महिला एवं बाल विकास विभाग को समन्वय स्थापित कर एनीमिया मुक्त झारखंड की दिशा में कार्य करने की बात कही। उपायुक्त ने सभी संबंधित विभागों को आपस में समन्वय स्थापित कर एनीमिया मुक्त झारखंड को लेकर कार्य करने का निर्देश दिया। बैठक में प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत पर भी चर्चा करते हुए मुहिम के तहत कार्य करने का निर्देश दिया गया। मिशन इंद्रधनुष की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने कहा कि वैसे बच्चे जो किसी कारणवश टीकाकरण से वंचित रह गए हों उन्हें चिन्हित कर आवश्यक रूप से उनका टीकाकरण सुनिश्चित करें। बैठक में डीडीसी आयुक्त राजेश कुमार राय, एसडीओ गढ़वा राज महेश्वरम, सिविल सर्जन डॉ अनिल कुमार, जिला टीबी ऑफिसर डॉ कमलेश कुमार, जिला कार्यक्रम प्रबंधक प्रवीण सिंह, जिला डीएसडब्लूओ पूर्णिमा कुमारी, डीपीआरओ साकेत कुमार पांडे समेत कार्यपालक अभियंता भवन प्रमंडल, सभी एमओआईसी, सभी सीएचओ, निजी अस्पताल के प्रतिनिधि, डीडीएम, डीपीसी समेत अन्य संबंधित उपस्थित थे।

मणिपुर की घटना के विरोध में कांग्रेसियों ने केंद्र सरकार का पुतला फूंका

आजाद सिपाही संवाददाता

केंद्र सरकार अब तक मणिपुर में चल रही जातीय हिंसा रोकने में पूर्णतः नाकाम रही है : ओबैदुल्लाह हक अंसारी

गढ़वा। गढ़वा ज़िला कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष ई. ओबैदुल्लाह हक अंसारी के नेतृत्व में शाम 5.30 बजे रंका मोड़ के पास देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह का पुतला दहन किया गया। इस मौके पर जिला अध्यक्ष ने कहा कि आप सभी इस बात से अवगत हैं कि किस प्रकार मणिपुर राज्य पिछले ढाई महीने से जातीय हिंसा में जल रहा है। बावजूद इसके हमारे देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मूकदर्शक बने हुए हैं। केंद्र सरकार अब तक मणिपुर में चल रही जातीय हिंसा रोकने में पूर्णतः नाकाम रही है। मणिपुर में भीड़ द्वारा आदिवासी महिलाओं को नंगा कर उनके शरीर के साथ दुर्व्यवहार करने का शर्मनाक विडियो सामने आया है। इस विडियो के वायरल होने के बाद हमारे राष्ट्रीय अध्यक्ष आदरणीय मल्लिकार्जुन खड़गे जी ने प्रधानमंत्री की चुप्पी पर सवाल उठाया उसके बाद प्रधानमंत्री ने आज चुप्पी तोड़ी। आदिवासी महिलाओं के साथ हुई इस अमानवीय घटना से आज पूरा देश शर्मसार है। पुतला दहन कार्यक्रम में प्रदेश सचिव प्रभात कुमार दुबे उर्फ. बड्डू दुबे, वरिष्ठ कांग्रेसी उदय नारायण तिवारी, ज़िला महासचिव ओम प्रकाश चौबे, डॉक्टर परवेज आलम, ज़िला सचिव दिवाकर चौबे, सफी अहमद, आसिफ खान, गढ़वा प्रखंड अध्यक्ष योगेन्द्र चौबे, रंका प्रखंड अध्यक्ष बृजेंद्र चौधरी, मझीआंव प्रखंड अध्यक्ष आनंद यादव,एन एस यू आइ ज़िला अध्यक्ष पीयूष चौबे, महासचिव अंकित मिश्रा, युवा कांग्रेस के ज़िला महासचिव रोहित पांडेय, गुड्डु तिवारी, मोबारक अंसारी, सुभासपा अध्यक्ष याकूब एकबाल, मुमताज अंसारी सहित अन्य लोग मौजूद थे।

झामुमो ने केंद्र व मणिपुर सरकार का पुतला फूंका

टाउन हॉल से मणिपुर के भाजपा सरकार की शव यात्रा निकाली गई

आजाद सिपाही संवाददाता

गढ़वा। झामुमो केंद्रीय कमिटी के निर्देशानुसार गुरुवार को शहर के रंका मोड़ पर केंद्र व मणिपुर की भाजपा सरकार का पुतला दहन किया गया। मणिपुर में पिछले करीब तीन माह से हो रहे हिंसा और पिछल दिनों की शर्मसार करने वाली जघन्य अपराध पर केंद्र सरकार की चुप्पी और मणिपुर सरकार की रवैया के विरोध में झामुमो कार्यकर्ताओं ने पुतला दहन किया। इस दौरान टाउन हॉल से मणिपुर के भाजपा सरकार की शव यात्रा निकाली गई। चिनियां मोड़ होते हुए रंका मोड़ पर पहुंचकर सभा में तब्दील हो गई। तत्पश्चात पुतला दहन किया गया। मौके पर वक्ताओं ने कहा कि मणिपुर राज्य की दो महिलाओं को निर्वस्त्र कर घुमाए जाने का वीडियो सोशल मीडिया पर प्रसारित हुआ है। इसकी जानकारी केन्द्र एवं मणिपुर राज्य की सरकार को 77 दिनों के बाद प्राप्त होती है। ये भाजपा की महिलाओं के प्रति सोच को दर्शाता है। इस प्रकरण के दोषियों पर कार्रवाई करने के बजाय सिर्फ दो पंक्तियां बोल देना भाजपा के चाल एवं चरित्र को उजागर करता है। भाजपा की इस गलत मानसिकता के खिलाफ भाजपा के नेतृत्व वाली केन्द्र सरकार एवं मणिपुर राज्य सरकार का पुतला दहन किया गया। मौके पर झामुमो जिलाध्यक्ष तनवीर आलम, सचिव मनोज ठाकुर, ताहिर अंसारी, शंभू चन्द्रवंशी, शरीफ अंसारी, असर्फी राम, झामुमो युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष संजय सिंह उर्फ छोटू, अल्पसंख्यक मोर्चा जिला अध्यक्ष आलमगीर अंसारी, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष रेखा चौबे, अनिता दत्त, चंदा देवी, मेराल प्रमुख दीपमाला, प्रखण्ड अध्यक्ष फुजैल अहमद, फखरे आलम खान, करीब अंसारी, नुरूलहोदा अंसारी, कार्तिक पाण्डेय, जमील अंसारी, नीलू खान, मोख्तार अंसारी, मिन्हाज आलम, विपुल तिवारी उपस्थित थे।

सदर अस्पताल में जांच में दंपती एचआइवी पॉजिटिव पाये गये

आजाद सिपाही संवाददाता

गढ़वा। गढ़वा सदर अस्पताल में गुरुवार को जांच के दौरान पति पत्नी एचआईवी पॉजिटिव पाये गये हैं। उक्त दोनों नगर उंटारी थाना क्षेत्र के रहने वाले हैं।

इस संबंध में महिला ने बताया कि उसके पति चेन्नई में रहकर राजमिस्त्री का काम करते थे। घर आने के बाद उन्हें बुखार आने लगा। इसके बाद दवा खाने के बाद ठीक हो जाता था और फिर से बुखार चढ़ जाता था। इस बात को लेकर उसकी पत्नी ने डालटेनगंज अस्पताल और गढ़वा के निजी अस्पताल में उसका इलाज कराया।

उन्होंने जांच भी कराया, लेकिन बीमारी का पता नहीं चल पा रहा था। इस तरह डेढ़ साल से बीमार चल रहा था। इसके बाद मार्च 2023 से उसकी तबीयत गंभीर हो गयी। इसके बाद उसकी पत्नी ने उसे झाड़-फूंक भी करवाया, उससे भी नहीं ठीक होने के बाद गुरुवार को पति-पत्नी गढ़वा सदर अस्पताल में अपना इलाज कराने के लिए आए हुए थे। इस दौरान चिकित्सकों ने उन्हें जांच कराने के लिए कहा। जब सदर अस्पताल के जांच घर में एचआईवी की जांच अविनाश कुमार के द्वारा की गयी तो इस दौरान दोनों दंपति पॉजिटिव पाए गए। इसके बाद दोनों को मेदनीनगर भेज दिया गया।

विरोध : सेविका की मनमानी से आक्रोशित ग्रामीणों ने आंगनबाड़ी में बच्चों को नहीं भेजने का लिया निर्णय

बीडीओ से की तत्काल आंगनबाड़ी सेविका को हटाने की मांग

गत 25 जून को पोषक क्षेत्र के ग्रामीण ने सेविका की मनमानी को लेकर आंगनबाड़ी केंद्र में ताला लगाते हुए अधिकारियों को सूचना दी थी

आजाद सिपाही संवाददाता

बड़गड़। प्रखंड क्षेत्र के रामर गांव टोला सखुआपानी आंगनबाड़ी केंद्र के पोषक क्षेत्र के आक्रोशित ग्रामीणों ने सेविका की कथित मनमानी से आक्रोशित होकर आंगनबाड़ी केंद्र में अपने बच्चों को नहीं भेजने का निर्णय निर्णय लिया है। आक्रोशित ग्रामीणों ने गुरुवार को प्रखंड प्रमुख व पंचायत के मुखिया की उपस्थिति में बच्चों को आंगनबाड़ी केंद्र नहीं भेजने को लेकर प्रखंड विकास पदाधिकारी विपिन कुमार भारती के नाम आवेदन देते हुए तत्काल आंगनबाड़ी सेविका पर कार्रवाई करते हुए दूसरे आंगनबाड़ी सेविका को नियुक्त करने तक अपने-अपने बच्चों को आंगनबाड़ी केंद्र नहीं भेजने का निर्णय लिया। लोगों ने आवेदन में जिक्र करते हुए सेविका पर आरोप लगाया है कि सरकार के द्वारा मिलने वाले किशोरी युवती और धात्री महिलाओं को समय पर पोषाहार नहीं दिया जाता है। ना ही सरकार के द्वारा बच्चों के लिए मिलने वाले पोषक आदि का लाभ दिया जाता है।

गत 25 जून को पोषक क्षेत्र के ग्रामीणों के द्वारा सेविका की मनमानी को लेकर आंगनबाड़ी केंद्र में ताला लगाते हुए अधिकारियों को सूचना दी गयी थी। जिस पर प्रखंड विकास पदाधिकारी सह सीडीपीओ विपिन कुमार भारती के द्वारा केंद्र के जांच उपरांत आंगनबाड़ी सेविका का एक दिन का मानदेय काटते हुए आंगनबाड़ी केंद्र में उपस्थित नहीं रहने का स्पष्टीकरण मांगा गया था। साथ ही उन्होंने कार्य में सुधार लाने की बात कही थी।

इस संबंध में पूछे जाने पर बीडीओ विपिन कुमार भारती ने बताया कि आवेदन के आलोक में जांच कर पोषक क्षेत्र के लाभुकों को सरकार से मिलने वाले समुचित लाभ मिले इसकी व्यवस्था की जाएगी।

झारखण्ड सरकार
कार्यपालक अखियंता का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, खूँटी

ई० प्रोक्योरमेन्ट अति–अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना

T. Reference No. :- DWSD/KH-04/2023-24 (1st Call) Date-20.07.2023

Sl. No.	Name of Work	Estimated Cost (Rs.)	Bid Security (Rs.)	Cost of BOQ (Rs.)	Time of Completion
A)	Construction of Rural Pipe Water Supply Scheme through D.T./HYDT/GPT/HYGPT Solar based 1 HP/ 2 HP D.C. Motor pump Complete set for different tolas of concern village which is not included in MVS and has no electricity or less electricity to supply water 2000 LPH maximum at least 15/30 Years for 24 X 7 Supply with 100 % Coverage by TAP Water Facility in Khunti -(R), Murhu, Karra, and Torpa Block under J.J.M				
1	Murhi Group of SVS under Block- Khunti	4129119.00	82600.00	5000.00	9 Months
2	Hatudami Group of SVS under Block- Khunti	833256.00	17000.00	1250.00	3 Months
3	Maranghada Group of SVS under Block- Khunti	588603.00	12000.00	1250.00	9 Months
4	Maranghada Group of SVS under Block- Khunti	1675916.0	34000.00	5000.00	6 Months
5	Dandol Group of SVS under Block- Khunti	6531848.00	131000.00	10000.00	9 Months
6	Buruhatu Group of SVS under Block- Khunti	7111171.00	143000.00	10000.00	9 Months
7	Kotlo Group of SVS under Block- Khunti	887663.00	18000.00	1250.00	3 Months
B)	Date of Tender Uploading on Website	27.07.2023/05.00 PM.			
C)	Bid Submission Start Date	27.07.2023/05.00 PM.			
D)	Bid Submission End Date	03.08.2023/05.00 PM.			
E)	Last date of Submission of Cost of BOQ and EMD (Hard Copy)	04.08.2023/05.00 PM.			
F)	Place of receipt of Bid (Hard Copy)	1. Office of the Regional Chief Engineer, D.W. & S. Department Ranchi Zone. 2. Office Of the Superintending Engineer, D.W.&S. Ranchi Circle, Ranchi 3. Office of the Executive Engineer, D.W. & S . Division, Khunti			
G)	Date of Opening of Tender	05.08.2023/11.00 AM			
H)	Name & Address of office Inviting Tender	Executive Engineer, Drinking Water & Sanitation Division, Khunti.			
I)	Name & Address of opening Officer	Executive Engineer, Drinking Water & Sanitation Division, Khunti.			
J)	Contact No. of Procurement Office	06528-299928			
K)	Helpline No. of e-procurement cell	7717776462			

नोटः– विशेष जानकारी के लिये वेबसाईट – http://jharkahndtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, खूँटी

PR 302838 Drinking Water and Sanitation(23-24)#D

झारखण्ड सरकार
कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, खूँटी

ई० प्रोक्योरमेन्ट अति–अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना

T. Reference No. :- DWSD/KH-24/2022-23 (2nd Call) Date-20.07.2023

Sl. No.	Name of Work	Estimated Cost (Rs.)	Bid Security (Rs.)	Cost of BOQ (Rs.)	Time of Completion
A)	Construction of Rural Pipe Water Supply Scheme through D.T./HYDT/GPT/HYGPT Solar based 1 HP/ 2 HP D.C. Motor pump Complete set for different tolas of concern village which is not in cluded in MVS and has no electricity or less electricity to supply water 2000 LPH maximum at least 15/30 Years for 24 X 7 Supply with 100 % Coverage by TAP Water Facility Khunti and Arki Block under J.J.M.				
1	Jojodih SVS Group of Scheme Under Block- Arki	812563.00	17000.00	1250.00	3 Months
2	Tekania SVS Group of Scheme Under Block- Arki	1647939.00	33000.00	5000.00	6 Months
3	Balamda SVS Goup of Scheme Under Block- Arki	1562550.00	32000.00	5000.00	6 Months
4	Kulburu SVS Group of Scheme Under Block- Arki	636017.00	13000.00	1250.00	3 Months
5	Selda SVS Group of Scheme Under Block- Arki	3578172.00	72000.00	5000.00	6 Months
6	Bokrashisa SVS Group of Scheme Under Block- Khunti	2398423.00	48000.00	5000.00	6 Months
7	Bandih SVS Group of Scheme Under Block- Khunti	2618080.00	53000.00	5000.00	6 Months
8	Durmi/Dull SVS Group of Scheme Under Block- Khunti	3483028.00	70000.00	5000.00	6 Months
9	Bhut SVS Group of Scheme Under Block- Khunti	2282472.00	46000.00	5000.00	6 Months
10	Senegutu SVS Group of Scheme Under Block- Khunti	7457404.00	150000.00	10000.00	6 Months
11	Chukru SVS Group of Scheme Under Block- Khunti	819255.00	17000.00	1250.00	3 Months
12	Takra SVS Group of Scheme Under Block- Khunti	1552668.00	32000.00	5000.00	6 Months
13	Sukrisereng SVS Group of Scheme Under Block- Khunti	1698717.00	34000.00	5000.00	6 Months
14	Nehaldih SVS Group of Scheme Under Block- Khunti	1600996.00	33000.00	5000.00	6 Months
15	Budadih SVS Group of Scheme Under Block- Khunti	1567253.00	32000.00	5000.00	6 Months
16	Kanki SVS Group of Scheme Under Block- Khunti	2788289.00	56000.00	5000.00	6 Months
B)	Date of Tender Uploading on Website	27.07.2023/05.00 PM.			
C)	Bid Submission Start Date	27.07.2023/05.00 PM.			
D)	Bid Submission End Date	03.08.2023/05.00 PM.			
E)	Last date of Submission of Cost of BOQ and EMD (Hard Copy)	04.08.2023/05.00 PM.			
F)	Place of receipt of Bid (Hard Copy)	1. Office of the Regional Chief Engineer, D.W. & S. Department Ranchi Zone. 2. Office Of the Superintending Engineer, D.W.&S. Ranchi Circle, Ranchi 3. Office of the Executive Engineer, D.W. & S. Division, Khunti			
G)	Date of Opening of Tender	05.08.2023/11.00 AM.			
H)	Name & Address of office Inviting Tender	Executive Engineer, Drinking Water & Sanitation Division, Khunti.			
I)	Name & Address of opening Officer	Executive Engineer, Drinking Water & Sanitation Division, Khunti.			
J)	Contact No. of Procurement Office	06528-299928			
K)	Helpline No. of e-procurement cell	7717776462			

नोटः–विशेष जानकारी के लिये वेबसाईट – http://jharkahndtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, खूँटी।

PR.NO.302839 Drinking Water and Sanitation(23-24):D

डीडीसी की अगुवाई में जिला स्तरीय स्वास्थ्य समिति की बैठक हुई

लोहरदगा (आजाद सिपाही)। उप विकास आयुक्त समीरा एस की अध्यक्षता में जिला स्तरीय स्वास्थ्य समिति की समीक्षा बैठक समाहरणालय सभागार में आयोजित हुई। बैठक में लोहरदगा जिला में इस वित्तीय वर्ष के प्रथम तिमाही में एएनसी रजिस्ट्रेशन, एनीमिक महिलाओं की पहचान और उनका ईलाज, हिमोग्लोबीन की कमी वाले महिलाओं की पहचान और उनका ईलाज, लिंगानुपात, संस्थागत प्रसव, कुशल अटेंडेंट के द्वारा घर में हुए डिलिवरी, नवजात को एक घंटे के अंदर स्तनपान कराये जाने, अल्पवजनी बच्चों की संख्या आदि बिंदुओं पर समीक्षा की गई। सिविल सर्जन को जिला के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों के लिए क्रय किये गये अल्ट्रासाउंड मशीनों के संचालन के लिए यूपीएस का क्रय कर अल्ट्रासाउंड मशीनों का इस्तेमाल प्रारंभ कराने का निदेश दिया गया। बैठक जून माह में टीबी रोगियों, मलेरिया रोगियों और कुष्ठ रोगियों की पहचान और ईलाज की समीक्षा की गयी और आवश्यक निदेश दिये गये। बैठक में सिविल सर्जन डॉ संजय कुमार सुबोध, सदर अस्पताल उपाधीक्षक, डीपीएम एनएचएम, अस्पताल प्रबंधक, सभी एमओआईसी और अन्य समन्वयक उपस्थित थे।

डीसी और डीडीसी से मिला झारखंड संवेदक संघ का प्रतिनिधिमंडल

लोहरदगा(आजाद सिपाही)। झारखंड संवेदक संघ लोहरदगा का एक प्रतिनिधिमंडल सूरज अग्रवाल की अगुवाई में लोहरदगा के उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण और उप विकास आयुक्त समीरा एस से मुलाकात किया। महामहिम राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू द्वारा लोहरदगा के उपायुक्त और उप विकास आयुक्त भूमि सम्मान गौरव पुरस्कार प्राप्त कर लोहरदगा का सम्मान बढ़ाया इसके लिए संवेदक संघ ने दोनों पदाधिकारी को बधाई देते हुए उन्हें बुके देकर सम्मानित किया। संवेदक को विकास कार्य में उत्पन्न हो रही समस्याओं के विषय में इन्हे आवेदन सौंपा गया। उपायुक्त और उप विकास आयुक्त ने इसे गंभीरता से लेते हुए त्वरित कार्रवाई करने की बात कही। प्रतिनिधिमंडल में मुलाकात करने वाले मनोज नाथ शाह, जहांगीर आलम, मनोज साहू, प्रेमचंद साहू, अजहर आलम, रिंकू वर्मा, साजिद खान आदि उपस्थित थे।

लल्लन तुरी बने आजसू प्रखंड अध्यक्ष

बरवाडीह(आजाद सिपाही): बरवाडीह प्रखंड के सामुदायिक भवन में गुरुवार को आजसू प्रखंड कमेटी की बैठक आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में आजसू जिला सचिव विरेंद्र ठाकुर उपस्थित थे। बैठक में पूर्व कमेटी को भंग करते हुए आजसू प्रखंड कमेटी का गठन किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से लल्लन तुरी को आजसू प्रखंड अध्यक्ष मनोनीत किया गया। जबकि प्रखंड सचिव कुंदन कुमार, विजय सिंह को उपाध्यक्ष, मकसूद आलम को अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के प्रखंड अध्यक्ष मनोनीत किया गया। जिला सचिव श्री ठाकुर ने नव मनोनीत प्रखंड अध्यक्ष को 15 दिनों के अंदर प्रखंड कमेटी का विस्तार करते हुए इसकी सूची जिला कार्यालय में उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। मौके पर पंचायत अध्यक्ष रमेश यादव, अशोक कुमार, लल्लन यादव, रामानंदन सिंह, विजय सिंह, अशोक सिंह, सुनील कुमार, प्रमोद कुमार, संजय कुमार आदि कार्यकर्ता मौजूद थे।

झामुमो ने किया केंद्र और भाजपा का पुतला दहन

लोहरदगा(आजाद सिपाही)। झामुमो जिला अध्यक्ष मोजम्मिल अहमद के नेतृत्व में झामुमो जिला समिति ने केंद्र सरकार और भाजपा पार्टी का पुतला दहन किया। मौके पर जिला अध्यक्ष ने कहा कि मणिपुर राज्य की दो महिलाओं को निर्वस्त्र कर घुमाये जाने का वीडियो सोशल मीडिया में फैलने के बाद तथा देश के सर्वोच्च न्यायालय के स्वतः संज्ञान लेने के बाद जागी। केंद्र तथा मणिपुर राज्य की भाजपा सरकार महिलाओं के चीरहरण, उसकी स्मिता से हुए खिलवाड़ के विरोध में सिर्फ चंद पंक्तियाँ ही कह पायी। 77 दिन बाद भी दोषियों पर कार्रवाई के जगह सिर्फ दो पंक्तिया बोल देना, भाजपा के चाल और चरित्र को उजागर करता है। मौके पर जिला सचिव अनिल उरांव, युवा जिला अध्यक्ष अजय उरांव, सचिव हर्ष तिवारी, उपाध्यक्ष अख्तर अंसारी, अल्पसंख्यक जिला अध्यक्ष सतिम टोप्पो, सचिव मंसूर आलम, उपाध्यक्ष जुणाब आलम, जिला परिषद सदस्य राधा तिर्की, सेन्हा बिसुत्री अध्यक्ष अफरोज, आलम भंडरा प्रखंड अध्यक्ष परवेज आलम समेत अन्य मौजूद थे।

भाजयुमो ने पंचायत में निकाली बाइक यात्रा

सेन्हा-लोहरदगा(आजाद सिपाही): भाजयुमो ने सेन्हा प्रखंड के अलौदी पंचायत सहित विभिन्न पंचायत में निकाली विशाल बाइक यात्रा चलाया जनसंपर्क अभियान। सेन्हा प्रखंड क्षेत्र में भारतीय जनता युवा मोर्चा झारखंड प्रदेश मंत्री के नेतृत्व में भाजयुमो लोहरदगा युवा साथियों द्वारा एक विशाल बाइक यात्रा का आयोजन किया गया। बाइक यात्रा की शुरूआत सेन्हा भाजपा मंडल मुख्यालय से प्रारंभ होकर कल्हेपाट, बूटी पंचायत के कंडरा झखरा, चमडु, अलौदी पंचायत के सुरसुरिया होते हुए हेसवे तक पहुंची जहां सभा मे तब्दील हुआ। मौके पर प्रदेश अध्यक्ष किशलय तिवारी ने कहा कि संगठन द्वारा निर्धारित महा जनसंपर्क अभियान का यह एक स्वरूप है। बाइक यात्रा में रामजीत यादव, तेवारी उराँव, विश्वनाथ मिस्त्री, अरविंद उराँव, प्रकाश यादव, जोएस कुजूर, चुन्नी प्रजापति सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता शामिल थे।

एक साथ छह साल का सफाई शुल्क का नोटिस थमाना न्यायोचित नहीं

लोहरदगा(आजाद सिपाही)। लोहरदगा नगर परिषद द्वारा गुदरी बाजार स्थित आवंटित दुकानों के दुकानदारों को पिछले 6 साल का सफाई शुल्क की राशि एकमुश्त अदा करने का नोटिस थमाया गया है। इस मामले को लेकर दुकानदारों में नगर परिषद के विरुद्ध रोष देखा जा रहा है। इस मामले को लेकर दुकानदारों ने उपायुक्त और लोहरदगा चेंबर ऑफ कॉमर्स को एक ज्ञापन भी सौंपा है। दुकानदारों ने बताया कि नगर परिषद द्वारा झारखंड राज्य ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के सेवा शुल्क नियमावली 2016 के अनुसूची 'क' के तहत मुख्य बाजार के दुकान से प्रत्येक माह मासिक सफाया शुल्क 500 रुपये की दर से प्रारंभ सितंबर 2017 से जून 2023 तक बकाया सफाई शुल्क राशि 35500 रु शत प्रतिशत 3 दिनों के अंदर भुगतान करने का नोटिस थमाया गया है। साथ ही जीएसटी नंबर, लाइसेंस, अपडेट विद्युत बिल आदि कई तरह के कागजात भी होनी चाहिए अन्यथा दुकान को सील करते हुए नीलाम कर दिया जायेगा। उन्होंने कहा कि यह किसी भी नजरिये से सफाई शुल्क के रूप में मांगी जाने वाली राशि न्यायोचित नहीं है। मौके पर संजय बर्म्मन, दशरथ महतो, विजय सिंह, विनोद पंडा, दिलीप कुमार, राजकुमार बरई, राजकिशोर महतो, सतीश साहू, सुनील महतो शामिल थे।

20 साल से मिल्लत कॉलोनी में रह रहा है परिवार, पिता हैं बीएसएनएल के ठेका कर्मी

गेमिंग एप के सहारे आइएसआइएस के संपर्क में आया आतंकी फैजान

एनआइए और दिल्ली पुलिस की टीम को मिली कई अहम जानकारियां

आजाद सिपाही संवाददाता

लोहरदगा। एनआइए और दिल्ली पुलिस की टीम द्वारा गिरफ्तार आइएसआइएस आतंकी फैजान का परिवार पिछले 20 साल से शहर के न्यू रोड स्थित मिल्लत कॉलोनी में रह रहा है। मूल रूप से बिहार के रहनेवाले फिरोज अंसारी बीएसएनएल में ठेका कर्मी हैं। बताया जाता है कि फैजान गेमिंग एप के माध्यम से दुर्दांत आतंकी संगठन आइएसआइएस के संपर्क में आया। उसके लैपटॉप से गेमिंग एप से बड़ी संख्या में लेन-देन का पता चलने के बाद एनआइए और दिल्ली पुलिस की टीम ने उसके घर पर छापा मारा और फैजान को गिरफ्तार किया।

फैजान ने अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी से इंजीनियरिंग की पढ़ाई की है। पढ़ाई के दौरान वह आइएसआइएस से प्रभावित हुआ था और फिर उससे जुड़ गया। पिछले करीब दो वर्ष से वह लोहरदगा में रह रहा था। उसके पास से भड़काने वाले कई वीडियो, पेन ड्राइव और अन्य आपत्तिजनक सामान बरामद किये गये हैं।

सर्किट हाउस में पूछताछ के दौरान उसने बताया कि उसने इलाके के कई युवाओं से संपर्क में है। जांच एजेंसियां फिलहाल इस बात का पता लगाने का प्रयास कर रही हैं कि वह यहां पर रहकर किस प्रकार की आतंकी गतिविधि को संचालित कर रहा था।

पड़ोसियों से बातचीत नहीं करता था : जानकारी के अनुसार फैजान अपने पड़ोसियों से कभी बातचीत नहीं करता था। हालांकि उसके परिवार के लोगों के बारे में आसपास के लोगों का कहना है कि परिवार बेहद शालीन था। फैजान से मिलने भी कोई नहीं आता था। वह अधिकांश समय अपने घर में ही रहता था और घरवालों से भी बेहद कम बातचीत करता था।

लोहरदगा में ही हुई थी स्कूली पढ़ाई : फैजान की स्कूली शिक्षा लोहरदगा में ही हुई। इसके बाद उसे अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी में दाखिला मिल गया। अलीगढ़ जाने के बाद वह लोहरदगा बहुत कम आता था। उसके परिजन उससे फोन पर ही संपर्क करते थे।

राष्ट्र निर्माता-भारत के भविष्य 10 वीं और 12 वीं के बच्चों के लिए सुनहरा अवसर

कल प्रतिभाओं को सम्मानित करेगा पासवा

सम्मानित होंगे दो हजार विद्यार्थी

छात्र प्रतिभा सम्मान समारोह में शामिल होंगे राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू और मंत्री डॉ रामेश्वर उरॉव

आजाद सिपाही संवाददाता

लोहरदगा। पासवा के प्रदेश अध्यक्ष आलोक कुमार दूबे ने कहा कि लोहरदग्गा जिला में 22 जुलाई को होने जा रहा छात्र प्रतिभा सम्मान समारोह को देखने के लिए पूरे शहर की नजरें टिकी हुई हैं। लोहरदगा की धरती में अब तक का सबसे बड़ा प्रतिभा सम्मान समारोह होगा। जहां एक मंच पर एक साथ 2 हजार से अधिक टॉपर्स को सम्मानित किया जायेगा। ऑनस्पॉट रजिस्ट्रेशन 22 जुलाई को पूर्वाह्न 8.00 बजे से 10.00 बजे तक भी करवा सकते हैं। इसके लिए विधार्थियों को सिर्फ मार्कशीट की छाया प्रति लाना है। 10 वीं और 12 वीं के सीबीएसई, आईसीएसई और जैक बोर्ड में 70% और उससे अधिक नंबर प्राप्त करने वाले बच्चों को सम्मानित किया जायेगा। लोहरदगा जिला टॉपर्स को विशेष पुरस्कार से सम्मानित किया जायेगा। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा झारखंड पासवा 47 हजार से ज्यादा निजी विद्यालयों का राज्य में प्रतिनिधित्व करती है और पासवा का सर्टिफिकेट जब देश के शैक्षणिक संस्थानों में दिखाया जाता है। उन्होंने कहा 22 जुलाई को पूर्वाह्न 10.30 बजे मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू और झारखंड सरकार के वित्त मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव दीप प्रज्वलित कर सम्मान समारोह का उद्घाटन करेंगे। जिला अध्यक्ष माजिद आलम ने बताया ऐतिहासिक समारोह में राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू, वित्त मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव, पासवा के प्रदेश अध्यक्ष आलोक कुमार दूबे, डीएभी के पूर्व डायरेक्टर एलआरसैनी, राष्ट्रपति अवार्डी सुश्री फलक फातिमा, पासवा उपाध्यक्ष बिपीन कुमार, महासचिव नीरज कुमार और कई शिक्षाविद विशेष तौर पर बच्चों को सम्मानित करेंगे। सभी बच्चों को मेडल और सर्टिफिकेट तथा प्रिंसिपल और डायरेक्टर को मोमेंटो के द्वारा सम्मानित किया जायेगा।

मनरेगा कर्मियों की मिलीभगत से बिचौलियों को मिली हुई है योजनाओं में लूट की छूट

लाभुक के जगह बिचौलिये ने करवाया योजना का काम पूछे जाने पर भड़क उठा पत्रकारों पर

आजाद सिपाही संवाददाता

मनिका(लातेहार)। मनिका प्रखंड के नामुदाग पंचायत में मनरेगा योजना में भारी लापरवाही बरतने का मामला प्रकाश में आया है। मामला नामुदाग पंचायत स्थित मानिकडीह गांव का है जहां पर रामधारी सिंह के जमीन पर टीसीबी निर्माण मास्टर रोल नंबर 3406004013/IF/7080902574 087 करवाया गया है। उक्त व्यक्ति के जमीन पर टीसीबी निर्माण का 22 गड्ढा बनाया गया है जबकि योजना के अनुसार टोटल 60 गड्ढा बनाना था और कार्य पूरा भी नहीं हुआ है लेकिन योजना की 35190 राशि निकालकर योजना को कंप्लीट कर दिया गया है। जबकि योजना में लाभुक का लेबर डिमांड भी नहीं लगाया गया था। वहीं योजना में टोटल 23 व्यक्तियों का लेबर डिमांड लगाकर योजना फाइनल किया गया है। जब इस बारे में बली यादव से बात किया गया तो उसने कहा कि नामुदाग पंचायत में केवल मेरे द्वारा ही इस तरह का कार्य नहीं किया जा रहा है और भी लोग हैं जो इसी तरह से जैसे-तैसे कर योजना बनाकर सरकार का पैसा गबन कर रहे हैं। उससे जब बाकी लोगों का नाम पूछा गया तो बल्ली यादव पत्रकारों पर ही भड़क उठा और फोन काट कर दिया। आपको बताते चलें कि वहीं से थोड़ी दूर पर मानिकेश्वर महादेव मंदिर के पीछे स्थित भूमि पर देखा गया कि वहां पर भी टीसीबी निर्माण में कम गड्ढा बनाये गये हैं और जहां पर खेती करने का कोई गुंजाइश ही नहीं है जहां बड़े-बड़े पत्थर का ढेर लगा हुआ है वहां पर बिचौलियों के द्वारा टीसीबी निर्माण किया गया है। वहीं इस विषय पर जब पंचायत के मुखिया दिनेश सिंह से बात की गई तो दिनेश सिंह ने कहा कि अगर योजना का कार्य पूरा नहीं हुआ है तो उसमें फिर से काम लगाकर कार्य को पूरा करवाया जायेगा, जब उनसे बोला गया कि पेमेंट कंप्लीट होने के बाद काम का पेमेंट कौन करेगा तो उन्होंने कहा कि ऐसा है तो योजना की रिकवरी करवाई जायेगी। वहीं जब मामले के विषय में रोजगार सेवक मंसूर आलम और पंचायत सेवक बृजकिशोर यादव से बात किया गया तो वे इधर उधर की बात कर कुछ भी जवाब नहीं दिये। वहीं मामले के विषय में जब मनरेगा बीपीओ संतोष कुमार से बात की गई तो उन्होंने कहा कि अगर योजना में इस तरह की गड़बड़ी की गई है तो मामले की जांच उपरांत योजना की राशि की रिकवरी करवाई जायेगी।

मत्स्यपालन कर सभी को प्रेरित कर रही हैं इंदु भगत

यू-ट्यूब में मत्स्यपालन से जुड़े वीडियो दिखे और शुरू कर दिया काम

पहले गांव के बच्चों को पढ़ाती थी ट्यूशन, अब कर रही मत्स्य पालन

आजाद सिपाही संवाददाता

लोहरदगा। इंदु भगत कैरो प्रखण्ड के चरिमा झखराटोली की रहनेवाली हैं। स्नातकोत्तर की पढ़ाई के बाद बीएड की पढ़ाई की ताकि शिक्षक के रूप में कॅरियर बना सके। लेकिन नौकरी का मौका नहीं मिल पाने बाद अंततः मत्स्यपालन कर अब एक सफल उद्यमी के रूप में उभर रही हैं। क्षेत्र में मत्स्यपालक के रूप में लोग अब पहचान रहे हैं। इंदु भगत पढ़ी-लिखी महिला हैं लेकिन एक बेहतर मौका नहीं मिल पाने के कारण नौकरी नहीं मिल सकी है। कोरोना में पति की नौकरी गयी तो जीवनयापन के लिए किसी अन्य विकल्प की तलाश शुरू हो गयी। शुरूआत में गांव के आस-पास के बच्चों को ट्यूशन पढ़ाना शुरू किया लेकिन स्थायी समाधान नहीं हो पाया। इस दौरान एक दिन मोबाईल में यू-ट्यूब में मत्स्यपालन से जुड़े कुछ वीडियो दिखे तो मन में मत्स्यपालन करने के लिए आवश्यक जानकारी हासिल करने लगीं। मत्स्यपालन में सरकारी सहयोग की राशि व अन्य सहायता के बारे पूरी जानकारी हासिल कर वे मत्स्य कार्यालय पहुंचीं। इंदु का कहना है कि उनके पति ने अगर भरोसा नहीं जताया होता तो वे कभी भी एक सफल मत्स्यपालक नहीं बन पातीं।

सरकार, बैंक और रिश्तेदारों से राशि जुटायी: इंदु और उनके पति ने वर्ष 2020-21 में प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के लिए आवेदन दिया जो स्वीकृत हो गया। कुल 14 लाख की योजना स्वीकृत हुई जिसमें सरकार की ओर से अनुदान राशि 8.40 लाख रुपए और लाभुक का अंशदान 5.60 लाख रुपए था। इस राशि से इंदु ने 16हजार वर्ग फीट तालाब के साथ-साथ अन्य छोटे तालाब भी कुछ राशि जुटाकर खुदवाया। सरकार के अलावा बैंक की ओर से केसीसी राशि और रिश्तेदारों से राशि जुटायी। पति के कुछ पुराने बचत राशि को भी इसमें लगाया और अंततः चार तालाब तैयार हो गये।

मछली की बिक्री हो चुकी है शुरू: तालाब तैयार होने के बाद इंदु ने इसमें पश्चिम बंगाल से लाकर अपने निजी खर्च से पंगास, रूपचंदा और रेहू प्रजाति की मछली का बीज डाला। पंगास और रूपचंदा प्रजाति की मछली का उत्पादन प्रारंभ हो चुका है और इंदु भगत अब तक तीन लाख रुपए से अधिक की मछली बिक्री कर चुकी हैं।

कांग्रेस ने पीएम मोदी और गृहमंत्री का पुतला फूंका

लोहरदगा (आजाद सिपाही)। आदिवासी महिलाओं के साथ मणिपुर में हुई शर्मनाक घटना के विरोध में जिला कांग्रेस कमेटी जिला अध्यक्ष सुखेर भगत के नेतृत्व में देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गृहमंत्री अमित शाह का पुतला दहन किया गया। मौके पर जिला अध्यक्ष सुखैर भगत ने कहा कि जिस प्रकार पूरा मणिपुर राज्य विगत ढाई महीने से जातीय हिंसा की आग में जल रहा है बावजूद इसके देश के प्रधानमंत्री और केंद्र सरकार मूक दर्शक बनी हुई है तथा अब तक मणिपुर में चल रही जातीय हिंसा को रोकने में पूरी तरह नाकाम रही है। मणिपुर में भीड़ द्वारा आदिवासी महिलाओं को नंगा कर उनके शरीर के साथ दुर्व्यवहार करने का शर्मनाक वीडियो प्रकाश में आया है। हमारे राष्ट्रीय नेता राहुल गांधी ने मणिपुर जाकर लोगों के बीच आपसी शांति और सद्भाव के लिए बात किये और उनके दुख दर्द को साझा किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से राज्यसभा सांसद प्रतिनिधि अशोक यादव, प्रदेश प्रतिनिधि डॉ अजय सहदेव, प्रदेश प्रतिनिधि नेसार अहमद, प्रदेश सचिव जगदीप भगत, जिला उपाध्यक्ष निशीथ जयसवाल, जिला महासचिव पवन गौतम, प्रभात भगत शाहिद अहमद बेलू, हरि भगत समेत काफी संख्या में कांग्रेसी कार्यकर्ता उपस्थित थे।

पवन गौतम और नेसार अहमद बने कांग्रेस के विधानसभा कोऑर्डिनेटर

लोहरदगा(आजाद सिपाही)। कांग्रेस पार्टी के उदयपुर चिंतन शिविर में लीडरशिप डेवलपमेंट मिशन की घोषणा किया गया था। जिसके अंतर्गत देश के जनजातीय एसटी एससी लोकसभा और विधानसभा में नये लीडरशिप का चयन कर उन्हें आगे बढ़ाना है। इसका फायदा लोकसभा विधानसभा में पार्टी को मिलेगा। इस निमित्त अखिल भारतीय आदिवासी कांग्रेस के राष्ट्रीय चेयरमैन सह लीडरशिप डेवलपमेंट मिशन के अध्यक्ष शिवाजीराव मोघे ने लोहरदगा जिला कांग्रेस कमेटी के महासचिव पवन गौतम को गुमला विधानसभा तथा प्रदेश प्रतिनिधि नेसार अहमद को बिशुनपुर विधानसभा का कोऑर्डिनेटर मनोनीत किया। नेताओं को कोऑर्डिनेटर मनोनीत होने पर राज्य सभा सांसद धीरज प्रसाद साहू,मंत्री रामेश्वर उरांव, झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष पूर्व विधायक सुखदेव भगत, कांग्रेस जिलाध्यक्ष सुखेर भगत, कार्यकारी जिलाध्यक्ष शकील अहमद, अशोक यादव, डॉ अजय साहदेव, निशित जयसवाल, रीना भगत, शंभू प्रजापति, सोहराब अंसारी आदि ने बधाई दी ।

जल नल योजना के तहत चयनित स्थल पर बोरिंग करवाने की मांग

बरवाडीह(आजाद सिपाही): बरवाडीह प्रखंड छिपादोहर पंचायत के बरवही टोला के ग्रामीणों ने जल नल योजना के तहत चयनित स्थल पर बोरिंग नहीं करने की शिकायत करते हुए ग्रामीणों ने पुनःजल नल योजना के तहत उक्त स्थल पर बोरिंग करवाने की मांग किया है। इस संबंध में ग्रामीण जाकिर, सद्दाम, अंजुम बानो, सलाम, अलीमुद्दीन अंसारी समेत अन्य लोगों ने लातेहार उपायुक्त को दिये अपने आवेदन पत्र में कहा है। कि जल नल योजना के तहत संबंधित संवेदक और कनीय अभियंता द्वारा बीते रात्रि इस टोला में डीप बोरिंग का काम किया जा रहा था। लेकिन एकाएक 40 फीट बोरिंग होने के बाद बोरिंग मशीन को उक्त चयनित स्थल से हटाकर दूसरे जगह बोरिंग किया गया। ग्रामीणों ने रोष व्यक्त करते हुए लातेहार उपायुक्त से उचित कार्रवाई की मांग किया है। बोरिंग नहीं होने पर भाजपा युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष छोटू राजा और वन विभाग के सासंद प्रतिनिधि अजय सोनी ने रोष व्यक्त करते हुए कहा कि सूचीबद्ध चयनित स्थल पर हो रहे बोरिंग को एकाएक राजनीतिक साजिश के तहत रोकवाना ग्रामीणों के साथ गहरी भेदभाव है। लेकिन राजनीतिक भेदभाव के कारण चयनित स्थल पर ग्रामीणों को इसके लाभ से वंचित किया गया है। जिसका भाजपा विरोध करते हुए जोरदार तरीकों से आंदोलन करेगी।

विश्व हिंदू परिषद की पंचायत समिति का गठन

लोहरदगा (आजाद सिपाही)। विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल की बैठक कुडू प्रखंड के जिमा पंचायत में हुई। जिला के संगठन मंत्री कार्तिक विश्वकर्मा और विभाग संगठन मंत्री प्रदीप सिंह के अध्यक्षता में बैठक हुई। इस दौरान बजरंग दल शौर्य जागरण रथ यात्रा की चर्चा की गयी। शौर्य जागरण रथ यात्रा बड़े ही धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया। जिसमें लाखों माताओं बहनों और भाइयों की उपस्थिति को अनिवार्य बताया गया है। जिला बजरंग दल संयोजक सचिन कुमार साहू ने कहा कि आये दिन जिस तरह से लव जिहाद की घटनाएं पूरे देश में हो रही है। उसे लेकर हर एक प्रखंड पंचायत गांव तक बजरंग दल की कमेटी की आवश्यकता है। जिस तरह से गौ हत्या जिले भर में सक्रिय हो गया है उसे भी बजरंग दल के कार्यकर्ता तैयारी करके उसे रोका जाये। नवगठित कमिटी में विश्व हिंदू परिषद जीमा पंचायत अध्यक्ष दुखु महली, उपाध्यक्ष तरुण प्रजापति, मंत्री अनूप कुमार, सह मंत्री आदर्श राज, बजरंग दल जीमा पंचायत संयोजक बबलू महतो, सहसंयोजक कृष्णा साहू, सुरक्षा प्रमुख प्रदीप साहू, मिलन प्रमुख अक्षय कुमार और विशाल साहू को दायित्व देकर पंचायत समिति का संगठन विस्तार किया गया।

आगामी चुनाव में भागीदारी सुनिश्चित करें: पंकज

लातेहार (आजाद सिपाही): जिला मुख्यालय में नेशनल पीपुल्स पार्टी की ओर से बैठक किया गया जिसमें पार्टी के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष पंकज कुमार ने अध्यक्षता की इस बैठक में सैकड़ों नेशनल पीपुल्स पार्टी के कार्यकर्ता ने हिस्सा लिया पंकज कुमार ने कहा सभी कार्यकर्ताओं को ज्यादा से ज्यादा संख्या में नेशनल पीपुल्स पार्टी का सदस्य बनायें हर गांव हर कस्बे में जायें उनकी समस्या को सुने और उसे अपना समस्या बनाकर उसको हल करने की कोशिश करें। जिसको लेकर तैयारी चल रही है आगामी 23 जुलाई को रांची में सभी जिलों का अध्यक्ष उपाध्यक्ष का सम्मेलन है इसमें रणनीति तैयार किया जायेगा कैसे आगामी चुनाव में हम लोग अपना जीत सुनिश्चित करेंगे बैठक में पार्टी के प्रवेश कार्यकारी अध्यक्ष पंकज कुमार सिंह प्रदेश संगठन मंत्री दिलीप सिंह प्रदेश महिला अध्यक्ष रायमणी मुंडा समेत कई पदाधिकारियों ने भाग लिया।

इंडियन बैंक भरनो शाखा ने किया सखी मंडलों के लिए कैश क्रेडिट लिंकेज कैंप का आयोजन

भरनो (आजाद सिपाही)। भरनो प्रखंड में गुरुवार को झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी (जेएसएलपीएस) के तत्वावधान में सखी मंडलों के लिए कैश क्रेडिट लिंकेज कैंप का आयोजन इंडियन बैंक भरनो शाखा द्वारा प्रखंड परिसर में किया गया। जिसमें स्वयं सहायता समूह की महिलाओं के बीच 1 करोड़ 33 लाख 50 हजार रुपये का ऋण वितरण किया गया। ऋण वितरण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जोनल मैनेजर (जेडएम) एफआर बुखारी, जेडओ राजीव रंजन व शाखा प्रबंधक अनुप कुमार गुप्ता के द्वारा 22 स्वयं सहायता समूह की करीब 300 महिलाओं के बीच ऋण वितरण किया गया। इस दौरान जेडएम ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र की महिला समूहों को स्वरोजगार से जोड़ने, महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने व महिलाओं की आर्थिक स्थिति सुदृढ़ करने के उद्देश्य से एसएचजी से जुड़ी महिलाओं को ऋण उपलब्ध कराया जा रहा है। महिला सशक्तीकरण के लिए इंडियन बैंक हमेशा तत्पर रहा है। इंडियन बैंक के द्वारा भरनो की चयनित 22 एसएचजी को कुल 1 करोड़ 33 लाख 50 हजार रुपए का ऋण वितरण किया जा रहा है। ऋण का लाभ उठाकर महिलाएं अपना व अपने परिवार की आर्थिक स्थिति बेहतर बनाकर विकास कर सकेंगी। मौके पर शाखा प्रबंधक अनुप कुमार गुप्ता, जेएसएलपीएस बीपीएम कुणाल प्रसाद सहित महिला समूहों से जुड़ी सैकड़ों महिलाएं, बैंक कर्मी व अन्य लोग मौजूद थे।

नागफेनी नदी में अज्ञात महिला का शव मिला

गुमला ((आजाद सिपाही)। नागफेनी नदी से पुलिस ने एक वृद्ध महिला का शव बरामद किया है। वहीं शव की शिनाख्त नहीं हो पाई है। गुमला पुलिस को गुरुवार की सुबह सूचना मिली की नागफेनी नदी पानी टंकी के पास एक शव पानी में तैर रहा है। जिसकी सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंच शव को बाहर निकाला। जिसके बाद उसे सदर अस्पताल लाया गया। वहीं शव को पोस्टमार्टम हाउस में रखा गया है। महिला की उम्र 60 से 65 वर्ष के बीच बताई जा रही है। वहीं शव की शिनाख्त होने के बाद उसका पोस्टमार्टम किया जाएगा। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है। पुलिस ने आशंका व्यक्त की है कि संभवतः नदी पार करने के क्रम में महिला गहरे पानी में डूब गई होगी, लेकिन पोस्टमार्टम के बाद ही मौत के असली कारणों का पता चल पाएगा।

महिला ने सदर अस्पताल के गेट पर ऑटो में ही शिशु को दिया जन्म, जच्चा-बच्चा दोनों सुरक्षित

गुमला (आजाद सिपाही)। सदर अस्पताल गुमला के मुख्य गेट पर साईं टांगर टोली लोदाम निवासी मिनहाज बीबी का प्रसव ऑटो में ही हो गया। प्रसव होने की सूचना सदर अस्पताल में नर्सों को मिलने पर ऑटो में ही इलाज कर जच्चा-बच्चा को अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां इनका उपचार जारी है। वही नर्सों ने बताया कि प्रसव नॉर्मल हो गया। दोनों जच्चा-बच्चा सुरक्षित हैं। घटना के संबंध में परिजनों ने बताया कि महिला को हल्की पीड़ा होने पर साईं टंगरा टोली से ऑटो में लेकर सदर अस्पताल ला रहे थे। लाने के क्रम में सदर अस्पताल पहुंचने के उपरांत उसका प्रसव अचानक हो गया। अगर समय रहते परिजन उसे भर्ती कराते तो उसका प्रसव अस्पताल में हो सकता था। परिजनों की लापरवाही के कारण उसका प्रसव अस्पताल लाने के क्रम में वाहन में हो गया।

युवक ने धारदार हथियार से अपना गला रेत किया आत्महत्या का प्रयास, रिम्स रेफर

कामडारा (आजाद सिपाही)। कामडारा थाना अंतर्गत कुलबुरू निवासी 29 वर्षीय खिलेश्वर सिंह पिता जितवाहन सिंह ने तेज धारदार हथियार से अपना गला रेत कर आत्महत्या का प्रयास किया। जिसके बाद तत्काल परिजनों द्वारा उसे उप स्वास्थ्य केंद्र बसिया ले जाया गया। जहां इलाज के बाद गंभीर स्थिति को देखते हुए उससे गुमला रेफर कर दिया गया। घटना गुरुवार सुबह की है। वहीं युवक को सदर अस्पताल गुमला लाया गया। जहां डॉक्टर ने उसका इलाज किया। वहीं इलाज कर रहे डॉक्टर ने बताया कि उसका गला कट गया व काफी खून बह गया है। जिसके कारण उसे बेहतर उपचार हेतु रिम्स रांची भेजा जा रहा है। वहीं घटना के संबंध में घायल युवक के पिता ने बताया कि युवक कुछ दिनों से डिप्रेशन में था। वहीं अजीब अजीब बात व हरकत करता था। कहता था कोई मुझे मारने आ रहा है, वह मुझे मार देगा। जिसके बाद आज उसने अपना गला रेत आत्महत्या का प्रयास किया।

झांसा देकर साथ रखने और शादी से इनकार करने का आरोपी गिरफ्तार

डुमरी (आजाद सिपाही)। डुमरी थाना के प्राथमिकी अभियुक्त आलोक लकड़ा (33), पिता एलाक्सयूस लकड़ा, ग्राम बेलटोली, डुमरी को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया। इस संबंध में एसआई रवि कुमार ने बताया कि अभियुक्त आलोक ने लड़की को शादी करने के झांसे में काफी सालों से रखा हुआ था। उसके बाद भी वह उससे शादी नहीं की तो लड़की ने खुद कोर्ट में जाकर मामला दर्ज करवाया था। जिसे आज गुरुवार को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

कार्यक्रम : वन प्रमंडल गुमला ने किया 74वां वन महोत्सव का आयोजन

वक्ताओं ने सभी को महत्वपूर्ण दिवस पर एक-एक पौधा लगाने का दिया संदेश

गुमला जिले के 450 एकड़ भूमि पर लगाये जाएंगे 4.50 लाख पौधे : वन प्रमंडल पदाधिकारी

आजाद सिपाही संवाददाता

गुमला। गुरुवार को वन प्रमंडल गुमला के तत्वावधान में जिला स्कूल मैदान में 74वां वन महोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि गुमला विधायक भूषण तिर्की एवं विशिष्ट अतिथि वन संरक्षक प्रादेशिक अंचल गुमला थंगा पांडयन व उपायुक्त गुमला सुशांत गौरव समेत अन्य अतिथियों ने संयुक्त रूप से दीप जलाकर किया।

मौके पर मुख्य अतिथि विधायक भूषण तिर्की ने कहा कि हमारे झारखंड राज्य में जंगल और झाड़ हमारी पहचान हैं। झारखंड की संस्कृति यहां पेड़-पौधे, धरती और सूरज-चांद की पूजा करने से जुड़ी है। परंतु हमारे समक्ष प्रदूषण और जलवायु परिवर्त्तन के रूप में एक बड़ी समस्या है। यह समस्या पेड़ों के अंधाधुंध कटाई के कारण उत्पन्न हुई है। उन्होंने हर व्यक्ति एक पेड़ लगाने का संदेश दिया। साथ ही प्रदूषण को कम करने हेतु भावी पीढ़ी को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक होने को कहा।

विशिष्ट अतिथि वन संरक्षक प्रादेशिक अंचल गुमला थंगा पांडयन ने कहा कि किसी देश में शुद्ध पानी की समस्या है तो कोई देश प्रदूषण की समस्या झेल रहा है। यह समस्या पेड़ों की कमी के कारण हो रही है।

उपायुक्त सुशांत गौरव ने विद्यार्थियों से कहा कि आज हम सबों को पेड़ की छांव के नीचे होना चाहिये। परंतु हम सभी इस टेंट की छाया में शरण ले रहे हैं। ऐसे समय में हम सबों में पेड़ की महत्ता समझने की आवश्यकता बढ़ जाती है। पेड़ हमारी संस्कृति है, जो हमें हमारी सादगी की याद दिलाता है। पेड़ हमारी जरूरत है। लोगों को इस बात को समझने की जरूरत है कि पेड़ है तो जीवन है। पुलिस अधीक्षक गुमला डॉ एहतेशाम वकारीब ने कहा कि जीवन और धरती के लिए वन महत्वपूर्ण है।

वन प्रमंडल पदाधिकारी गुमला अहमद बेलाल अनवर ने कहा कि पेड़ और जंगलों के संरक्षण के लिए यदि आज हम एक छोटा कदम उठाते हैं तो आने वाले समय में यही एक बड़ा कदम बनेगा और पेड़ों की कमी के कारण प्रदूषण और जलवायु परिवर्त्तन जैसी समस्या से निजात मिलेगा। इस दौरान उन्होंने प्लास्टिक के उपयोग से पर्यावरण को हो रही क्षति के बारे में भी जानकारी दी और कपड़ा का थैला उपयोग करने के लिए प्रेरित किया।

जिला वन प्रमंडल अधिकारी ने बताया कि इस वन महोत्सव के अवसर पर जिले भर के लगभग 450 एकड़ भूमि पर 4.5 लाख पौधरोपण करने का अभियान चलाया जाएगा, जो पर्यावरण संरक्षण को दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल होगी।

कार्यक्रम को डीडीसी हेमंत सती, जिप अध्यक्ष किरण माला बाड़ा एवं उपाध्यक्ष संयुक्ता देवी ने भी संबोधित किया।

कार्यक्रम के दौरान सभी अतिथियों ने सभी को अपने अपने महत्वपूर्ण दिवस पर एक एक पेड़ लगाने का संदेश दिया।

कार्यक्रम के दौरान स्कूली विद्यार्थियों ने भी पर्यावरण संरक्षण व पौधरोपण को लेकर अपना मंतव्य दिया।

मणिपुर के वीभत्स हालात पर गुमला में कांग्रेसियों ने पुतला फूंका केंद्र का पुतला

मणिपुर राज्य में भाजपा शासन चलाने में विफल है : चैतु उरांव

आजाद सिपाही संवाददाता

गुमला। जिला कांग्रेस कमिटी के द्वारा गुरुवार को अध्यक्ष चैतु उरांव के नेतृत्व में मणिपुर राज्य की घटना को लेकर भीड़ द्वारा आदिवासी महिलाओं के साथ अपमानजनक हरकत के विरोध में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं गृह मंत्री अमित शाह का पुतला दहन कार्यक्रम किया गया। मणिपुर में आदिवासी महिलाओं को नंगा कर अश्लील दुर्व्यवहार करने संबंधी वीडियो वायरल होने के खिलाफ में कांग्रेस काफी मुखर विरोध प्रदर्शन कर रही है। मौके पर अध्यक्ष चैतु उरांव ने कहा कि मणिपुर राज्य में भाजपा शासन चलाने में विफल है। विगत ढाई माह से मणिपुर जल रहा है। निर्दोष लोगों की हत्या हो रही है। आदिवासियों पर जुल्म ढाए जा रहे हैं। वहां के आदिवासियों, महिलाओं पर अत्याचार किया जा रहा है। इसको रोकने में भाजपा सरकार विफल है। आज इस मामले में देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी चुप हैं और गृह मंत्री अमित शाह भी इस दंगे को शांत करने में विफल हैं। भाजपा के षड्यंत्र का परिणाम है कि वहां के आदिवासी लोगों को अत्याचार कर डरा धमका कर शांत करना चाहते हैं और वहां के लोगों के अधिकारों से वंचित रखना चाहते हैं। सत्ता के नशे में चूर भाजपा ने पूरे देश को शर्मसार किया है। यह भाजपा शासन में आदिवासियों को प्रताड़ित करने एवं अपमानित करने की चरम सीमा को लांघ रहा है। भाजपा की आदिवासियों के प्रति निकृष्ट मानसिकता को उजागर करते हुए उनके झूठे आदिवासी प्रेम को पदार्फाश कर लोगों को बताना है कि भाजपा सरकार आदिवासी विरोधी है। भाजपा सरकार का कुकृत्य यही दिखा रहा है कि आदिवासी भाइयों को कुछ नहीं समझते हैं। आज हम सभी इसके खिलाफ कांग्रेस पार्टी की एक ही आवाज है, ऐसे लोगों पर पर कानूनी कार्रवाई कर ऐसे लोगों को फांसी की सजा दी जानी चाहिए ताकि हमारे समाज को ऐसे लोगों से बचाए जा सके।

मौके पर रमेश कुमार चीनी, दीप नारायण उरांव, अखिल रहमान, खुदी भगत दुखी, आशिक अंसारी मुरली मनोहर प्रसाद, विष्णु राम, सुधीर कुजूर, संतोष गुप्ता, राजनिल तिग्गा, खालिद साह, फिरोज आलम, राजू कुमार महतो, तरूण गोप, बेल साजर, एजाज, नारायण उरांव, सागिर अली, सदाब आलम, अमर कुजूर, अरुण गुप्ता, रुपेश सनी, रामकिशन बड़ाईक, विनोद उरांव रफी अली, दीपक कुमार, मनसुब अंशारी, रोहित उरांव, इबरार अंसारी, जासमीन लुगुन, क्रिस्टीना, सुनिता तिर्की,रेणु लकड़ा, अफरोज, सदाम अनवर, साहेब वशिम और कांग्रेसी कार्यकर्ता उपस्थित थे।

सोशल पुलिसिंग के तहत युवाओं के बीच खेल सामग्री का वितरण

घाघरा (आजाद सिपाही)। घाघरा पुलिस ने सोशल पुलिसिंग के तहत प्रखंड के सुदूरवर्ती अति उग्रवाद प्रभावित इलाका घाघरा पाट के युवाओं के बीच फुटबॉल जर्सी व जूता का वितरण किया गया। सभी युवा घाघरा थाना गुरुवार को पहुंचे जहां थानेदार ने खेल सामग्री का वितरण किया।

थानेदार अमित कुमार चौधरी ने कहा कि युवा समाज के व देश के भविष्य हैं। आपके कंधे पर देश व समाज टिका है। उन्होंने युवाओं को सीधे तौर पर थाना से जुड़े रहने की बात

कही और समाज के लिए ऊपर उठकर काम करने की बात कही। उन्होंने लक्ष्य निर्धारण कर पढ़ाई व खेल सहित किसी भी कार्य को करने की बात कही। क्षेत्र में किसी भी तरह की असामाजिक गतिविधि हो तो इसकी सूचना थाना को देने की बात कही। डायन बिसाही जैसे समाज की कुप्रथा को जड़ से खत्म करने के लिए पहल करने का आग्रह भी युवाओं से किया है।

इस मौके पर थानेदार अमित कुमार चौधरी, एसआई अभिषेक कुमार व टेकलाल महतो सहित कई पुलिस के जवान मौजूद थे।

अंजुमन इस्लामिया चुनाव : 132 मतदाताओं में 126 ने किया मतदान, हाजी खलील को 92 मत प्राप्त हुए

नाजिम ए आला हाजी खलील, सदर मोशाहिद पम्मू और सेक्रेट्री मकसूद हुए निर्वाचित

नाजिम ए आला पद के विजयी प्रत्याशी हाजी मो. खलील को 92 मत, सदर पद के मुशाहिद आजमी उर्फ पम्मू को 1631 मत एवं मकसूद आलम को 1601 मत मिले

सुधाकर

गुमला। अंजुमन इस्लामिया के नए नाजिम ए आला हाजी मो. खलील, नए सदर अधिवक्ता मोशाहिद आजमी 'पम्मू' और नए सेक्रेट्री अधिवक्ता मो. मकसूद आलम निर्वाचित हुए। अंजुमन मतदान संपन्न होने के बाद रात्रि साढ़े नौ बजे मतगणना पूर्ण हुई। तत्पश्चात परिणाम की घोषणा की गई। नाजिम ए आला पद के लिए दो प्रत्याशी व कुल 132 वोटर थे। जिसमें 126 मतदान हुआ। जिसमें विजयी प्रत्याशी हाजी मो. खलील 92 मत प्राप्त कर विजयी हुए। वहीं 32 मत हासिल कर हाजी हुसैन खान दूसरे स्थान पर रहे। सदर पद के लिए 2524 मतदान किए गए, जिसमें विजयी प्रत्याशी मुशाहिद आजमी उर्फ पम्मू को 1631 मत मिले। मो. मिन्हाजुद्दीन को 805 वोट मिले। उसी प्रकार सेकेट्री पद के विजयी प्रत्याशी मकसूद आलम को 1601 मत मिलेऔर दूसरे नम्बर के प्रत्याशी खुर्शीद आलम को 934 वोट मिले।

अंजुमन इस्लामिया को देंगे एक नयी दिशा

अंजुमन इस्लामिया के नवनिर्वाचित सदर अधिवक्ता मुशाहिद आजमी उर्फ पम्मू और सेक्रेटरी अधिवक्ता मकसूद आलम एवं नाजीम ए आला खलील अशरफी अपनी जीत पर पूरे मुस्लिम आवाम के साथ-साथ जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन और जिला आपूर्ति पदाधिकारी, थाना प्रभारी आदि को मुबारकबाद पेश किया है। इन तीनों प्रत्याशियों ने गुमला शहर के सभी पंचायतों के पदाधिकारियों और आम नागरिकों का भी शुक्रिया अदा करते हुए कहा है कि अंजुमन इस्लामिया गुमला एक सामाजिक संगठन है और जो जिम्मेदारी हम सबों को आप लोगों ने सौंपी है। उस जिम्मेवारी और अपने चुनावी वादे के मुताबिक बगैर किसी भेदभाव के किया जाएगा और अंजुमन इस्लामिया के ढांचे को जैसे शिक्षा, स्वास्थ्य, मस्जिद, मदरसा, कब्रिस्तान, ईदगाह, पब्लिक उर्दू लाइब्रेरी, मुसाफिरखाना, गर्ल्स हाई स्कूल, मुस्लिम इलाके में कम्युनिटी हॉल, के साथ ही साथ जिला प्रशासन, नगर परिषद, विधायक फंड, सांसद फंड से अल्पसंख्यक समुदाय के बस्तियों में भी बुनियादी समस्याएं, पेयजल, नाली, सड़क, बिजली व अन्य समस्याओं पर भी गंभीरता से बुद्धिजीवियों समाजसेवियों के मदद से कार्य किया जाएगा। साथ ही युवकों में जागृति लाकर नशा, गुटखा एवं नशीला पदार्थ से छुटकारा हेतु विशेष अभियान चलाया जाएगा। नवनिर्वाचित सदर मुशाहिद आजमी, सेक्रेटरी मकसूद आलम ने आगे बताया कि हम सब अंजुमन के पदाधिकारी के रूप में आए हैं। समाज सेवा की भावना से जिस आशा और विश्वास से हमें जनता ने चुना है उसी आशा और विश्वास से हम सब आगे कार्य करेंगे और अंजुमन इस्लामिया को मजबूती प्रदान करेंगे।

महत्वपूर्ण न्यूज

मृतक की मोटरसाइकिल के साथ पकड़े गये युवक को पुलिस ने भेजा जेल

बिशुनपुर (आजाद सिपाही)। थाना क्षेत्र के सखुआ टोली पहाड़ के तराई से लोहरदगा भंडरा थाना अंतर्गत बेदाल गांव निवासी परमेश्वर ठाकुर एवं सुखसागर साहू के शव मिलने के बाद गुरुवार को थाना परिसर में एसडीपीओ मनीष चंद्र लाल ने प्रेस कांफ्रेंस आयोजित कर पत्रकारों को बताया कि दोनों मृतक 16 जुलाई सुबह 7:00 बजे अपने घर से किसी काम को लेकर बाहर जा रहे हैं, यह कहकर निकले थे। देर रात तक घर नहीं लौटने के बाद 17 जुलाई को परिजनों ने भंडरा थाना में गुमशुदगी का मामला दर्ज कराया था। वहीं दिनांक 19 जुलाई को बिशुनपुर थाना क्षेत्र के सखुआ टोली गांव के पहाड़ के तराई में दो व्यक्तियों का शव होने की सूचना बिशुनपुर थाना प्रभारी द्वारा भंडरा थाना को दी गई। जिसके उपरांत भंडरा के थाना प्रभारी एवं बिशुनपुर थाना प्रभारी घटनास्थल पहुंचे, जहां उक्त शवों की पहचान की गयी। जिसके उपरांत अज्ञात अपराध कर्मियों के विरुद्ध लाठी-डंडा से मारपीट कर और गोली मारकर हत्या किए जाने से संबंधित मामला दर्ज कराया गया। तत्पश्चात पुलिस अधीक्षक गुमला के निर्देशानुसार त्वरित कार्रवाई एवं अनुसंधान के क्रम में मृतक परमेश्वर ठाकुर की ग्लैमर बाइक नंबर जेएच08एच-3629 के साथ बिशुनपुर थाना क्षेत्र के चंपा टोली निवासी आजाद उरांव (22), पिता तपेश्वर उरांव को पकड़ा गया। जिसने स्वीकारोक्ति बयान में अपना अपराध एवं कांड में अन्य अपराध कर्मियों की संलिप्तता स्वीकार की है। उसे आज न्यायिक हिरासत में भेजा गया जबकि अन्य अपराध कर्मियों की सत्यापन करते हुए गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। छापेमारी दल में थाना प्रभारी कुंदन कुमार, एसआई गंगा प्रसाद यादव, अनिल मंडल एवं थाना के सशस्त्र बल शामिल हैं।

13 गोवंश पशुओं के साथ एक तस्कर गिरफ्तार

चैनपुर (आजाद सिपाही)। थाना क्षेत्र के कातिंग गांव के समीप जंगल के रास्ते तस्करी की जा रही 13 गोवंश पशु के साथ गुरुवार सुबह लगभग 10:00 बजे पुलिस ने एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। प्राप्त जानकारी अनुसार चैनपुर पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि कातिंग गांव के समीप जंगल के रास्ते गोवंश पशुओं की तस्करी की जा रही है। सूचना पर थाना प्रभारी आशुतोष कुमार सिंह ने एक छापामारी दल का गठन कर छापामारी कर 13 गोवंश पशुओं को हांक कर ले जा रहे दो पशु तस्करों में से एक को मौके से गिरफ्तार कर लिया। वहीं दूसरा तस्कर फरार हो गया। पुलिस तस्कर को थाने लाकर पूछताछ कर रही है। वहीं जब्त सभी 13 पशुओं को थाना लाकर परिसर में रखा गया है। संभवतः पुलिस के द्वारा सभी गोवंश पशुओं को पूर्व की भांति जरूरतमंद गरीब किसानों के बीच जिम्मेनामे पर सौंप दिया जाएगा। मौके पर चैनपुर एसआई मुकेश कुमार, एएसआई मदन शर्मा उपस्थित थे।

चैनपुर पुलिस अंचल निरीक्षक ने सुरसांग थाना का किया औचक निरीक्षण

रायडीह (आजाद सिपाही)। पुलिस अंचल निरीक्षक चैनपुर बैजू उरांव द्वारा आज गुरुवार को सुरसांग थाना का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान थाना में संधारित सभी प्रकार की पंजियों की अद्यतन स्थिति एवं थाना में रखे समानों की रखरखाव एवं साफ-सफाई का भौतिक सत्यापन करते हुए निरीक्षण किया गया। जिसमें थाना में संधारित सभी अभिलेख अवलोकन के दौरान लगभग सही पाया गया, जहां थोड़ी बहुत कमी पाई गयी। उसपर थाना प्रभारी व पदाधिकारियों को सुधार करते हुए अद्यतन करने का निर्देश दिया गया। साथ ही सुरक्षा संबंधी अवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए थाना क्षेत्र में आपराधिक व उग्रवादी गतिविधि पर अंकुश लगाते हुए शांति व्यवस्था बरकरार बनाए रखने का दिशा-निर्देश दिया गया तथा थाना क्षेत्र के सुदूर क्षेत्र से आये ग्रामीणों की समस्या को सुनते हुए त्वरित कार्रवाई कर समाधान करने का निर्देश दिया गया। मौके पर थाना प्रभारी देव प्रताप प्रधान, एसआई कपुल कुमार, एएसआई गफ्फार अंसारी सहित थाना के पुलिस कर्मी मौजूद थे।

मुहर्रम पर्व शांतिपूर्ण तरीके से मनाने को लेकर अंजुमन इस्लामिया कमेटी का गठन

पालकोट (आजाद सिपाही)। प्रखंड अंतर्गत आजाद बस्ती स्थित जामा मस्जिद में मुहर्रम पर्व को लेकर अंजुमन इस्लामिया कमेटी पालकोट के बैनर तले मुहर्रम कमेटी की बैठक हुई। बैठक में प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी मुहर्रम का पर्व शांतिपूर्ण तरीके से मनाने का निर्णय लिया गया। इस अवसर पर अंजुमन इस्लामिया कमेटी का गठन किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से सदर मोहम्मद अफसर सिद्दीकी, नाइफ सदर मोहम्मद रिजवान खान, सेक्रेटरी मोहम्मद गुड्डू खान, नाइफ सेक्रेटरी मोहम्मद फिरोज खान, खजांची मोहम्मद वसीम अकरम का चयन किया गया। चयन प्रक्रिया के बाद बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि पालकोट में इस वर्ष इस्लाम धर्मावलंबियों द्वारा मुहर्रम का पर्व शांतिपूर्ण तरीके से मनाया जायेगा। मुहर्रम पर्व को लेकर मुस्लिम धर्मावलंबियों द्वारा सभी तरह की तैयारियां की जा रही हैं। इस अवसर पर पूर्व सदर मो. सगीर मियां, हाजी सलाउद्दीन कादरी, मो. लतीफ अहमद, मो. जमालुद्दीन कादरी, मो. अब्दुल खालिक, मो. मुस्तफा मियां, मो. इमरान खान, मो. समीम, मो. मिस्टर, मो. ललकार हैदर, मो. इमरान खान, मो. कारो मियां, मो. इकरामुल हक आदि सहित अनेक लोग मौजूद थे।

मानवता शर्मशार : सात साल की मासूम से अधेड़ ने किया दुष्कर्म, आरोपी गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता

हुसैनाबाद। थाना क्षेत्र स्थित एक गांव में मानवता को शर्मसार करते हुए सात वर्षीय एक बच्ची के साथ अधेड़ व्यक्ति द्वारा बहला-फुसलाकर दुष्कर्म किए जाने का मामला प्रकाश में आया है। इस बाबत पीड़िता की मां ने हुसैनाबाद थाना में मामला दर्ज करवाया है। जिसके बाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपित को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। उसके खिलाफ पोक्सो एक्ट सहित कई गंभीर धाराओं में मामला दर्ज किया गया है। पीड़ित बच्ची की मां ने दर्ज प्राथमिकि में बताया कि उसकी बेटी गांव के ही प्राथमिक विद्यालय में पढ़ती है। बुधवार को वह अपने दोस्तों के साथ स्कूल के बाहर ही खेल रही थी। तभी गांव का ही 50 वर्षीय एक व्यक्ति वहां पहुंचा और बच्ची को पैसे का लालच देकर उसे बहला फुसलाकर अपने घर ले गया। जहां उसके साथ दुष्कर्म किया। उधर, बच्चों के कहने पर परिजन व गांव के 10-15 लोग जब आरोपी के घर पहुंचे, तो उसने बच्ची को घर से बाहर निकाल दिया और घर का दरवाजा बंद कर लिया। लोगों के अनुसार उस वक्त पीड़ित बच्ची काफी डरी सहमी थी। उसने पूछे जाने पर पूरी सच्चाई बताई। ग्रामीणों ने इसकी सूचना हुसैनाबाद थाने को दी। इसकी सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। बताया जा रहा कि प्रतिदिन की तरह बच्ची बुधवार को भी विद्यालय गयी थी। समय से पहले स्कूल पहुंच जाने के कारण वहां वहीं अन्य बच्चों के साथ खेल रही थी। तभी आरोपित भी वहां पहुंच गया और पैसे का प्रलोभन देकर उसे अपने घर ले जाकर उसके साथ कुकर्म किया।

मामली विवाद में मारपीट,14 घायल

हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)। थाना क्षेत्र के मोबारकपुर गांव में मामूली विवाद को लेकर दो पक्षों के जमकर मारपीट हो गयी। जिसमें दोनों ओर से 14 लोग घायल हो गए। घायलों में मदन सिंह, धर्मेंद्र सिंह, मनोज सिंह, ऋतिक कुमार सिंह, रामसकल सिंह, पूनम देवी, सतीश कुमार सिंह, विमलेश सिंह, रणविजय सिंह, बिंदेश्वरी सिंह, धनंजय सिंह, दिग्विजय सिंह, सुनैना कुंवर, सुनीता देवी आदि शामिल हैं। सभी घायलों का इलाज हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल में किया गया। जानकारी के मुताबिक घरेलू विवाद को लेकर एक ही समुदाय के दो लोगों के बीच तू-तू, मैं-मैं के बाद मामला मारपीट तक पहुंच गया। इस बाबत दोनों ओर से थाना में शिकायत की गयी है।

कार्यकर्ताओं से किया मेरा बूथ मेरी पहचान मुहिम को आगे बढ़ाने का आह्वान

सबका काम, सबका सम्मान ही एनसीपी का मूल मंत्र : कमलेश

विभिन्न दलों के कई लोगों ने ली एनसीपी की सदस्यता

आजाद सिपाही संवाददाता

हुसैनाबाद। एनसीपी के हुसैनाबाद स्थित आवासीय कार्यालय परिसर में गुरुवार को बैठक हुई। जिसमें मोहम्मदगंज प्रखंड क्षेत्र से विभिन्न दलों के कई कार्यकर्ताओं ने एनसीपी का दामन थाम लिया। विधायक कमलेश कुमार सिंह ने सभी को माला पहना कर व पार्टी की सदस्यता पर्ची देकर स्वागत किया। एनसीपी में शामिल होने वालों में विनोद पासवान, बालेश्वर रजवार, कामेश्वर रजवार, राजेश्वर रजवार, नंदू रजवार, सुरेंद्र रजवार, असरेश यादव, दिनेश रजवार और अरुण सिंह शामिल है। सभी ने एनसीपी को मजबूत करने के साथ ही विधायक कमलेश कुमार सिंह के प्रति आस्था जतायी है। इस अवसर पर विधायक कमलेश कुमार सिंह ने कहा कि एनसीपी परिवार में सभी का स्वागत है। पार्टी की कार्यशैली से प्रभावित होकर लगातार लोग सदस्यता ग्रहण कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि जात पात से अलग सबका काम और सबका सम्मान पार्टी का मूल मंत्र है। उन्होंने पार्टी के सभी कार्यकर्ताओं से मेरा बूथ मेरी पहचान मुहिम को आगे बढ़ाने का आह्वान किया। इस मौके पर विधायक प्रतिनिधि अजीत सिंह, मनान खान, संदीप पासवान, विनय पासवान, योगेंद्र सिंह उर्फ गुड्डू सिंह, मनदीप राम, राजकुमार ठाकुर, मनदीप राम, युवा नेता अजीत सिंह, प्रिंस शर्मा आदि मौजूद थे।

एनसीपी की सदस्यता दिलाने के बाद पार्टी में शामिल हुए लोग व विधायक।

पंचायतों में नये लोगों को पार्टी से जोड़ने पर ध्यान केंद्रित करें कार्यकर्ता : कर्नल संजय सिंह

किसान ब्रिगेड ने कटैया में किया कार्यकर्ताओं के साथ पंचायत स्तरीय बैठक

आजाद सिपाही संवाददाता

हरिहरगंज/पलामू। प्रखंड क्षेत्र के ग्राम कटैया पंचायत भवन में किसान ब्रिगेड की ओर से गुरुवार को पंचायत स्तरीय कार्यकर्ताओं की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता शशि भूषण मिश्रा और संचालन विवेक कुमार मिश्रा ने किया। बैठक में पंचायत स्तर पर पार्टी के मजबूती पर चर्चा कि गई। शशि भूषण मिश्रा ने कहा कि किसान ब्रिगेड की मजबूती के लिए पंचायत स्तर पर संगठन का सुदृढ़ीकरण आवश्यक है। हम सभी को पंचायत स्तर पर किसान ब्रिगेड के विस्तार पर ध्यान देना होगा। वहीं, किसान ब्रिगेड संरक्षक कर्नल डॉ संजय कुमार सिंह ने कहा कि विधानसभा क्षेत्र के सभी पंचायतों में किसान ब्रिगेड के विस्तार के लिए बैठक का सिलसिला शुरू कर दिया गया है। बैठक की सफलता और संगठन के विस्तार के लिए सभी का सहयोग आवश्यक है। सभी अपने-अपने पंचायतों में नए लोगों को किसान ब्रिगेड से जोड़ने पर ध्यान केंद्रित करें। वहीं, उपस्थित ग्रामीणों ने क्षेत्र में फैले भ्रष्टाचार, लचर बिजली व्यवस्था और सिंचाई की समस्याओं सहित अन्य मुद्दों से कर्नल सिंह को अवगत कराया। इस पर उन्होंने सभी को आश्वास्त किया कि अब तक इस समस्या का निदान हो जाना चाहिए था। लेकिन लोगों ने पूर्व में जिन जनप्रतिनिधियों को चुना है उन लोगों ने काम करने के बजाए अपना और परिवार के सदस्यों का खजाना ही भरा है। अब आगे से ऐसा नहीं होगा। लोग सजग और समझदार हो गए हैं। आगामी चुनानों में सभी को सबक सिखाना है। बैठक में मनोज कुमार सिंह, उमा मिश्रा, रघुपत सिंह, रविंद्र मिश्रा, अभिशेख मिश्रा, सुजीत मिश्रा, गौरव ठाकुर, जगन राम, श्यामदेव पासवान, सत्येंद्र सिंह, अखिलेश महतो, रवि कुमार मिश्रा,सिमा देवी, रीता देवी रंजू देवी आदि उपस्थित थे।

बाबूलाल मरांडी से मिलकर दी बधाई क्षेत्र की समस्याओं से कराया अवगत

विश्रामपुर/पलामू (आजाद सिपाही)। भाजपा के वरीय नेता धर्मदेव सिंह यादव ने पार्टी के नए प्रदेश अध्यक्ष सह सूबे के पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी से प्रदेश कार्यालय में जाकर मुलाकात किया। उन्हें अंगवस्त्र व पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित करते हुए बधाई दी। लगे हाथ क्षेत्र की कई ज्वलंत मुद्दों पर बातचीत कर उसपर सकारात्मक पहल करने का अनुरोध किया। वहीं प्रदेश अध्यक्ष मरांडी ने जिले के अन्य मुद्दों पर भी चर्चा की और पलामू के वर्तमान राजनीतिक हालात की जानकारी ली।

भ्रष्टाचार के खिलाफ मेरी आवाज को दबाने का हो रहा प्रयास : नइमुद्दीन

विश्रामपुर/पलामू (आजाद सिपाही)। बसपा के वरीय नेता नइमुद्दीन अंसारी ने कहा कि नगर परिषद में व्याप्त भ्रष्टाचार के खिलाफ मुखर रहा हूं। इसलिए मेरी आवाज दबाने का प्रयास किया जा रहा है। मुझे झूठे मामलों में फंसाकर मुख्य मुद्दे से लोगों का ध्यान भटकाया जा रहा है। वे गुरुवार को विश्रामपुर में आयोजित संवाददाता सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि बुधवार को गोदरमा गांव में जो घटना हुई उसमें सहायक नगर आयुक्त द्वारा मुझ पर भी प्राथमिकी दर्ज कराया गया है। जबकि मैं घटनास्थल पर गया भी नही हूं। एक राजनीतिक षड्यंत्र के तहत मेरी आवाज को बंद करने का प्रयास है, लेकिन इससे भ्रष्टाचार के खिलाफ मेरी आवाज और बुलंद होगी। उन्होंने कहा कि आक्रोशित लोगों ने जब विश्रामपुर में रोड जाम किया था तब प्रशासनिक पदाधिकारियों के बुलावे पर वहां गया और जाम हटवाया। इसके बावजूद मुझे जूठे मुकदमे में फंसाया जा रहा है। मुझे कानून और जनता दोनों पर पूरा भरोसा है। सच जरूर सामने आयेगा।

विभिन्न मांगों को लेकर डीलर संघ ने की बैठक

सतबरवा/पलामू (आजाद सिपाही)। फेयर प्राइस शॉप डीलर एसोसिएशन की ओर से गुरुवार को विवाह मंडप सतबरवा में विभिन्न मांगों को लेकर बैठक की। मांग नहीं माने जाने पर एक अगस्त से हड़ताल पर जाने का निर्णय लिया गया। बैठक में बतौर मुख्य अतिथि एसोसिएशन के झारखंड प्रदेश उपाध्यक्ष सह पलामू जिला प्रभारी रविंद्र पांडे और कार्यकारी सदस्य युगल किशोर तिवारी उपस्थित थे। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष कृष्णकांत प्रसाद ने की। प्रदेश उपाध्यक्ष रविंद्र पांडे ने कहा कि 5जी के जमाने में भी हम लोगों को 2जी वाली मशीनें दी गयी है, जिससे काम करने में परेशानी होती है। एक रुपये किलो कमीशन दिया जाता है, वह भी समय पर नहीं दिया जाता। गोदाम से सही मात्रा में अनाज नहीं दिया जाता है। समय-समय पर डीलरों को अन्य कामों में भी लगाया जाता है, जिसका पैसा भी हम लोग को नहीं मिलता है। वहीं. प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य जुगल किशोर तिवारी ने कहा कि विभिन्न मांगों को लेकर शुक्रवार को झारखंड सरकार के खाद्य आपूर्ति मंत्री रामेश्वर उरांव के साथ बैठक है। अगर मांग मान ली गई तो हड़ताल वापस ले लेंगे, नहीं तो 26 जुलाई को दिल्ली के तालकटोरा स्टेडियम में पूरे देश से 3000 विक्रेता अपनी मांगों को लेकर शामिल होंगे। इसके बाद भी सरकार ने मांग नहीं मानी तो 1 अगस्त से सभी डीलर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले जाएंगे। बैठक में डीलरों ने 2जी को 4जी में बदलने, बकाया कमीशन का भुगतान, लूंगी-साड़ी-धोती के उठाव में कमीशन पांच रुपया व परिवहन खर्च, अनाज में तीन रुपये प्रति किलो कमिशन के अलावा अन्य कामों में लगाये जाने पर उसका भुगतान करने की मांग की गई। मौके पर बैजनाथ प्रसाद, पप्पू प्रसाद, दीनानाथ प्रसाद, प्रेम चंद साव, राजेश राम और अजय राम समेत दर्जनों डीलर उपस्थित थे।

गुलाबचंद प्रसाद अग्रवाल कॉलेज को मिला बी ग्रेड का दर्जा : जितेंद्र कुमार

पांच साल बाद दूसरे साईकल में ए प्लस लाने की तैयारी शुरू : नैक समन्वयक राजकिशोर

आजाद सिपाही संवाददाता

छतरपुर/पलामू। छतरपुर अनुमंडल स्थित सड़मा में स्थापित गुलाबचंद प्रसाद अग्रवाल कॉलेज को नैक की ओर से बी ग्रेड का दर्जा मिला है। बता दें कि राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद (नैक) की टीम अपने निरीक्षण के आधार एवं पूर्व में पोर्टल पर अपलोड एसएसआर के आधार पर ग्रेड जारी करती है। 26-27 जून को त्रिसदस्यीय टीम जिसमें चैयरपर्सन प्रोफेसर पूनम बावा, मेंबर कोऑर्डिनेटर प्रोफेसर दिनेश चन्द्र गुप्ता एवं मेंबर प्रोफेसर कुण्डलिक शिंदे ने दो दिवसीय मूल्यांकन किया। कॉलेज के एचीवमेंट, पढ़ाई-लिखाई, इफ्रांस्ट्रक्चर, खेलकूद, सामाजिक सरोकार, सांस्कृतिक गतिविधियां और विद्यार्थियों-अभिभावकों और पूर्ववर्ती छात्रों के साथ बैठक कर नैक की टीम ने बारीकी से जांच की थी। इतना ही नहीं, कॉलेज के सभी विभागों एवं सेल में पहुंचकर दस्तावेजों के रखरखाव तक की जानकाली ली। अतिनक्सल प्रभावित क्षेत्र में बहुत सारे चुनौतियों के बाद भी बहुत कम समय में समाज में एक अलग नाम स्थापित करने वाले कॉलेज के लिए कॉलेज के संस्थापक सचिव सत्यदेव प्रसाद अग्रवाल के चित्र पर माल्यार्पण किया और नैक पीर टीम ने उनके इस तरह के नेक कार्य के लिए दिल से आभार व्यक्त किया। वर्तमान में कॉलेज के सचिव डॉ अमित कुमार अग्रवाल को सफल संचालन के लिए बधाई दिया। साथ ही विश्वविद्यालय के प्रतिनिधि डॉ एके वैध ने भी कॉलेज कर्मियों की खूब प्रशंसा की। राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यापन परिषद द्वारा ग्रेडिंग किया गया जिसमें 2392 अंक लाकर 2.39 सीजीपीए बी ग्रेड प्राप्त किया है। ज्ञात हो कि नैक का मूल्यांकन चार स्तर पर होता है इसकी तैयारी 2019 से आईआईक्यूए से शुरू होकर एसएसआर, एसएसएस, डीभीभी नैक पियर टीम ने स्थल निरीक्षण एवं गुणवत्ता की जांच के बाद ग्रेडिंग किया। महाविद्यालय को आंतरिक गुणवत्ता, शैक्षणिक गुणवत्ता, पढ़ाने का तरीका एनएसएस, आईक्यूएसी। ऐसे अन्य मानकों का निरीक्षण वेवसाइट और भौतिक रूप से होता है। विद्यार्थियों, अभिभावकों तथा शिक्षकों को बधाई देते हुए प्रभारी प्राचार्य जितेंद्र कुमार, शिक्षक प्रतिनिधि और आई क्यू ए सी कोऑर्डिनेटर अखिलेश कुमार सिंह, नैक समन्वयक राजकिशोर लाल ने कहा कि आने वाले पांच साल बाद द्वितीय साइकल में कॉलेज को ए प्लस ग्रेड लाने का पूरा प्रयास करेंगे। वहीं नैक द्वारा ग्रेडिंग मिलने पर कर्मचारियों ने एक दूसरे को बधाई दी। मौके पर असिस्टेंट प्रो अमित कुमार सिंह, असिस्टेंट प्रो राजमोहन, असिस्टेंट प्रो सूर्योदय कुमार, अशोक कुमार अग्रवाल, अ प्रो इंदु कुमारी, अ प्रो अपराजिता प्रकाश, अ प्रो रोहित कुमार, अ प्रो. धर्मेंद्र कुमार सिंह, अ प्रो रानी कुमारी, असिस्टेंट प्रो. जलेश्वर सुरीन गुप्ता आदि थे।

जेल में बंद साथी को छुड़ाने के लिए लूट की वारदात को दिया अंजाम, पांच आरोपी गिरफ्तार

पलामू(आजाद सिपाही)। मेदिनीनगर सेंट्रल जेल में बंद एक साथी को छुड़ाने के लिए और बेरोजगारी के कारण लूट की वारदात को अंजाम देनेवाले पांच अपराधियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इस गिरोह में शामिल एक अपराधी फरार है। उसकी गिरफ्तारी के लिए छापामारी की जा रही है। इनकी गिरफ्तारी के साथ ही मेदिनीनगर शहर औरचैनपुर थाना क्षेत्र में हाल के दिनों में हुई लूट और गोलीकांड की कई घटनाओं का उदभेदन हुआ है। गुरूवार को एसपी कार्यालय में सहायक पुलिस अधीक्षक ऋषभ गर्ग ने मामले का खुलासा किया।

उन्होंने कहा कि सारे आरोपी बेरोजगार रहने और जेल में बंद अपने एक साथी आनंद कुमार को छुड़ाने के लिए कोर्ट कचहरी में होनेवाले खर्च जुटाने के लिए चैनपुर और शहर थाना क्षेत्र में पिछले कुछ महीने से लूट की लगातार वारदात को अंजाम दे रहे थे। 15 दिनों में मामले के उदभेदन के लिए एक विशेष टीम का गठन किया गय।. इस दौरान पांच अपराधी पकड़े गये। उनके पास से लूट में इस्तेमाल एक देसी कट्टा, बाइक, मोबाइल आदि बरामद किया गया है। गिरफ्तार आरोपियों में सदर थाना क्षेत्र के लहसुनिया के विक्रम यादव, चैनपुर के सोनार मुहल्ला के अभिषेक सोनी उर्फ गोलू, अजय मालाकार, पंडवा के कजरी के मंदीप कुमार उर्फ मुन्ना और शहर थाना क्षेत्र के भट्टी मुहल्ला के विपुल कुमार सिंह शामिल हैं। एएसपी ने बताया कि 5 जनवरी 2023 को बंधन बैंक के रिलेशन ऑफिसर से चैनपुर के मंगरदाहा स्थित शिव मंदिर के पास दो अज्ञात अपराधकर्मियों द्वारा पिस्टल का भय दिखा कर 35 हजार नगद, स्मार्टफोन, बायोमेट्रिक डिवाइस आदि लूट लिया गया था। इसी तरह 18 मई को भिखही मोड़ के पास तीन अज्ञात अपराधकर्मियों द्वारा एक व्यक्ति से पिस्टल का भय दिखा कर एक पल्सर बाइक, मोबाइल फोन एवं 25 सौ रुपये नगद लूट लिया गया था। 25 मई को चैनपुर बाजार स्थित पुराना हॉस्पिटल के पास सीएसपी में लूट हुई थी। एक मोबाइल 20 हजार नगद और बैग लूट लिया गया था।

8 जुलाई को चैनपुर के वेद प्रकाश आर्य के घर पर राज सोनी उर्फ मोनू कुमार उर्फ बुकी, मीठु सोनी, विजय प्रसाद और दो अज्ञात अपराधकर्मियो द्वारा गोली चलायी गयी थी। कांड के अनुसंधान के क्रम में तकनीकी साक्ष्य के आधार पर अप्राथमिकी आरोपी मंदीप कुमार उर्फ मन्नु पासवान को पूछताछ हेतु थाना लाया गया।

स्पोर्ट्स

इमर्जिंग एशिया कप में लगातार तीसरी जीत, साई सुदर्शन ने दो छक्के मारकर शतक बनाया

इंडिया-ए ने पाक-ए को 8 विकेट से हराया

एजेंसी

कोलंबो। इंडिया-ए ने इमर्जिंग एशिया कप में पाकिस्तान-ए पर 8 विकेट की आसान जीत हासिल की। यह भारतीय टीम की टूर्नामेंट में लगातार तीसरी जीत है। इस जीत के साथ टीम इंडिया पॉइंट्स टेबल के ग्रुप-बी के टॉप पर पहुंच गई है। टीम इंडिया के 6 अंक हैं। पाकिस्तान चार अंक लेकर दूसरे स्थान पर रही। दोनों टीमें पहले ही सेमीफाइनल के लिए क्वालिफाई कर चुकी हैं। कोलंबो के आर प्रेमदासा स्टेडियम में पाकिस्तानी कप्तान मोहम्मद हारिस ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी चुनी और टीम 48 ओवर में 205 रन पर ऑलआउट हो गई। जवाब में इंडिया-ए ने 36.4 ओवर में दो विकेट खोकर जीत के लिए जरूरी रन बना लिए। साई सुदर्शन (104*) ने शतकीय पारी खेली, जबकि यश धुल ने नाबाद 21 रन बनाए। इन दोनों से पहले निक जोस 53 रन बनाकर आउट हुए। अभिषेक शर्मा ने 20 रन का योगदान दिया।

बांग्लादेश से सेमीफाइनल खेलेगी टीम इंडिया

इंडिया-ए शुक्रवार को कोलंबो में बांग्लादेश-ए के खिलाफ पहला सेमीफाइनल मैच खेलेगी, जबकि पाकिस्तान दूसरे सेमीफाइनल में उसी दिन ग्रुप-ए की टॉपर श्रीलंका का सामना करेगी।

भारतीय टीम के टॉप ऑर्डर में 2 बड़ी साझेदारियां

206 के लक्ष्य का पीछा करने उतरे भारतीय टीम के टॉप ऑर्डर में दो बड़ी साझेदारियां हुईं। पहली साझदोरी 58 रन की हुई, जो अभिषेक शर्मा और साई सुदर्शन की ओपनिंग जोड़ी ने की। यहां अभिषेक शर्मा आउट हुए। अभिषेक के आउट होने के बाद साई सुदर्शन ने निक जोस के साथ दूसरे विकेट के लिए 99 रन जोड़े।

पाकिस्तान 205 पर ऑलआउट

कोलंबो के आर प्रेमदासा स्टेडियम में चल रहे मुकाबले में पाकिस्तान के कप्तान मोहम्मद हारिस ने टॉस जीतकर पहले बैटिंग चुनी। टीम पहली पारी में 205 रन पर ऑलआउट हो गई। पाकिस्तानी टीम की ओर से कासिम अकरम (48 रन) ने सबसे ज्यादा रन बनाए, जबकि शाहीबजादा फरहान ने 35 रन बनाए। भारत की ओर से राजवर्धन हंगरगेकर ने 5 विकेट झटके। मानव सुथार ने 3 विकेट लिए। रियान पराग और निशांत संधू ने एक-एक विकेट लिए।

एमकेडीएवी में आइआइटी एवं नीट में सफल छात्र-छात्राएं हुए सम्मानित

मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)। डीएवी प्रबंध कर्तृ समिति नई दिल्ली के प्रधान आर्यरत्न, पद्मश्री डॉ पूनम सूरी एवं आर्यवीर डां जेपी शूर डायरेक्टर पीएस-1 के आशीष की अगुवाई में संचालित एमकेडीएवी पब्लिक स्कूल के प्रांगण में प्रातः कालीन प्रार्थना सभा में दो छात्र रत्नों को सम्मानित किया गया। हर्षित राज ने जेइइ एडवांस में अखिल भारतीय स्तर पर 241वां स्थान प्राप्त किया। इन्हें ओबीसी श्रेणी में 26 वां स्थान प्राप्त हुआ। दूसरे छात्र कृष सिंह ने 632/720 अंक प्राप्त किया है। इन दोनों छात्रों को अंग वस्त्र एवं स्मृति चिन्ह देकर विद्यालय के प्राचार्य डॉ जीएन खान ने सम्मानित किया।

प्राचार्य डॉ जीएन खान ने कहा कि दोनों बच्चों ने देश की प्रतिष्ठित परीक्षा में महत्वपूर्ण स्थान प्राप्त किया है, जो विद्यालय के लिए गर्व का विषय है। इन छात्रों ने अपने प्रदर्शन से विद्यालय, अपने माता-पिता सहित पूरे पलामू का मान बढ़ाया है। इस विद्यालय के छात्र राष्ट्रीय स्तर की परीक्षाओं में बेहतर प्रदर्शन करते हुए एक नई ऊंचाई को छू रहे हैं। मैं सभी छात्रों को उनके शानदार प्रदर्शन के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं देता हूं और उनके उज्जवल भविष्य की कामना करता हूं। अपने भाषण में छात्र हर्षित एवं कृष ने विद्यालय के छात्रों को सफलता के तरीकों की चर्चा करते हुए कहा कि मंच पर आने का अनुभव शानदार है। हम इसे प्राप्त करने के लिए लगातार परिश्रम कर रहे थे। आज हमारा सपना पूरा हुआ। हमारे सम्मुख खड़े छात्रों को भी यह अवसर मिले, ईश्वर से यही कामना है। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक शैलेंद्र कुमार,एस मैत्री, आलोक कुमार,अभिषेक पांडे, एसके पांडे, श्री जितेंद्र तिवारी, श्री सीएस पांडे, करण सिंह और तुषार घोष उपस्थित थे।

सोरडिहा में मां वैष्णवी अल्ट्रासाउंड का गढ़वा चिकित्सा पदाधिकारी ने किया दृघाटन

विश्रामपुर/पलामू (आजाद सिपाही)। विश्रामपुर नप अंतर्गत सोरडीहा में आशीर्वाद हॉस्पिटल परिसर में मां वैष्णवी अल्ट्रासाउंड का शुभारंभ किया गया। बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुइं स्त्री एवं प्रसूती रोग विशेषज्ञ गढ़वा के चिकित्सा पदाधिकारी डॉ माया कुमारी पांडेय ने नव निर्मित संस्थान का फीता काटकर शुभारंभ किया। वहीं उद्घाटन समारोह में उपस्थित संस्थान के प्रोप्राइटर डॉ दीपक पांडे ने जानकारी देते हुए बताया कि यहां जो अल्ट्रासाउण्ड की सुविधा उपलब्ध है वह 4डी कलर के साथ अन्य उपकरणों से पूर्णतः लैस है। जिसकी मदद से आसानी से गर्भावस्था में पल रहे बच्चे का एक-एक पार्ट को देखा जा सकता है। साथ ही उन्होंने कहा कि अति सुदूरवर्ती क्षेत्र के महिलाओं को प्रेगनेंसी की स्थिति में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र द्वारा भेजी जाने वाली महिलाओं को निःशुल्क अल्ट्रासाउंड किया जाएगा। उद्घाटन कार्यक्रम के दौरान डॉ आशीष रंजन, डॉ एमएम प्रसाद, डॉ धीरज कुमार, डॉ विश्वजीत सिंह, डॉ रवि कुमार, डॉ इलहाक अंसारी, डॉ आरके पांडे, चंद्रशेखर दूबे, प्रेमशंकर दूबे, संगीता कुमारी, पंकज कुमार, नेजाम अंसारी, मधु कुमारी, किरण कुमारी, आरती कुमारी सहित कई लोग अन्य मौजूद थे।

हंगामा : सर्वसम्मति से दीपक कुमार दीपू बने सिंदरी चेंबर के नये अध्यक्ष

सिंदरी चेंबर की बैठक में बवाल एक-दूसरे पर फेंकी गयी कुर्सियां

लक्खी सिंह के समर्थकों पर लगा बाधा पहुंचाने और माहौल बिगाड़ने का आरोप

आजाद सिपाही संवाददाता

सिंदरी। सिंदरी के शहरपुरा बाजार में सिंदरी चेंबर ऑफ कॉमर्स की बैठक के दौरान जमकर बवाल हुआ। लात-घूंसे के साथ ही एक-दूसरे पर खूब कुर्सियां फेंकी गयी। कई लोगों को आंशिक चोट भी आई है। जानकारी के मुताबिक गुरुवार को जिला चेंबर पदाधिकारियों की उपस्थिति में सिंदरी चेंबर ऑफ कॉमर्स की बैठक हो रही थी। तभी जनता श्रमिक संघ के संयुक्त महामंत्री लक्की सिंह के कई समर्थक बैठक में पहुंच गए। बैठक में पहले से मौजूद फर्टिलाइजर वर्कर्स यूनियन के महामंत्री संतोष चौधरी व उनके समर्थक से भिड़ गए। तुरंत इसकी सूचना सिंदरी व बलियापुर पुलिस को दी गई। कुछ

सिंदरी चेंबर के नव निर्वाचित सदस्य व अन्य।

देर में पुलिस भी पहुंच गई। वहीं, झड़प के दौरान कथित रूप से एक राउंड गोली भी चली है। हालांकि पुलिस ने इससे इनकार कर रही है। बाद में पुलिस की मौजूदगी में सिंदरी चेंबर का चुनाव संपन्न हुआ। दूसरी ओर, पत्रकारों से बात करते हुए बैठक में शामिल मिनिस्टर यादव ने बताया कि सिंदरी चेंबर की आमसभा शांतिपूर्ण तरीके से चल रही थी, तभी जनता श्रमिक संघ के संयुक्त महामंत्री लक्खी सिंह के समर्थक पहुंचे और बैठक को भंग करने के उद्देश्य से मारपीट करने लगे। इस दौरान अमर सिंह ने एक राउंड गोली भी चलाई है। उन्होंने लक्खी सिंह समर्थकों पर कार्रवाई की मांग की। कहा कि अब व्यापारी इन सब चीजों को बर्दाश्त नहीं करेंगे। दूसरी ओर, लक्की सिंह ने मारपीट के लगे आरोप को सिरे से खारिज कर दिया। कहा कि हम लोगों को सिंदरी चेंबर के कार्यों से कोई लेनादेना नहीं है।

व्यापारियों की समस्याएं उन्हीं को हल करने दें : दीपक

पुलिस की मौजूदगी में पुनः चेंबर की बैठक हुई। जिला चेंबर ऑफ कॉमर्स के पदाधिकारियों की उपस्थिति में पुरानी कमेटी को भंग कर नई कमेटी का गठन किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से दीपक कुमार उर्फ दीपू को अध्यक्ष, संजय प्रसाद को सचिव और दिलीप रिटोलीया को कोषाध्यक्ष चुना गया। मारपीट मामले में पत्रकारों से बात करते हुए नवनिर्वाचित अध्यक्ष दीपक कुमार ने कहा कि सभी से अपील है कि व्यापारियों की समस्याओं को व्यापारियों को ही हल करने दें। हमलोग कभी किसी दूसरे के कार्यक्षेत्र में दखल नहीं देते। इन भावनाओं को सबको समझना चाहिए। सिंदरी के समस्याओं के निदान के लिए सभी को एक मंच पर आकर काम करना चाहिए। मारपीट को लेकर उन्होंने बिना किसी का नाम लिए कहा कि मेरी प्रार्थना है कि भगवान सबको सद्बुद्धि दे और सभी अपने कार्यक्षेत्र में शांति से कार्य करें। इस दौरान बैठक में चेंबर के जिला अध्यक्ष चेतन गोयनका, महासचिव अजय नारायण लाल, उपाध्यक्ष विनोद गुप्ता, जिला सचिव सह बाजार समिति महासचिव विकास कान्धवे, जिला संगठन सचिव सह लोयाबाद चेम्बर महासचिव सुनील पाण्डेय आदि उपस्थित थे।

दोषियों पर होगी सख्त कार्रवाई : थाना प्रभारी

सिंदरी थाना प्रभारी आदर्श कुमार ने बताया कि विभिन्न बिंदुओं पर जांच की जा रही है। सीसीटीवी फुटेज को भी खंगाले जा रहे हैं। दोषियों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

केंद्रीय रेल मंत्री से मिले सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी

बोकारो (आजाद सिपाही)। गिरीडीह के सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी ने धनबाद, बोकारो जिले के तेलो, तारानारी, तरंगा के अलावा आसपास के दर्जनों गांव के हजारों लोगों की ज्वलंत समस्याओं को लेकर केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से नई दिल्ली में मुलाकात की। सांसद ने केंद्रीय मंत्री से तेलो स्टेशन में बैधनाथ धाम एक्सप्रेस एवं परासनाथ स्टेशन में हावड़ा-जोधपुर एक्सप्रेस ट्रेन के ठहराव की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा। वहीं, केंद्रीय मंत्री ने उन्हें आश्वस्त किाय कि जल्द ही समस्याओं का समाधान होगा। पूर्व की ही भांति ट्रेन का ठहराव होगा। वहीं, क्षेत्र की ज्वलंत मुद्दा को उठाने के लिए गिरिडीह सांसद को उनके सांसद प्रतिनिधि दीपक महतो, सुरेश महतो, खेमलाल महतो, प्रदीप वर्मा और रणविजय सिंह आदि ने आभार व्यक्त किया है।

जिला नोडल पदाधिकारी, एन0सी0डी0 सेल, खूँटी।

आम सूचना

एतद् द्वारा वैसे सभी दूकानदार जो, तम्बाकू एवं तम्बाकू से संबंधित पदार्थों का (सिगरेट, बीडी, गुटखा, पान मसाला, खैनी आदि) कि बिक्री करते हैं तो इन सभी दूकानदारों को Cotpa, Act 2003 निम्नलिखित मुख्य प्रावधानों का पालन करना है. अन्यथा निरीक्षण के दौरान यदि दूकानदार Cotpa, Act-2003 के नियमों का उलंघन करते हुए पाये जाते हैं, तो उनके खिलाफ Cotpa, Act-2003 के तहत् कार्रवाई की जाएगी।

Cotpa, Act-2003 मुख्य प्रावधान

कोटपा की धारा		दण्ड/जुर्माना/कारावास/दोनो	
धारा 4	सार्वजनिक स्थल पर धुम्रपान पर प्रतिबंध।	व्यक्तिगत अपराध के लिये प्रबंधक या अधिकृत अधिकारी के लिए	Rs. 200/- (दो सौ रूपये) तक का जुर्माना
धारा 5	सिगरेट एवं अन्य तम्बाकु उत्पाद के विज्ञापन पर प्रतिबंध।	प्रथम अपराध की दषा में द्वितीय अपराध की दषा में	2 वर्ष तक कारावास या Rs. 1000/- (एक हजार रूपये) तक का जुर्माना अथवा दोनो 5 वर्ष तक कारावास या Rs. 5000/- (पांच हजार रूपये) तक का जुर्माना
धारा 6 (A)	18 वर्ष से कम आयु के व्यक्ति को/द्वारा सिगरेट या अन्य तम्बाकू उत्पाद के बिक्री पर प्रतिबंध।	.....	Rs. 200/- (दो सौ रूपये) तक का जुर्माना
धारा 6 (B)	शैक्षणिक संस्थान के 100 गज की परिधि में सिग्रेट या अन्य तम्बाकु उत्पाद के विक्रय पर प्रतिबंध।	.....	Rs. 200/- (दो सौ रूपये) तक का जुर्माना
धारा 7	बिना विषिष्ट स्वास्थ्य चेतावनी के सिगरेट और अन्य तम्बाकू उत्पाद के बिक्री पर प्रतिबंध।	1. प्रथम अपराध की दषा में 2. द्वितीय अपराध की दषा में 1. प्रथम अपराध की दषा में 2. द्वितीय अपराध की दषा में	उत्पादक/विनिर्माता 2 वर्ष तक कारावास या Rs. 5000/- (पांच हजार रूपये) तक का जुर्माना अथवा दोनो। 5 वर्ष तक कारावास एवं Rs. 10000/- (दस हजार रूपये) तक का जुर्माना विक्रेत/वितरक 1 वर्ष तक कारावास या Rs. 1000/- (एक हजार रूपये) तक का जुर्माना अथवा दोनो। 2 वर्ष तक कारावास एवं Rs. 3000/- (तीन हजार रूपये) तक का जुर्माना

खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी, खूँटी।

जिला नोडल पदाधिकारी, एन0सी0डी0 सेल, खूँटी।

PR 302799 District(23-24)D

कार्यालय :वन प्रमंडल पदाधिकारी,खूँटी वन प्रमंडल,खूँटी

E-mail:- dfo-khunti@gov.in

सार्वजनिक निलामी सूचना

वन प्रमण्डल पदाधिकारी, खूँटी वन प्रमण्डल, खूँटी द्वारा निम्नलिखित अधिहरित लकड़ियों की आम निलामी द्वारा बिक्री की जाएगी, जिनका ब्योरा निम्नवत है:–

क्र. सं.	अधिहरण वाद/वनवाद	लॉट संख्या	प्रजाति	संख्या	आयतन (घनमीटर में)	स्थल का नाम जहाँ लकड़ियाँ रखी गई है
1	21/2019 F-12/2019	1/23-24	साल बोटा	10 2	1.1754 0.1517	वन प्रमण्डल कार्यालय, खूँटी
2	31/2011 F-13/2011	2/23-24	साल चिरान	146	2.5121	वन प्रमण्डल कार्यालय, खूँटी
3	9/2018 F-2/2018	4/23-24	साल चिरान	200	3.441	वन प्रमण्डल कार्यालय, खूँटी
4	32/2019 F-24/2019	6/23-24	साल चिरान	43 16	0.7398 0.1552	वन प्रमण्डल कार्यालय, खूँटी
5	5/2018 F-16/2017	09/23-24	साल बोटा	110	4.258	वन प्रमण्डल कार्यालय, खूँटी
6	20/2014 F-16/2014	10/23-24	साल चिरान	120	2.0647	वन प्रमण्डल कार्यालय, खूँटी
7	16/2017 F-6/2017	11/23-24	साल बोटा	64	5.295	वन प्रमण्डल कार्यालय, खूँटी
8	15/2016 F-18/2016	12/23-24	साल बोटा खूंटा	78 48	3.919	वन प्रमण्डल कार्यालय, खूँटी
9	16/2016 F-17/2016	13/23-24	साल बोटा खूंटा	64 106	4.152	वन प्रमण्डल कार्यालय, खूँटी
10	10/2017 F-04/2017	14/23-24	साल बोटा खूंटा	70 5	6.25	वन प्रमण्डल कार्यालय, खूँटी
11	45/2015 F-22/2015	15/23-24	औखट बोटा खूंटा	29 7 5	1.5654 1.1134	वन प्रमण्डल कार्यालय, खूँटी
12	33/2017 F-12/2017	16/23-24	साल चिरान	91	1.5657	वन प्रमण्डल कार्यालय, खूँटी
13	28/2015 F-10/2015	17/23-24	साल बोटा खूंटा	40 6	2.4409	वन प्रमण्डल कार्यालय, खूँटी
14	06/2016 F-14/2016	18/23-24	विविध बोटा खूंटा गम्हार बोटा खूंटा	2 5 3 5	0.0861 0.119	वन प्रमण्डल कार्यालय, खूँटी
15	40/2019 F-29/2019	19/23-24	साल बोटा	19	1.54	वन प्रमण्डल कार्यालय, खूँटी
16	23/2019 F-16/2019	20/23-24	साल चिरान साल चिरान	174 24	2.9936 0.2359	वन प्रमण्डल कार्यालय, खूँटी
17	50/2018 F-28/2018	21/23-24	साल चिरान साल चिरान	2 5	0.034 0.035	वन प्रमण्डल कार्यालय, खूँटी
18	31/2019 F-32/2019	22/23-24	साल चिरान साल चिरान	15 11	0.58 0.108	वन प्रमण्डल कार्यालय, खूँटी
19	24/2019 F-13/2019	23/23-24	साल बोटा साल बोटा साल बोटा साल बोटा खूंटा	22 20 10 6 1	2.3036 3.7045 3.0396 4.8631	वन प्रमण्डल कार्यालय, खूँटी
20	29/2018 F-12/2018	25/23-24	साल बोटा साल बोटा	15 4	1.1 0.55	वन प्रमण्डल कार्यालय, खूँटी
21	01/2017 F-21/2016	26/23-24	साल बोटा	64	2.71	वन प्रमण्डल कार्यालय, खूँटी
22	07/2018 F-01/2018	27/23-24	साल बोटा खूंटा	51 41	1.89	वन प्रमण्डल कार्यालय, खूँटी
23	43/2018 F-23/2018	28/23-24	साल चिरान साल चिरान	21 6	0.645 0.04	वन प्रमण्डल कार्यालय, खूँटी
24	26/2017 F-10/2017	29/23-24	साल चिरान साल चिरान	18 16	0.309 0.137	वन प्रमण्डल कार्यालय, खूँटी
25	19/2019 F-09/2019	32/23-24	साल चिरान 	18 9	0.309 0.066	खूँटी वन प्रक्षेत्र, खूँटी
26	34/2018 F-17/2018	33/23-24	साल चिरान 	139 20	2.391 0.196	खूँटी वन प्रक्षेत्र, खूँटी
27	03/2018 F-13/2017	34/23-24	साल चिरान 	22 24	1.3785 0.0191	खूँटी वन प्रक्षेत्र, खूँटी
28	33/2019 F-22/2019	35/23-24	गम्हार बोटा कटहल बोटा	14 14	0.843 3.007	खूँटी वन प्रक्षेत्र, खूँटी
29	16/2020 F-28/2019	37/23-24	सागवान चिरान 	19 13	0.231 0.124	खूँटी वन प्रक्षेत्र, खूँटी

निलामी की तिथि, स्थल एवं समय :–

1. लकड़ियों की निलामी दिनांक–12.08.2023 को 11:00 बजे पूर्वाहन से प्रमण्डलीय कार्यालय, खूँटी में आरंभ की जाएगी।

निलामी की शर्तें :–

1. लकड़ियाँ जहाँ है, जिस स्थिति में है, उसी स्थिति में निलामी होगी।
2. इच्छुक व्यक्तियों को 5000.00 (पाँच हजार) रुपए मात्र अग्रधन के रुप में निलामी के पूर्व अधोहस्ताक्षरी के पक्ष में बैंक ड्राफ्ट के रुप में राशि जमा करना होगा। सफल डाकवक्ताओं का जमा अग्रधन विक्रय मूल्य में समायोजित कर लिया जाएगा तथा असफल डाकवक्ताओं का अग्रधन वापस कर दिया जाएगा।
3. सफल डाकवक्ता को अभिप्रस्ताव पत्र प्राप्त होने के 15 दिनों के अन्दर पूरी राशि अधोहस्ताक्षरी के पक्ष में जमा करना होगा अन्यथा अग्रधन की राशि समपहृत (Forfeit) कर ली जाएगी तथा निलामी रद्द कर दी जाएगी।
4. सम्पूर्ण राशि जमा करने के पश्चात् ही निलामी किए गए लकड़ियों को विधिवत् विमुक्त किया जाएगा।
5. निलामी के पूर्व किसी भी कार्य दिवस में लकड़ियों को देखा जा सकता है।
6. GST धारक व्यक्तियों को प्राथमिकता दी जाएगी।
7. सफल डाकवक्ता निलामी द्वारा खरीदे गये लकड़ियों के मूल्य के अनुसार GST स्वयं संबंधित विभाग में जमा करेंगे एवं इसकी सूचना भी इस कार्यालय को देंगे।
8. बिना कारण बताए निलामी को रद्द करने/संशोधित करने/स्थगित करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित रहेगा।

ह0/–
वन प्रमण्डल पदाधिकारी,
खूँटी वन प्रमण्डल खूँटी

PR 302823 Forest, Environment and Climate Changes(23-24).D

महत्वपूर्ण न्यूज

प्रबंधन की मनमानी के खिलाफ कभी भी टूट सकता है मजदूरों के आक्रोश का बांध : राजेंद्र

बोकारो (आजाद सिपाही)। यातायात विभाग के स्टील स्टेशन एसएमएस में नियमित कर्मचारियों के साथ ही ठेका मजदूरों के ज्वलंत समस्याओं के मद्देनजर क्रांतिकारी इस्पात मजदूर संघ (एचएमएस) की ओर से बैठक की गयी। जिसकी अध्यक्षता एससी कुंभकार ने की। बैठक में संगठन के महामंत्री सह एनजेसीएस सदस्य राजेंद्र सिंह ने कहा कि प्रबंधन लक्ष्य क्षमता से अधिक उत्पादन बढ़ाकर नियमित कर्मचारियों के इन्सेंटिव रिवार्ड में कटौती कर रहा है। इससे मजदूरों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है, जो कभी भी भयावह रूप ले सकता है। ठेका मजदूरों की समस्याओं पर अपना विचार रखते हुए कहा कि जिस प्रकार की अंधेर प्रशासन यातायात विभाग में है शायद ही किसी विभाग में होगा। पूर्व के समझौतों में जो ठेका मजदूर कुशल कामगार के रूप में कार्य कर रहे थे वर्तमान कॉन्ट्रैक्ट में उन्हीं मजदूरों को अर्ध कुशल कामगार बनाकर उनका शोषण किया जा रहा है। मिनिमम वेज की भी हालत दयनीय है। एक तो भवन निर्माण का मिनिमम वेज उसमें भी लूट खसोट, भ्रष्टाचार चरम पर है। फाइनल का पैसा जबरन वसूला जाता है। सुरक्षा समान, रेनकोट की तो कोई व्यवस्था हीं नहीं है। ग्रुप इंश्योरेंस पर प्रबंधन बड़े-बड़े वादे कर चुकी है पर हकीकत में सिर्फ शोषण ही हुआ है। उन्होंने प्रबंधन को चेतावनी देते हुए कहा कि समय रहते जल्द से जल्द अपनी व्यवस्था में सुधार करें नहीं तो मजदूर अपने हक-अधिकार की रक्षा के लिए किसी भी हद तक जाने के लिए बाध्य होंगें। बैठक में आरके सिंह, रमेश राय, चंद्र प्रकाश, पीके देव, एसएन सिंह, पंकज कुमार, आरएल लाल, अशोक कुमार चौधरी, ऐनुल मियां, बीएन राय, मो इम्तियाज, सुरेश, मनोज कुमार, मो याकूब, विभूति महतो आदि मौजूद थे।

मुहर्रम को लेकर तेतुलमारी थाने में शांति समिति की बैठक

तेतुलमारी (आजाद सिपाही)। थाना में गुरुवार को मुहर्रम को लेकर शांति समिति की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता थाना प्रभारी आशीष कुमार यादव व संचालन मानिक ठाकुर ने किया। थाना प्रभारी ने कहा कि पहले से रिकॉर्डेड म्यूजिक या डीजे बजाए जाने पर पूर्ण पाबंदी रहेगी। सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक पोस्ट करने वालों पर भी प्रशासन की पैनी नजर रहेगी। साफ-सफाई पर भी ध्यान दिया जाएगा। संवेदनशील जगहों पर पुलिस बल की तैनाती के साथ ही हुड़दंगियो पर विशेष नजर रहेगी। पूर्व से निर्धारित रूट पर ही शांतिपूर्ण ढंग से अखाड़ा निकाला जाएगा। पुलिस ने लोगों से अपील की कि अफवाहों पर ध्यान ना दें। किसी भी तरह की अप्रिय सूचना मिलने पर प्रशासन को सूचित करें। बैठक में शिव प्रसाद महतो, मनोज निषाद, पंकज सिंह, दीपेश चौहान, प्रदीप वर्मा, राजू मल्लाह, मोहम्द जाहिर, मोहम्मद मोइउद्दीन, मोहम्मद फकरुद्दीन, गीता देवी, कौशल्या देवी, प्रेमा पाण्डेय आदि उपस्थित थे।

बोकारो महिला समिति की ओर से संचालित दो विद्यालयों में कंप्यूटर शिक्षा का शुभारंभ

बोकारो (आजाद सिपाही)। महिला समिति की ओर से संचालित दो विद्यालयों में गुरुवार से कंप्यूटर शिक्षा का शुभारंभ हुआ। बालमंदिर, कॉपरेटिव कॉलोनी में समिति की उपाध्यक्ष महोदया इति रथ और सौरभ शिशु मंदिर सेक्टर-2 में प्रीति शरण की ओर से कंप्यूटर कक्ष का अनावरण किया गया। कार्यक्रम में बच्चों को कंप्यूटर शिक्षा के महत्व और उपयोगिता के बारे में जानकारी दी गयी। उनकी शैक्षिक उपलब्धियों के लिए उपहार भी दिया गया। इस मौके पर बोकारो महिला समिति की विद्यालय प्रभारी ऋचा प्रियदर्शिनी, सचिव वंदना झा, कोषाध्यक्ष रीता रानी और समिति की अन्य सदस्या आदि थीं।

अवैध लोहा लदा पिकअप डिवाइडर से टकराकर पलटा

ग्राम रक्षादल के चेकपोस्ट से रातों रात लोहे के साथ गायब हुआ पिकअप वैन

आजाद सिपाही संवाददाता

महुदा। बाघमारा प्रखंड अंतर्गत महुदा थाना क्षेत्र में अवैध लोहा का कारोबार रुकने का नाम नहीं ले रहा है। ताजा मामला बुधवार की रात फिर से देखने को मिला। जानकारी के मुताबिक तेज रफ्तार में जा रहा अवैध लोहा लदा पिकअप वैन महुदा मोड़ और तेलमोचों के बीच फोरलेन सड़क पर अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकराकर पलट गया, जिससे वाहन में लदा अवैध लोहा सड़क के किनारे बिखर गया। उधर, वैन पलटने की आवाज सुनकर स्थानीय ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। तुरंत इसकी सूचना महुदा पुलिस को दी गयी। कुछ देर बाद मौके पर पहुंची महुदा पुलिस ने वाहन सहित लोहे को अपने कब्जे में लेकर तेलमोचो ब्रिज स्थित ग्राम रक्षादल के चेक पोस्ट में रख दिया। पर हद तो तब हो गयी जब उक्त अवैध लोहे एवं पिकअप वाहन को स्थानीय पुलिस एवं ग्राम रक्षादल द्वारा कथित रूप से माफियाओं के साथ सांठ-गांठ कर गायब कर दिया गया। ऐसे में स्थानीय पुलिस की कार्यशैली पर कई सवाल भी उठ रहे है। वहीं लोगों के अनुसार दिनभर कुछ स्थानीय छूटभईया नेता पुलिस के बड़े अधिकारी का हवाला देकर उक्त अवैध लोहे एवं वाहन को छुड़ाने की जद्दोजहद भी करते दिखें और आखिर में रात के अंधेरे का फायदा उठाकर अवैध लोहा और वाहन को लेकर भगाने में सफल रहे। दबी जुबान में लोग पुलिस से पूछ रहे हैं कि आखिर स्थानीय पुलिस तस्करों पर कार्रवाई नहीं कर इतनी मेहरबान क्यूं है? बतातें चले कि इससे पहले भी तस्करों द्वारा अवैध लोहा से भरे वाहन को महुदा मोड़ में ग्रामीणों ने पकड़ कर सीआइएसएफ के हवाले किया था, पर उस वक्त भी पुलिस ने अवैध लोहा सहित वाहन को छोड़ दिया था।

रामावतार आउटसोर्सिंग प्रबंधन व कर्मियों के बीच वार्ता के बाद आंदोलन समाप्त

लोयाबाद (आजाद सिपाही)। कनकनी कोलियरी अंतर्गत संचालित रामावतार आउटसोर्सिंग कंपनी में विगत छह दिनों से जारी चक्का जाम आंदोलन गुरुवार को वार्ता के बाद समाप्त हो गया। कंपनी प्रबंधन और आंदोलनकारियों के बीच आउटसोर्सिंग स्थल पर पुलिस की मध्यस्तता में वार्ता हुई, जिसमें सभी कर्मियों का वेतन 2000 रुपए बढ़ाने का फैसला हुआ। जिस पर दोनों पक्षों ने अपनी सहमति जताई। वार्ता में मजदूरो की अगुवाई एटक नेता मनोज मुखिया, जबकि कंपनी की ओर से प्रबंधक अंकित सिंह और सुनील सिंह कर रहे थे। आंदोलन समाप्त होने के बाद आउटसोर्सिंग का काम शुरू हो गया। इस मौके पर उमेश चौहान, जीतू बाउरी, तपन गोराई, नंदलाल महतो, जितेंद्र चौहान, शंकर राणा, उमेश राणा, विकास चौहान, जेपी चौहान, विनय चौहान, कर्म रजवाड़, जमाल मंसूरी, पप्पू अंसारी, दीपेंद्र बेलदार, राकेश चौहान, राजकुमार चौहान और सुफल महतो आदि उपस्थित थे।

शुरू हुआ पाइप बिछाने का काम, सिजुआ जीएम ने ली जानकारी

लोयाबाद दुर्गा मंदिर कॉलोनीवासियों को तीन साल बाद मिलेगा पिट वाटर

आजाद सिपाही संवाददाता

लोयाबाद। लोयाबाद दुर्गा मंदिर कॉलोनी में तीन साल बाद फिर से स्वच्छ पानी मिलने की आस जगी है। अब सीधे समर्सिबल से 250 परिवार को पानी मिलेगा। इस बाबत गुरुवार को सिजुआ जीएम अनूप राय लोयाबाद दुर्गा मंदिर कॉलोनी पहुंचे और लोगों से बात कर जानकारी ली। पाईप बिछाने का काम भी दोबारा शुरू हो चुका है। जीएम एक शिकायत पर यहां आए थे। किसी ने यह कहकर काम रुकवा दिया था कि निगम की पाइप लाइन से सटाकर पाइप बिछाने के लिए एनओसी की जरूरत पड़ती है। जीएम ने निरक्षण के दौरान कहा कि जमीन बीसीसीएल की और एनओसी भी बीसीसीएल को लेना पड़े, ऐसा किस कानून में लिखा है। वहीं, निरीक्षण के आधे घंटे बाद पाइप बिछाने का काम दोबारा शुरू हुआ। बताया गया कि एक सप्ताह के भीतर करीब 250 परिवार को

पीट वाटर सुचारु हो जायेगा।

क्या है मामला

करीब 25 हजार की आबादी को लोयाबाद कोलियरी के पास समर्सिबल से पीट वाटर की आपूर्ति की जाती है। अलग-अलग दिनों में अलग-अलग क्षेत्रों में बांट कर पानी की आपूर्ति होती है। लेकिन दुर्गा मंदिर के 250 परिवार को पीट वाटर तीन साल से नहीं मिल पा रहा है। इस मुद्दे को लेकर मजदूर और यूनियन प्रतिनिधि लगातार शिकायत कराते रहे हैं। अब प्रबंधन ने निर्णय लिया कि समर्सिबल वाले पाइप में जोड़कर सीधे मसले का हल निकाला जाएगा। बताया जाता है कि समर्सिबल लाइन से पांच नंबर सम में पानी कम स्टोर होता है। हालांकि पुरानी पाइप1 में अपनी मर्जी के कुछ लोगों द्वारा दो जगह लगभग 80 कनेक्शन जोड़ लिया गया है। इसी कारण दुर्गा मंदिर के 250 परिवारों को पीट वाटर नहीं मिल पा रहा है। इस मौके पर एरिया सिविल इंजिनीयर कुंदन कुमार, कोलियरी प्रबंधक संजय नंदा, कोलियरी अभियंता तरूण कुमार, जयप्रकाश पांडेय, रवि चौबे, राजेंद्र पासवान, एसएस प्रसाद, मुन्ना यादव आदि उपस्थित थे।

आजाद सिपाही
रांची, शुक्रवार, 21 जुलाई, 2023
www.azadsipahi.in

बैंक ऑफ बड़ौदा ने मनाया अपना 116वां स्थापना दिवस

आजाद सिपाही संवाददाता

भुवनेश्वर/कटक। भारत के प्रमुख सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों में से एक, बैंक ऑफ बड़ौदा (बैंक) ने आज अपना 116वां स्थापना दिवस मनाया। बैंक के 116वें वर्ष की थीम है एसीई -सिद्धि, सहयोग, समृद्धिः भविष्य की बैंकिंग की आधारशिला का निर्माण, जो बैंक के लिए बड़े सपने देखने, उत्कृष्टता के लिए प्रयास करने और एक मजबूत, अधिक समृद्ध और साझा भविष्य का निर्माण करने के उद्देश्य तय करती है। बैंक की स्थापना दूरदर्शी और समाज सुधारक महाराजा सयाजीराव गायकवाड़ 3 द्वारा की गई थी। 1908 में बड़ौदा के मांडवी में स्थापित की गयी पहली शाखा से, बैंक ऑफ बड़ौदा ने आज खुद को देश के दूसरे सबसे बड़े सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक के रूप में स्थापित कर लिया है। 17 देशों में नेटवर्क के साथ बैंक ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज की है। बैंक

के 116वें स्थापना दिवस के मौके पर, बैंक ऑफ बड़ौदा के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी श्री देबदत्त चांद ने कहा, बैंक ऑफ बड़ौदा का 116वां स्थापना दिवस बैंक के गौरवशाली इतिहास में एक विशेष उपलब्धि है और यह हम सभी के लिए गर्व का क्षण भी है। बैंक ऑफ बड़ौदा पुराने और नए का एक अनूठा मिश्रण है। यह 115 वर्षों की समृद्ध विरासत वाला एक ऐसा बैंक है, जो नवोन्मेषिता को अपनाकर अपने ग्राहकों और अन्य प्रमुख हितधारकों का विश्वास और संरक्षण पाने के लिए निरंतर खुद को नए सिरे से तैयार कर रहा है। आज जब हम पिछले कुछ वर्षों में हासिल की गयी अपनी उपलब्धियों और मील स्तंभों पर गर्व कर रहे हैं, तो यह उपयुक्त समय है कि हम भविष्य की ओर भी देखें ताकि नए लक्ष्यों के साथ हम बैंकिंग क्षेत्र में नए आयाम स्थापित कर सकें। इस मौके पर, बैंक ने एमएसएमई, विज्ञान और चिकित्सा, साहित्य, समाज सेवा, उद्योग, खेल, कला और सिनेमा के क्षेत्रों में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले ग्राहकों को सम्मानित भी किया। कटक, ओडिशा में, कटक क्षेत्र के क्षेत्रीय प्रमुख श्री रंजीत कुमार के मार्गदर्शन में, क्षेत्रीय कार्यालय, कटक द्वारा, लेप्रोसी होम एंड हॉस्पिटल, नया बाजार, कटक में सीएसआर गतिविधियों का आयोजन किया गया। इसके अलावा, कटक क्षेत्र की शाखाओं द्वारा भी, स्थापना दिवस समारोह के कार्यक्रमों के अंतर्गत, सीएसआर गतिविधियों, रंगोली और ड्राइंग प्रतियोगिताओं एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों आदि का आयोजन किया गया।

बैंक ऑफ बड़ौदा के बारे में

20 जुलाई, 1908 को सर महाराजा सयाजीराव गायकवाड़ III द्वारा स्थापित, बैंक ऑफ बड़ौदा भारत के प्रमुख वाणिज्यिक बैंकों में से एक है। 63.97% हिस्सेदारी के साथ यह प्रमुख रूप से भारत सरकार के स्वामित्व में है। बैंक पांच महाद्वीपों में 17 देशों में फैले 70,000 से अधिक टचप्वाइंट के माध्यम से 150 मिलियन से अधिक के अपने वैश्विक ग्राहक आधार को सेवाएं प्रदान कर रहा है। अपने अत्याधुनिक डिजिटल बैंकिंग प्लेटफॉर्म के माध्यम से यह सभी बैंकिंग उत्पादों और सेवाओं को निर्बाध एवं बाधारहित तरीके से उपलब्ध करा रहा है। हाल ही में शुरू किया गया बॉब वर्ल्ड मोबाइल ऐप ग्राहकों को एक ही ऐप के अंतर्गत बचत, निवेश, उधार एवं खरीदारी का अनुभव प्रदान कर रहा है। यह ऐप वीडियो केवाईसी के माध्यम से खाता खोलने की सुविधा उपलब्ध कराकर गैर-ग्राहकों को भी सेवा प्रदान करता है। बैंक का दृष्टिकोण अपने विविध ग्राहक आधार के अनुरूप है तथा यह विश्वास एवं सुरक्षा की भावना पैदा करता है। बैंक उस दिशा में मजबूती से आगे बढ़ रहा है और बॉब वर्ल्ड डिजिटल परिवर्तन की दिशा में इसके रोडमैप का एक प्रमाण है।

जेयूएसएल बनी जेएसएल की शत प्रतिशत स्वामित्व वाली सहायक कंपनी

आजाद सिपाही संवाददाता

गुरुग्राम। भारत की विशालतम स्टेनलेस स्टील विनिमार्ता, जिंदल स्टेनलेस लिमिटेड (जेएसएल) ने आज जिंदल यूनाइटेड स्टील लिमिटेड (जेयूएसएल) का अधिग्रहण पूरा कर लिया। इससे पहले जेएसएल के पास जेयूएसएल में 26 प्रतिशत हिस्सेदारी थी। जेएसएल ने अब 958 करोड़ रुपये नकद राशि के सौदे के आधार पर जेयूएसएल की शेष 74 प्रतिशत हिस्सेदारी का अधिग्रहणक र लिया है। इस हस्तांतरण के बाद जेयूएसएल अब जेएसएल की 100 प्रतिशत स्वामित्व वाली सहायक कंपनी बन गयी है। जेयूएसएल16 लाख टनकी सालाना क्षमता वाले हॉट स्ट्रिप मिल (एचएसएम) और 2 लाख टन सालाना की क्षमता वाले कोल्ड रोलिंग मिल (सीआरएम) का परिचालन करतीहै। साथ ही ओड़िशा स्थित जाजपुर संयंत्र में चल रही क्षमता विस्तार परियोजना पूरी हो जाने पर कंपनी की कुल क्षमता बढ़कर 32 लाख टन सालाना हो जाएगी। जेएसएलके प्रबंध निदेशक, श्री अभ्युदय जिंदल ने इस अधिग्रहण पर अपनी टिप्पणी में कहा, स्टेनलेस स्टील केसंबंधमें मजबूत दृष्टिकोण और जेयूएसएल तथा जेएसएल के सहयोग के मदेनजरजेएसएल के निदेशक मंडल ने स्टेनलेस स्टील विनिर्माण से जुड़ी की सभी महत्वपूर्ण इकाइयों को एकीकृत परिचालन के तहत शामिल करने का फैसला किया है। इस अधिग्रहण से दोनों कंपनियों के बीच बेहतर तालमेल होगा और संचालन का बेहतर ढांचा तैयार होगा, जिससे सभी सम्बद्ध पक्षों के लिए मूल्य में वृद्धि होगी।" जेएसएल के निदेशक मंडल और सदस्यों ने इस हस्तांतरण को पहले ही मंजूरी दे दी थी।

हीराकुंड बांध का गेट 23 जुलाई को खुलेगा

ऊपरी इलाकों में भारी बारिश और बाढ़ के कारण जल स्तर बढ़ रहा

आजाद सिपाही संवाददाता

भुवनेश्वर संबलपुर। हीराकुंड बांध वर्ष का पहला बाढ़ का पानी छोड़ेगा। हीराकुंड बांध के गेट 23 जुलाई को खोले जाएंगे। वर्ष का पहला बाढ़ का पानी रविवार को सुबह 9 बजे पूजा के बाद छोड़ा जाएगा। हीराकुंड बांध के कत्रुपक्ष ने इस संबंध में चेतावनी जारी की

है। भारी बारिश के कारण हीराकुंड जलाशय में जल स्तर बढ़ रहा है। गौरतलब है कि हीराकुंड जलाशय की अधिकतम जलधारण क्षमता 630 फीट है, जबकि गुरुवार को जलस्तर बढ़कर 611.52 फीट हो गया है। अब हर सेकेंड 1 लाख 40 हजार 48 क्यूसेक पानी प्रवेश कर रहा है। हालांकि, ऊपरी इलाकों में भारी बारिश और बाढ़ के कारण जल स्तर बढ़ रहा है।

द्वितीय श्रेणी कोच के पास प्लेटफार्म पर किफायती भोजन और किफायती पैकेज्ड पेयजल का प्रावधान

- इन काउंटरों का स्थान जोनल रेलवे द्वारा तय किया जायेगा ताकि ये काउंटर प्लेटफॉर्म पर सामान्य द्वितीय श्रेणी कोच के स्थान के पास उपलब्ध कराए जायेंगे।

आजाद सिपाही संवाददाता

भुवनेश्वर। रेल मंत्रालय ने सेकेंड क्लास में सफर करने वाले यात्रियों के लिए खुशखबरी लेकर आया है। रेल मंत्रालय ने सामान्य द्वितीय श्रेणी के डिब्बों के पास प्लेटफार्मों पर स्थित उन्नत सेवा काउंटरों के माध्यम से कम लागत वाले भोजन/कॉम्बो भोजन और किफायती पैकेज्ड पेयजल सेवा की सुविधा प्रदान करने के लिए सामान्य द्वितीय श्रेणी में यात्रा करने वाले यात्रियों को सुविधा प्रदान करने के लिए दिनांक 27.06.2023 के पत्र के माध्यम से निर्देश जारी किए हैं। यह सुविधा ट्रेन के सामान्य द्वितीय श्रेणी कोच में उपलब्ध है और यह भोजन आईआरसीटीसी की रसोई यूनिट और जन आहार केंद्र द्वारा उपलब्ध कराया जायेगा। इन काउंटरों का स्थान जोनल रेलवे

द्वारा तय किया जायेगा ताकि ये काउंटर प्लेटफॉर्म पर सामान्य द्वितीय श्रेणी कोच के स्थान के पास उपलब्ध कराए जायेंगे। प्लेटफॉर्म पर इन उन्नत सेवा काउंटरों का प्रावधान 06 महीने के लिए परीक्षण के आधार पर किया गया है। आईआरसीटीसी जोन को सलाह दी जाती है कि वे सामान्य द्वितीय श्रेणी कोच के यात्रियों को किफायती भोजन और नाश्ते के साथ किफायती पैकेज्ड पीने के पानी की सुविधा प्रदान करने के लिए अपनी स्वयं की रसोई यूनिटी के माध्यम से सेवा लागू करें। आईआरसीटीसी जोन को यह भी सलाह दी जाती है कि वे जोनल रेलवे के साथ उचित समन्वय में इस गतिविधि को अंजाम दें। विभिन्न स्टेशनों पर विस्तारित सेवा काउंटर चालू कर दिए गए हैं स्टेशनों की सूची नीचे दी गई है। स्टेशन पर आईआरसीटीसी रसोई यूनिट पका हुआ भोजन और सार्वजनिक खानपान सेवा काउंटर प्रदान करती है। यह सेवा अब तक पूरे भारत में 64 रेलवे स्टेशनों पर उपलब्ध कराई गयी है, जिसमें ओडिशा के राउरकेला और झारसुगुड़ा रेलवे स्टेशन भी शामिल हैं। इस सेवा को ओडिशा के खुर्दा रोड रेलवे स्टेशन समेत कई और स्टेशनों पर भी उपलब्ध कराने की योजना है। भोजन प्रकार-1: कम लागत वाले भोजन में 07 पूरी (175 ग्राम), सूखा आलू मसाला (150 ग्राम) और वॉचर (12 ग्राम) की कीमत सभी शुल्क सहित 20/- रुपये निर्धारित है। भोजन प्रकार-2 - नाश्ता भोजन (350 ग्राम) दक्षिण भारतीय चावल या राजमा/छोले-चावल या खिचड़ी या कुल्चे/छोले चावल या पाओ-वजी या मसाला डोसा कीमत सभी शुल्कों सहित 50/- रुपये है। अब तक 51 स्टेशनों पर यह सुविधा लागू हो चुकी है यह सेवा 13 और स्टेशनों के लिए लागू की जा रही है और कल तक पूरी हो जाएगी। यथासंभव स्टेशनों पर 200 मिलीलीटर पैक पानी के गिलास उपलब्ध कराने का प्रयास किया जा रहा है और तब तक 01 लीटर की बोतलें भी उपलब्ध रहेंगी। हालांकि यह सुविधा ओडिशा के राउरकेला और झारसुगुड़ा स्टेशनों पर उपलब्ध है, लेकिन इसे खुर्दा रोड रेलवे स्टेशन सहित कई और स्टेशनों पर पहचाना किया गया है और उत्तरोत्तर बढ़े हुए सेवा काउंटरों पर कम लागत वाले भोजन और पानी की उपलब्धता के प्रावधान को कवर करने का प्रयास किया जा रहा है।

मुख्यमंत्री ने अग्निशमन सेवा विभाग में 26 नये पदों को मंजूरी दी

भुवनेश्वर। मुख्यमंत्री श्री नवीन पटनायक ने ओडिशा अग्निशमन सेवा विभाग में विभिन्न स्तरों पर 26 नए पदों को मंजूरी दी है। इनमें तीन स्टेशन ऑफिसर के पद, तीन लीडिंग फायरमैन और बीस फायरमैन के पद हैं। इन नए पदों के सृजन के साथ, अग्निशमन सेवा विभाग से अधिक कुशल तरीके से लोगों की सेवा करने की उम्मीद है।

सोआ की तरफ से खंडगिरी पुलिस स्टेशन को दी गयी बोलेरो

भुवनेश्वर। शिक्षा और अनुसंधान (सोआ) विश्वविद्यालय ने कानून-व्यवस्था की स्थिति और अपराध नियंत्रण के लिए कमिश्नरेट पुलिस को समर्थन का हाथ बढ़ाया है। इसके लिए सोआ ने खंडगिरी पुलिस स्टेशन को एक बोलेरो गाड़ी प्रदान किया है। विश्वविद्यालय की ओर से सोआ के संस्थापक अध्यक्ष प्रोफेसर (डॉ.) मनोजरंजन नायक ओएसडी और संयुक्त निदेशक सुधांशु पटनायक ने इस गाड़ी की चाबी पुलिस आयुक्त सौमेंद्र प्रियदर्शी को प्रदान किए। इस अवसर पर भुवनेश्वर के डीसीपी प्रतीक सिंह और खंडगिरि पुलिस स्टेशन के आईआईसी दयानिधि नायक उपस्थित थे। इससे पहले सोआ ने भरतपुर और पाहाल थाने को दो बोलेरो भी उपलब्ध कराई थी। पुलिस आयुक्त श्री प्रियदर्शी ने सोआ के इस कार्यों की जमकर सराहना की और सोआ के संस्थापक अध्यक्ष के सहयोग के लिए पुलिस कमिश्नरेट का आभार व्यक्त किया।

भारत दुनिया की एक बड़ी ताकत बनने की ओर, पश्चिमी देश सोच-समझ कर लगा रहे हैं दांव : मार्टिन वुल्फ

आजाद सिपाही संवाददाता

नयी दिल्ली। भारतीय अर्थव्यवस्था निश्चित रूप से दुनिया में तेजी से एक बड़ी ताकत बनने की ओर अग्रसर है और 2050 तक इसका आकार अमेरिका के बराबर होगा। प्रसिद्ध अर्थशास्त्री और टिप्पणीकार मार्टिन वुल्फ ने यह बात कही है। वुल्फ ने इसके साथ ही कहा कि पश्चिमी देशों के नेता सोच-विचार कर भारत पर दांव लगा रहे हैं। वुल्क ने द फाइनेंशियल टाइम्स में लिखे लेख में कहा कि मैं मानता हूं कि भारत 2050 तक प्रति व्यक्ति सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि को पांच प्रतिशत या इसके आसपास बनाए रख सकता है। बेहतर नीतियों से वृद्धि इससे ऊंची भी रह सकती है। हालांकि, यह इससे कुछ कम भी रह सकती है। उन्होंने कहा कि भारत चीन प्लस वन रणनीति को अपनाने वाली कंपनियों के लिए एक प्रमुख गंतव्य है। बड़े घरेलू बाजार की वजह से इस मामले में अन्य प्रतिद्वंद्वियों की तुलना में भारत लाभ की स्थिति में है।

भारत दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है। क्रय शक्ति के मामले में यह तीसरी सबसे

बड़ी अर्थव्यवस्था है। संयुक्त राष्ट्र का अनुमान है कि 2050 तक देश की जनसंख्या 1.67 अरब पर पहुंच जायेगी। अभी भारत की आबादी 1.43 अरब है। वुल्फ ने कहा कि देश के बैंकों का बही-खाता बेहतर हो गया है। ऋण वृद्धि भी अब बेहतर आकार ले रही है। उन्होंने लिखा कि आगामी दशकों में देश की अर्थव्यवस्था और आबादी दोनों तेजी से बढ़ेगी। इससे भारत, चीन को टक्कर देगा। भारत के पश्चिमी देशों के साथ भी अच्छे संबंध हैं, जो एक अच्छी बात है।

वुल्फ ने कहा कि अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने कभी प्रतिबंधित रहे नरेंद्र मोदी का वॉशिंगटन में गर्मजोशी से स्वागत किया। पेरिस में इमैनुएल मैक्रों ने भी भारतीय नेता को उतनी ही गर्मजोशी से गले लगाया। यह एक ऐसे देश के साथ नजदीकी संबंधों को दशार्ता है, जो चीन के लिए शक्तिशाली प्रतिद्वंद्वी साबित हो सकता है। उन्होंने कहा कि क्या यह पश्चिमी ताकतों का अच्छा दांव है? हां, निश्चित रूप से भारत तेजी से बढ़ती ताकत है। उनके हितों में भी सामंजस्य है।

उन्होंने यह भी कहा कि अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आइएमएफ) ने 2023 से 2028 तक वार्षिक आर्थिक वृद्धि छह प्रतिशत से कुछ अधिक रहने का अनुमान लगाया है, जिसमें प्रति व्यक्ति सकल घरेलू उत्पाद इससे लगभग एक प्रतिशत अंक कम की रफ्तार से बढ़ेगा। वुल्फ ने कहा कि यदि वैश्विक या घरेलू स्तर पर कोई बड़े झटके नहीं लगते हैं, तो यह वृद्धि पिछले तीन दशक के औसत के बराबर होगी। उन्होंने कहा कि भारत एक युवा देश है, जिसके श्रमबल की गुणवत्ता में सुधार की संभावना है, बचत की दर काफी ऊंची है और अधिक समृद्धि की व्यापक उम्मीदें हैं।

वुल्फ ने कहा कि 2050 तक भारत का प्रति व्यक्ति सकल घरेलू उत्पाद (क्रय शक्ति के आधार पर) उसी स्तर पर होगा, जहां आज चीन है। वुल्फ ने यह अनुमान भारत की वार्षिक वृद्धि पांच प्रतिशत तथा अमेरिका की 1.4 प्रतिशत रहने के आधार पर लगाया है। उन्होंने कहा कि भारत की आबादी भी अमेरिकी की तुलना में 4.4 गुना होगी। उन्होंने कहा कि ऐसे में यह कल्पना करना मुश्किल नहीं है कि भारतीय अर्थव्यवस्था का आकार 2050 तक अमेरिका के समान होगा। ऐसे में पश्चिमी नेता समझदारी से भारत पर दांव लगा रहे हैं। इससे पहले भारत की यात्रा पर आए विश्व बैंक के अध्यक्ष अजय बंगा ने बुधवार को कहा था कि घरेलू खपत की वजह से वैश्विक सुस्ती के बीच भारतीय अर्थव्यवस्था मजबूत है। इसकी वजह यह है कि भारत का जीडीपी काफी हद तक स्थानीय मांग पर निर्भर है।

आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित।
संपादक : हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**